संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, मंगलवार, 31 दिसंबर 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



भारी बर्फबारी के बीच शिमला पहुंचे सैलानी।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 18 अंक: 359 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड







आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

### फरार चल रहे ईडी अधिकारी पर शिकायतकर्ताओं ने लगाए आरोप

**शिमला:** हिमाचल में फरार चल रहे एक ईडी अधिकारी पर शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाए हैं। केंद्रीय जांच ब्यूरो ने शिमला में तैनात प्रवर्तन निदेशालय के सहायक निदेशक विशालदीप द्वारा भ्रष्टाचार और जबरन वसूली के आरोपों की एक बड़ी जांच शुरू की है। उन पर प्रवर्तन अधिकारियों के गिरोह के माध्यम से व्यक्तिगत लाभ के लिए अपने पद का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया गया है। विशालदीप ने अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ, कथित तौर पर झूठे घोटाले में फंसाए गए संस्थानों के मालिकों से 25 करोड़ की सामूहिक रिश्वत की मांग की।

### सीएम टायर्ड हैं और रिटायर्ड अधिकारी चला रहे सरकार: तेजस्वी यादव

**सीतामढ़ी:** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार क्या महागठबंधन में वापसी करने जा रहे हैं? यह सवाल इन दिनों प्रदेश के सियासी गलियारों में तैर रहा है। बीते कुछ समय से जोर पकड़ रही ऐसी चचाओं पर अब नेता प्रतिपक्ष और राजद नेता तेजस्वी यादव ने इस पर अपना दो टूक जवाब दे दिया है। बता दें कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इन दिनों दिल्ली गए हुए हैं। तेजस्वी यादव ने इसके साथ ही बीपीएससी छात्रों के प्रदर्शन, उन पर लाठीचार्ज, परीक्षा रद्द कराने की मांग की।

# ...तो भाजपा युवाओं पर लाठीचार्ज करती है: कांग्रेस

- पटना की घटना पर कांग्रेस ने सरकार को घेरा, धांधली छिपाने की खातिर छात्रों पर यह लाठीचार्ज किया

**निंदा की**

**रविवार की रात पटना में छात्रों पर हुआ लाठीचार्ज, कांग्रेस बोली- छात्रों का मनोबल तोड़ने की कोशिश**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: कांग्रेस** ने सोमवार को बिहार की राजधानी पटना में बिहार लोक सेवा आयोग परीक्षा रद्द करने की मांग कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज की निंदा की। पार्टी ने कहा कि बल प्रयोग करके यह छात्रों के मनोबल को तोड़ने की कोशिश है। कांग्रेस ने भाजपा पर देशभर में पेपर लीक माफिया का जाल फैलाने का आरोप लगाया। यह भी कहा कि माफिया युवाओं का भविष्य बर्बाद कर रहा है। पार्टा का आरोप है कि पटना में बीपीएससी अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज पेपर लीक और धांधली को छिपाने की खातिर की गई है।

**युवाओं को चुप कराने की कोशिश:** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर लिखा कि जब धांधली का पता चलता है तो भाजपा बेशर्मी से इनकार करती है या युवाओं पर लाठीचार्ज करके उन्हें चुप कराने की कोशिश करती है।

**खरगे बोले- अमानवीय अत्याचार**

मल्लिकार्जुन खरगे ने लाठीचार्ज का एक वीडियो भी साझा किया। उन्होंने दावा किया कि एनडीए सरकार ने पेपर लीक और धांधली को छिपाने के लिए बिहार में बीपीएससी अभ्यर्थियों पर क्रूर लाठीचार्ज और अमानवीय अत्याचार किया है। उनकी यह प्रतिक्रिया पटना में बीपीएससी परीक्षा रद्द करने के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज के एक दिन बाद आई है।

**दावा- सात साल में 70 पेपर लीक**

खरगे ने आगे कहा कि युवाओं के खिलाफ तानाशाही का इस्तेमाल कर उनका मनोबल तोड़ने की कोशिश बेहद शर्मनाक और निंदनीय है। उन्होंने भाजपा पर पूरे देश में पेपर लीक माफिया का जाल फैलाने का आरोप लगाया।

### लाठीचार्ज पर भड़के प्रशांत किशोर

**टीम एक्शन इंडिया**
**पटना:** जनसुराज के सूत्रधार और चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने बिहार तेज तर्रार महिला आईपीएस अधिकारी व पटना सिटी की एसपी स्वीटी सहरावत को चेतावनी दे दी है। सिटी एसपी स्वीटी सहरावत ने नई-नई नौकरी शुरू की है। मेरा उनको एक सुझाव है कि पुलिस का काम लोगों की सुरक्षा करना है। लोगों डराना पुलिस का काम नहीं है। यह जो पिछले दो बार से लाठचार्ज हो रहा है और नया हीरो बनने की जो आप कोशिश रही हैं। कहीं ऐसा न हो की आपको ही खामियाजा भुगतना पड़े। इतना भी वर्दी का रौब मत दिखाइए कि सबकुछ उल्टा पड़ जाए। उनके आदेश पर ही छात्रों पर लाठियां बरसाई गई। हमलोग पटना सिटी एसपी के खिलाफ मानवाधिकार आयोग जाएंगे। हमलोग इनपर प्राथमिकी दर्ज करवाएंगे। इनको कोर्ट में भी ले जाएंगे। एक-एक का हिसाब किया जा रहा है।



पंजाब में किसान व अन्य संगठनों के आह्वान पर सोमवार सुबह राज्य व्यापी बंद किया, जिसका असर रेलवे पर देखने को मिला।

### पंजाब में सड़क व रेल मार्ग ठप, किसानों की अपील पर बंद का असर

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** पंजाब में किसान व अन्य संगठनों के आह्वान पर सोमवार सुब राज्य व्यापी बंद शुरू हो गया है। राज्य के कई जिलों में बंद का काफी असर देखने को मिल रहा है। किसान फसलों प एमएसपी की गारंटी कानून समेत कई मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। किसान संगठनों द्वारा अमृतसर-दिल्ली और जालंधर-दिल्ली नेशनल हाईवे पर धरना शुरू कर दिया गया है।
चंडीगढ़-दिल्ली मार्ग पर पंजाब के डेराबस्सी तथा हरियाणा के अंबाला से ही वाहनों को डायवर्ट कर दिया गया है।

### स्वास्थ्य क्षेत्र का कायाकल्प करेगी सुक्खू सरकार

**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमला: मुख्यमंत्री** ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज यहां स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र का कायाकल्प करने की दिशा में कार्य कर रही है। प्रदेश के लोगों के स्वास्थ्य लाभ के लिए अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों और मशीनरी की खरीद पर लगभग 1,570 करोड़ रुपये की धन राशि व्यय की जाएगी। उन्होंने कहा कि बीमारी जांच और उपचार के लिए प्रतिवर्ष 9.50 लाख मरीज प्रदेश से बाहर जाते हैं, जिससे सकल घरेलू उत्पाद में 1,350 करोड़ रुपये का नुकसान होता है। यह एक गम्भीर विषय है और वर्तमान प्रदेश सरकार मरीजों को सर्वसुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने और उनके बहुमूल्य धन और समय की बचत के लिए राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं की अधोसंरचना को मजबूत करने पर प्राथमिकता से कार्य कर रही है। ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि चिकित्सा महाविद्यालयों को न्यूरोलॉजी, ओन्कोलॉजी, ऑर्थोपैडिक्स और अन्य विभागों में रॉबोटिक सर्जरी की सुविधा के साथ स्तरोन्नत किया जा रहा है। इससे चिकित्सकों का कार्यभार कम होगा और उपचाराधीन मरीज भी



**समीक्षा**

**उपचार के लिए मरीजों के प्रदेश के बाहर जाने से प्रतिवर्ष सकल घरेलू उत्पाद में 1,350 करोड़ रुपये की हानि**

लाभान्वित होंगे।
आईजीएमसी शिमला और डॉ. राजेन्द्र प्रसाद राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय टांडा में अत्याधुनिक पैट स्कैन और एमआरआई मशीनें स्थापित करने की प्रक्रिया चल रही है और इसे शीघ्र ही जनता को समर्पित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. राधाकृष्णन राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय हमीरपुर में 300 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त कैंसर केयर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस भी स्थापित किया जाएगा।

### सुप्रीम कोर्ट आज करेगा डल्लेवाल के सेहत की समीक्षा



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** जगजीत सिंह डल्लेवाल की अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल 35 दिन से जारी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि बीमार किसान नेता के उपचार और उनकी सेहत ठीक रखने के लिए पंजाब सरकार ने क्या उपाय किए हैं, इसकी समीक्षा 31 दिसंबर को की जाएगी। डल्लेवाल की सेहत मामले में यह जानना भी अहम है कि पंजाब सरकार के अधिकारियों की एक टीम ने 29 दिसंबर को 70 वर्षीय डल्लेवाल के पास गई थी। उन्हें चिकित्सा सहायता लेने के लिए मनाने का प्रयास लगातार किया जा रहा है, लेकिन डल्लेवाल ने इनकार कर दिया। अधिकारियों ने डल्लेवाल से विरोध स्थल से हटने की अपील भी की, लेकिन उन्होंने अनशन खत्म करने से साफ इनकार कर दिया। अब इस मामले में बल प्रयोग की आशंका भी प्रकट की जा रही है। बता दें कि किसान फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी सहित कई मांगों को लेकर विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। केंद्र पर दबाव बनाने के लिए बड़ी संख्या में किसान पंजाब-हरियाणा सीमा पर खनौरी में एकजुट हुए हैं।

**सुनवाई**

**बीमार किसान नेता के उपचार और उनकी सेहत ठीक रखने के लिए पंजाब सरकार ने क्या उपाय किए हैं**

### सीतारमण ने स्वास्थ्य प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को राजधानी नई दिल?ली में स्वास्थ्य एवं शिक्षा क्षेत्र के विशेषज्ञों और प्रतिनिधियों के साथ छठे बजट-पूर्व परामर्श बैठक की। बैठक में केंद्रीय बजट 2025-26 की तैयारियों के हिस्से के रूप में स्वास्थ्य एवं शिक्षा क्षेत्र के प्रतिनिधियों ने सीतारमण को कई सुझाव दिए। बैठक की अध?यक्षता करते हुए सीतारमण ने स्वास्थ्य एवं शिक्षा क्षेत्र के



विशेषज्ञों और प्रतिनिधियों से सुझाव लिए। बैठक में वित्त सचिव, निवेश एवं सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव, आर्थिक मामलों के विभाग और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग तथा स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग के सचिव सहित देश के मुख्य आर्थिक सलाहकार भी मौजूद रहे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आगामी वित्त वर्ष 2025-26 का केंदीय बजट एक फरवरी, 2025 को संसद में पेश करेंगी। बजट पूर्व परामर्श बैठक केंद्रीय बजट को आकार देने से जुड़ा आवश्यक कदम है, जो आर्थिक विकास को बढ़ावा देता है। इन बैठकों में मिले सुझावों से विविध हितधारकों की जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलती है।

### देश शोक मना रहा, राहुल नए साल का जश्न मनाने गए विदेश: भाजपा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर निशाना साधा। पार्टी ने कहा कि जब देश पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर शोक मना रहा है, तो लोकसभा में विपक्ष के नेता नए साल का जश्न मनाने के विदेश चले गए हैं। भाजपा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी ने मनमोहन सिंह का अपमान किया है।

**'कांग्रेस को डॉ. मनमोहन सिंह की परवाह नहीं'**



भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने 'एक्स' पर लिखा, 'जब देश पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर शोक मना रहा है, तब राहुल गांधी नए साल का जश्न मनाने के लिए विदेश जा रहे हैं। देश सात दिन के शोक में है। कांग्रेस को डॉ. मनमोहन सिंह की कोई परवाह नहीं है। उन्होंने जीवनभर उनका अपमान किया और अब भी यही कर रहे हैं। कल कोई भी उनका अस्थि कलश लेने नहीं गया। जैसा कि ताजा खुलासों में सामने आया है कि कांग्रेस ने डॉ. मनमोहन सिंह को भारत रत्न देने से भी इनकार किया। यही इनका असली चेहरा है।'

**आरोप**

**भाजपा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी ने पूर्व पीएम मनमोहन सिंह का अपमान किया**

**'मुंबई हमले की रात पार्टी कर रहे थे राहुल गांधी'**

पूनावाला ने आगे कहा कि राहुल गांधी के लिए 'पर्यटन' कोई नई बात नहीं है। मीडिया से बात करते हुए भाजपा प्रवक्ता ने कहा, 'राहुल गांधी ने विपक्ष के नेता के पद को 'पर्यटन नेता' और 'पार्टी नेता' में बदल दिया है। जब देश डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर शोक मना रहा है, राहुल गांधी पर्यटन और पार्टी के काम के लिए विदेश चले गए हैं, जैसा कि मीडिया में आ रही खबरों में कहा जा रहा है।



## उत्तर मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना संख्याः झाँसी-टीडी-टेन्डर-2024-16R — दिनांकः 28.12.2024

### ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये वरिष्ठ मंडल विद्युत इन्जी. (कर्षण वितरण) झाँसी के निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

**कार्य का नामः** झांसी मण्डल के बीना-धौलपुर खंड में 48 माह की अवधि के लिए स्काडा सिस्टम एवं EMS Setup commissioned for UP Open Access at Remote Control Center (RCC) का व्यापक वार्षिक अनुरक्षण अनुबन्ध का कार्य।

| | |
|---|---|
| अनुमानित लागत (रू): ₹ 13372378.56 | अमानत राशि/बिड सिक्योरिटी (रू): ₹ 216900.00 |

**निविदा बन्द होने की तिथि: 21.01.2025 15:00 pm.**

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 48 माह

- निविदा दिनांक 21.01.2025 को 15.00 बजे तक आन लाईन जमा कर सकेगें।
- पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के बेवसाईट www.ireps.gov.in पर देखें।

2190/24 (A)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

## उत्तर रेलवे

### इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 82245058 | ऑर्थो ओटी टेबल (रीढ़ विस्तार के साथ सिर आराम प्रणाली के साथ कर्षण सेट के साथ) | 01 | 23/01/2025 |

निविदा शर्तें – 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

टेंडर नोटिस सं. 82245058 दिनांकः– 30/12/2024 — 3975/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

### ई–निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क. वि., डी. आर. एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली, भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदायें आमंत्रित करते हैं:–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | 25 केवी एसी ओएचई प्रणाली की निगरानी और लाइव लाईन थर्मल स्कैनिंग के लिए आरएमआईटीआईएस (रूफ माउंटेड इन्फ्रारेड थर्मल इमेजिंग सिस्टम)। |
| 2 | अनुमानित लागत | रु. 48,75,697.66 |
| 3 | बयाना राशि | रु. 97,500/- |
| 4 | ई–निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 09.01 2025 (10:30 बजे) से 23.01.2025 (15:00 बजे तक) |
| 5 | ई–निविदा समापन की अंतिम तथा ई–निविदा खुलने की तारीख और समय | 23.01.2025 (15:00 बजे) |
| 6 | निविदा छपाई की लागत | 07041032 |
| 7 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

निविदा संख्याः 43–क.वि.–नई दिल्ली–2024–25 दिनांकः 27.12.2024 — 3973/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उदघोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मनीष उर्फ मन्नू पुत्रः** मोहन लाल **पताः** मकान नंबर 2, गली नंबर 2, फेस–4 शिव विहार करावल नगर, दिल्ली, ने **FIR No. 214/22 U/s 379/427/511/34 IPC थानाः भजनपुरा, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मनीष उर्फ मन्नू,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मनीष उर्फ मन्नू,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 214/22 U/s 379/427/511/34 IPC थानाः भजनपुरा, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **मनीष उर्फ मन्नू,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.03.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री पंकज राय
DP/16630/NE/2024 जेएमएफसी–01, कमरा नंबर 73, 5वीं मंजिल
(Court Matter) कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **बबली, पत्नीः सत्य प्रकाश, पताः म. नं. 345, भूतल, बीएसईएस पोल नं. एनजेएफ के पास 88, सरस्वती कुंज, नजफगढ़, नई दिल्ली** ने **Ct. Cases/127/2023, U/s 135 Indian Electricity Act, पुलिस थाना बाबा हरिदास नगर, नई दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **बबली** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **बबली** फरार हो गई है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **Ct. Cases/127/2023, U/s 135 Indian Electricity Act, पुलिस थाना बाबा हरिदास नगर, नई दिल्ली** के अभियुक्त **बबली** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.02.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री विनोद कुमार मीना
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, दक्षिण–पश्चिम
विशेष न्यायालय (विद्युत), कमरा नं. 609
DP/17058/DW/2024 द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली

## उत्तर रेलवे

### ई-निविदा सूचना

वर्कशॉप इलेक्ट्रिकल इंजीनियर (आई/सी) उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशॉप, यमुनानगर, हरियाणा-135002, भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, केवल निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाइन मोड के माध्यम से ई–निविदाएं आमंत्रित करता है:–

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | शॉप और स्टोर डिपो के बीच स्क्रैप निस्तारण और नई सामग्री का काम 900 दिनों में आउटसोर्स करना। | | |
| निविदा प्रकार | खुला | बोली प्रणाली | एकल पैकेट प्रणाली |
| निविदा विक्रय समापन तिथि | 22.01.2025 प्रातः 11.30 बजे। | निविदा अपलोड करने की तिथि एवं समय | 30.12.2024 |
| पूर्व-बोली आवश्यक है | नहीं | आज तक प्री-बिड क्वेरी | ना |
| विज्ञापन मूल्य | रु. 18,76,936.52/- सभी कर जीएसटी आदि सहित। | निविदा अनुभाग | टेंडर एवं वर्क्स/ इलेक्ट्रिकल शाखा जगाधरी वर्कशॉप। |
| अग्रिम धन | रु. 37,500 | ऑफर की वैधता | 60 दिन |
| निविदा दस्तावेज़ लागत | Nil (अप्रैल 2022 के भाग-I खंड संख्या 3 के अनुसार) | समापन की अवधि | 900 दिन |
| बोली आरंभ तिथि | 08.01.2025 | बोली समाप्ति तिथि | 22.01.2025 प्रातः 11.30 बजे। |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | उसके बाद किसी भी समय निविदा को बंद किया जा सकता है। निविदाकर्ताओं को उदघाटन के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। निविदा बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोलने का अधिकार रेलवे के पास सुरक्षित है। | | |
| वेबसाइट | www.ireps.gov.in पर जाएं | | |

सं.: 56/डब्ल्यू/इलेक्ट्रिक/24-25/टी/17/स्क्रैप डिस्पोजल — 3980/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# मतदाता सूची से नाम कटवाने की लड़ाई संजय सिंह के घर पहुंची

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: आम** आदमी पार्टी के नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने भाजपा पर उनकी पत्नी अनीता सिंह का नाम वोटर लिस्ट से कटवाने का आरोप लगाया है। अब संजय सिंह के आरोप पर भाजपा ने भी पलटवार किया है। भाजपा नेता अमित मालवीय ने तो सोशल मीडिया पर एक हलफनामा पोस्ट कर दिया है, जिसके आधार पर दावा किया है कि अनीता सिंह दिल्ली नहीं बल्कि उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर की वोटर हैं।

**अमित मालवीय ने आप सांसद को घेरा**

अमित मालवीय ने सोशल मीडिया पर संजय सिंह और उनकी पत्नी अनीता सिंह की एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा कि '2024 के लोकसभा चुनाव में राज्यसभा सांसद और आप नेता संजय सिंह और उनकी पत्नी अनीता सिंह ने दिल्ली में वोट किया था। अनीता सिंह यूपी के सुल्तानपुर की पंजीकृत मतदाता हैं। ऐसे में उनका दिल्ली में किया गया मतदान अवैध और गैरकानूनी है। चुनाव आयोग को इस मामले में कार्रवाई करनी चाहिए।' अमित मालवीय यहीं नहीं रुके और एक अन्य पोस्ट में लिखा कि 'जो आदमी अपनी पत्नी को राजनीति के दलदल में घसीटने से भी न चूके, उससे अधिक गिरा हुआ इंसान और कौन हो सकता है? यह अनीता सिंह, संजय सिंह की धर्मपत्नी का एफिडेविट है, जिसमें वह कह रही हैं कि वह सुल्तानपुर, उत्तर प्रदेश की वोटर हैं। अब जो दिल्ली की वोटर ही नहीं हैं, उनका नाम भला दिल्ली की वोटर लिस्ट से कैसे कटवाया जा सकता है? और यदि उन्होंने एफिडेविट में स्वयं को सुल्तानपुर का वोटर बताया है, लेकिन दिल्ली में भी वोट करती हैं, तो यह कानूनन अपराध है। अब संजय सिंह को तय करना चाहिए कि अपनी पत्नी को और कितना अपमानित करवाना है।' इस पोस्ट के साथ भाजपा नेता ने अनीता सिंह के हलफनामे की प्रति भी सोशल मीडिया पर पोस्ट की।

### भाजपा ने संजय सिंह के आरोपों पर दिया

**संजय** सिंह के आरोपों पर भाजपा दिल्ली के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने भी प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आम आदमी पार्टी पर गंभीर आरोप लगाए। वीरेंद्र सचदेवा ने सवाल उठाया कि दिल्ली में विधानसभा चुनाव से पहले लाखों की संख्या में वोटर्स कैसे बढ़ रहे हैं? सचदेवा ने दावा किया कि संजय सिंह की पत्नी का वोट मधु और सुरेश नामक दो लोगों ने कटवाने का आवेदन दिया है। ये उनका पारिवारिक झगड़ा है और इस बारे में अनीता सिंह से ही पूछा जाना चाहिए कि मधु और सुरेश कौन हैं? भाजपा नेता ने दावा किया कि 2019 के लोकसभा चुनाव में दिल्ली में 1.39 करोड़ मतदाता थे, वहीं 2020 के विधानसभा चुनाव में दिल्ली में मतदाताओं की संख्या 1.48 करोड़ हो गई। 2024 के लोकसभा चुनाव में 1.53 करोड़ मतदाता हैं।

# जिम्स में थ्रीडी प्रिंटिंग तकनीक से कूल्हे की हड्डी से जोड़ा

**ग्रेटर नोएडा :** राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान (जिम्स) में पहली बार थ्रीडी प्रिंटिंग तकनीक से कूल्हे की हड्डी से डॉक्टरों ने जबड़ा जोड़कर मरीज का सफल ऑपरेशन किया। डॉक्टरों ने कई हिस्सों में टूटे जबड़े को कूल्हे की पांच सेंटीमीटर हड्डी से जोड़ दिया है। बुलंदशहर के रहने वाले राहुल नागर का सड़क दुर्घटना में जबड़ा टूट गया था। उन्होंने दिल्ली के अस्पताल में ऑपरेशन कराया, लेकिन ऑपरेशन सफल नहीं हुआ। जबड़े में जो प्लेट डाली गई। वह कुछ दिनों बाद बाहर निकलने लगी, जिससे मरीज को काफी परेशानी होने लगी। वह अपनी परेशानी लेकर जिम्स अस्पताल के दंत विभाग में पहुंचे, जहां उनका सफल ऑपरेशन हुआ। जिम्स में दंत विभाग के विभागाध्यक्ष व मैक्सिलोफेशियल सर्जन डॉक्टर संदीप पांडे ने बताया कि 35 वर्षीय राहुल नागर अपने निचले जबड़े में दर्द की शिकायत के साथ दंत चिकित्सा विभाग में आए थे। 4 महीने पहले उनका सड़क दुर्घटना में जबड़ा कई हिस्सों में टूट गया था। जिसके कारण उनके निचले जबड़े में कई फ्रैक्चर हो गए थे।

# गाजियाबाद पुलिस की अपराधियों के साथ फिर मुठभेड़

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट का अपराधियों के खिलाफ विशेष अभियान जारी है। रविवार रात को पुलिस ने टीलामोड़ व ट्रॉनिका सिटी थाना क्षेत्र में अपराधियों के साथ मुठभेड़ के दौरान दो गौकश समेत तीन अपराधियों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। गिरफ्तार लोगों में एक गौकश संभल तथा दूसरा गौकश मुरादाबाद का रहने वाला है। इन्होंने पिछले दिनों टीला मोर थाना क्षेत्र के काका फार्म हाउस के पास गौकशी करने की घटना कबूल की है। खास बात यह है कि गौकशों के कब्जे से एक तमंचा, दो जिंदा कारतूस, मय खोखा व घटना में प्रयुक्त एक होंडा सिटी गाड़ी तथा गाड़ी की डिग्गी से गौकशी में प्रयुक्त होने वाले औजार व पशु बांधने की रस्सी बरामद हुए हैं। पिछले तीन दिनों की बात करें तो गाजियाबाद पुलिस अलग-अलग मुद्दों में कुल आठ अपराधियों को लंगड़ा कर चुकी है, जबकि कुल 10 अपराधियों की गिरफ्तारी हुई है। एसीपी सलोनी अग्रवाल ने सोमवार को बताया कि कीड़ा टीला मोर पुलिस फरुखनगर रोड पीपल तिराहे के पास चेकिंग कर रही थी। इस दौरान एक होंडा सिटी गाड़ी टीला मोड की तरफ से तेजी से आती दिखाई दी, जिसको रोकने का इशारा किया गया तो कार सवार युवक पुलिस पार्टी को देखकर गाड़ी को तेजी से बाएं तरफ राजपुर गांव की तरफ मुड़कर भागने लगे।

## उत्तर रेलवे

### खुली निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, निदेशक/एडमिन, उत्तर रेलवे नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| क्र. स. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | समापन अवधि | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एडीईएन/एनआरसीएच के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/एनआरसीएच अनुभाग में उत्तर रेलवे केंद्रीय अस्पताल, नई दिल्ली में 24 महीने के लिए सभी अग्निशमन व्यवस्था का संचालन और रखरखाव। | रु. 5368982.96 | रु. 1,07,400/- | 08 माह | 21.01.2025 |

सूचनाः निविदा रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है तथा इसी वेबसाइट पर 21.01.2025 15.00 बजे तक ही भरी जायगी।

पत्र सं:– 128-W-269-O.E.T-08-2024-25-NRCH दिनांकः 27.12.2024 — 3971/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

पत्र सं. 6-SEFile-233787Tender — दिनांक 30.12.2024

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य कारखाना प्रबंधक कार्यालय, रेल कोच नवीनीकरण कारखाना, सोनीपत, उत्तर रेलवे, निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा करते है।

**शुद्धिपत्र 1 : बोली जमा करने की अंतिम तिथि का विवरण**

**निविदा संख्या :– 6-SEFile-233787Tender**

कार्य के दायरे के अनुसार एमएलआर अनुसूची के दौरान 10 शताब्दी कोचों का नवीनीकरण!

**निविदा लागत :** जीएसटी सहित रु. 22849462.68/– (रुपये दो करोड़ अट्ठाईस लाख उन्तालीस हजार चार सौ बासठ और अड़सठ पैसे मात्र)

| कार्यक्षेत्र का नाम | मौजूदा तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|
| निविदा समापन तिथि समय | 27.12.2024 13:00 | 13.01.2025 13:00 |

उपरोक्त निविदा जमा करने की नियत तिथि बढ़ा दी गई है।

3972/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी पूजा,** पत्नीः दिलीप, **पताः** ग्राउंड फ्लोर, प्लॉट नंबर 14–ए के पास परिसर, सैनिक एन्क्लेव, नजफगढ़, **नई दिल्ली–110072, FIR No. 437/2023, U/S: 135 I.E. Act, पुलिस थानाः बाबा हरीदास नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **पूजा,** मिल नही रही है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **पूजा,** फरार हो गयी है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **पूजा, FIR No. 437/2023, U/S: 135 I.E. Act, पुलिस थानाः बाबा हरीदास नगर, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **15.02.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
विनोद कुमार मीना
अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश
DP/17051/DW/2024 (दक्षिण–पश्चिम) विशेष, न्यायालय, (विद्युत)
(Court Matter) कोर्ट नंबर 609 द्वारका जिला कोर्ट, नई दिल्ली

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr. P. C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **श्रीमती मीना पत्नी प्रेम कुमार** निवासीः म. न. 36, एस ब्लॉक, मंगोलपुरी दिल्ली ने सी.सी. संख्या 8431/2017 U/S 138 NI Act. के अंतर्गत **थाना : मंगोलपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **श्रीमती मीना** मिल नही रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **श्रीमती मीना** फरार हो गयी है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रही है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि सी.सी. संख्या 8431/2017 U/S 138 NI Act. **थानाः मंगोलपुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **श्रीमती मीना** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **01.02.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
रितिका जैन,
DP/17105/OD/2024 एल.डी.जे.एम.एफ.सी.–05, (उत्तर पश्चिमी)
(court matter) कक्ष संख्या 105, रोहिणी कोर्ट दिल्ली

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **1.मो. इजराइल पुत्रः** मो. मुलिम, **पताः** कोठी कॉलोनी, दिल्ली, **2.कन्हैया पुत्रः** निताई दास, **पताः** मकान नं. सी–43, शान्ती समिति कोठी कॉलोनी, दिल्ली, **3.जाकिर, पुत्रः** मो. अब्दुल, **पताः** मकान नं. 222, जय हिन्द कॉलोनी, कोढी कॉलोनी, ताहिर पुर, दिल्ली, **4.इदरिश, पुत्रः** अफसर, **पताः** मकान नं. 409, एकता विहार और कोढी कॉलोनी, दिल्ली, **5.मो. फारूक पुत्रः** शेख युसूफ, **पताः** न्यू क्वाटर कोढी कॉलोनी, ताहिरपुर, दिल्ली, **6.नजरूल गाजी पुत्रः** इजहार गाजी, **पताः** मकान नं. 28 कोढी कॉलोनी, दिल्ली, **7. अरजोन पुत्रः** बी राम **पताः** मकान नं. 42, कोठी कॉलोनी, दिल्ली, **8.मो. सफीक पुत्रः** मो. फजल, **पताः** जैन मन्दिर सीमापुरी, दिल्ली, **9.शौकत पुत्रः** मो. गौर अली **पताः** जेजे कॉलोनी, न्यू सीमापुरी, दिल्ली, **10.सतेन्दर पुत्रः** जैना, **पताः** जरहाल अस्पताल के पास झुग्गी खेडा गाँव, दिल्ली ने **FIR No. 458/2015, U/s 12/9/55 G. Act,** थानाः नंद नगरी, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मो. इजराइल, कन्हैया, जाकिर, इदरिश, मो. फारूक, नजरूल गाजी, अरजोन, मो. सफीक, मो. शौकत और सतेन्दर** मिल नहीं रहें है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मो. इजराइल, कन्हैया, जाकिर, इदरिश, मो. फारूक, नजरूल गाजी, अरजोन, मो. सफीक, मो. शौकत और सतेन्दर** फरार हो गयें है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहें है)। इसलिए इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 458/2015, U/s 12/9/55 G. Act,** थानाः नंद नगरी, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **मो. इजराइल, कन्हैया, जाकिर, इदरिश, मो. फारूक, नजरूल गाजी, अरजोन, मो. सफीक, मो. शौकत और सतेन्दरसे** अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.02.2025** को या इससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
DP/17013/NE/2024 सुश्री दिपाक्षी राणा, एलडी, महानगर दण्डाधिकारी–03
(Court Matter) शाहदरा कोर्ट नं. 19, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी हरमिंदर सिंह, पुत्र** श्री. शिव सिंह, **पताः** 1093–बी बसई दारापुर, **नई दिल्ली एवं** बी–2, बी/25, जनकपुरी, **दिल्ली CC No. 5071/2017, U/S: 138/147 NI Act, पुलिस थानाः शालीमार बाग, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **हरमिंदर सिंह,** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **हरमिंदर सिंह,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **हरमिंदर सिंह, CC No. 5071/2017, U/S: 138/147 NI Act, पुलिस थानाः शालीमार बाग, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **01.02.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
एब्बानी अग्रवाल
न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी–03
DP/17083/NW/2024 उत्तर पश्चिम कमरा नं. 107, प्रथम तल
(Court Matter) रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया हैं कि अभियुक्त **आरोपी पंकज भाटी, पुत्रः** स्वर्गीय महेश भाटी, **पताः** ए–65 स्ट्रीट नंबर 7 डीसीएम कॉलोनी, पुलिस बूथ के पास इब्राहिमपुर, बुराड़ी, **दिल्ली FIR No. 1053/2021, U/S: 356/379/411/34 IPC, पुलिस थानाः बुराड़ी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **पंकज भाटी,** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **पंकज भाटी,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **पंकज भाटी, FIR No. 1053/2021, U/S: 356/379/411/34 IPC, पुलिस थानाः बुराड़ी, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.02.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
पायल सिंगल
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–09
DP/16971/N/2024 केन्द्रीय जिला कमरा नं. 286
(Court Matter) तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सुरेश कुमार, पुत्र :** श्री कालू राम **पता :** मकान नं. गली नं. – 1, टोंडा नगर मेन गेट जौहरीपुर, इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के पास, थाना – करावल नगर, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 044175/2018, U/s 411 / 382 / 32 IPC, थानाः बुराड़ी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुरेश कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुरेश कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 044175/2018, U/s 411 / 382 / 32 IPC, थानाः बुराड़ी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सुरेश कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.02.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री पायल सिंगल
DP/16868/N/2024 न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी–09
(Court Matter) कमरा नं. 286, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े–लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं जो कि सविता पत्नी राजबीर निवासी गांव खिजरपुर अहीर तहसील गन्नौर जिला सोनीपत बयान करती हु कि मेरा पुत्र कुलदीप मेरे और मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है और अपनी मनमानी करता है। मैं कुलदीप को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल और संबंध विच्छेद करती हूं । आज के बाद अगर कोई भी कुलदीप से लेन देन या व्यवहार करता है तो यह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी और मेरे परिवार की किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।**

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।




# सरकार बनने पर पुजारियों और ग्रंथियों को मिलेगा 18 हजार

## दिल्ली में उनकी पार्टी के दोबारा चुने जाने पर मिलेगा पुजारियों को महीना

**वेतन**

**इमामों के वेतन का भुगतान करने के मामले में पूछने पर कहा कि उनका वेतन जल्द ही रिलीज कर दिया जाएगा**






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी (आआपा) के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को 'पुजारी ग्रंथी सम्मान योजना' शुरू करने का ऐलान किया। इसके तहत उन्होंने वादा किया कि दिल्ली में उनकी पार्टी के दोबारा चुने जाने पर हिंदू मंदिरों के पुजारियों और सिख गुरुद्वारों के ग्रंथियों को 18,000 रुपये का मासिक भत्ता दिया जाएगा। दिल्ली विधानसभा में आआपा के लिए लगातार चौथी बार चुनाव जीतने की कोशिश कर रहे केजरीवाल ने आज यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इस योजना के लिए कल से रजिस्ट्रेशन शुरू हो जाएगा। मंगलवार को मैं खुद कनॉट प्लेस के हनुमान मंदिर से इसकी शुरूआत करुंगा। उसके बाद दिल्ली के सभी मंदिरों और गुरुद्वारों में भी इसे आगे बढ़ाया जाएगा। आआपा द्वारा यह घोषणा ऐसे समय की गई है जब वह चुनावों में भाजपा और कांग्रेस से मुकाबला करने के लिए खुद को तैयार कर रही है। केजरीवाल ने दोनों पार्टियों पर निशाना साधते हुए उनसे अन्य राज्यों में भी इसी तरह के कल्याणकारी उपायों को अपनाने का आग्रह किया। केजरीवाल ने कहा कि हम जानते हैं कि पुजारी हमारी किस तरह सेवा करते हैं। चाहे हमारे बच्चे का जन्मदिन हो, शादी हो या किसी प्रियजन की मृत्यु, उन्होंने हमेशा हमें भगवान से जोड़ा है। ये वो तबका है जो सदियों से पीढ़ी दर पीढ़ी हमारी परम्पराओं और रीति-रिवाजों को आगे बढ़ाया लेकिन किसी ने उन पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया। यह देश में पहली बार हो रहा है। हमने राष्ट्रीय राजधानी में कई ऐसे काम किए हैं जो पहली बार हुए हैं। हमने स्कूलों और अस्पतालों में सुधार किया और महिलाओं के लिए बस यात्रा की सुविधा दी। मुझे उम्मीद है कि भाजपा और कांग्रेस सरकारें इससे सीख लेंगी और जहां उनकी सरकारें हैं, उन राज्यों में ऐसी योजनाओं को लागू करेंगी। रोहिंग्याओं के मुद्दे से जुड़े एक सवाल के जवाब में केजरीवाल ने कहा केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के पास इसका पूरा डेटा है, वह इसे सार्वजनिक कर दें तो अच्छा रहेगा। उल्लेखनीय है कि जब केजरीवाल यह घोषणा कर रहे हैं तो दूसरी तरफ दिल्ली वक्फ बोर्ड से जुड़े इमामों ने बकाया वेतन की मांग करते हुए केजरीवाल के आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन किया है। ऑल इंडिया इमाम एसोसिएशन ने दावा किया कि इमामों को 17 महीने से वेतन नहीं मिला है। उन्होंने दिल्ली सरकार पर उनकी दुर्दशा की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। हालांकि, इमामों के वेतन का भुगतान करने के मामले में पूछने पर दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि उनका वेतन जल्द ही रिलीज कर दिया जाएगा।

# स्वाति ने किया संगम विहार का दौरा, कहा-यहां के लोग नरक में जी रहे

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल ने सोमवार को दिल्ली के संगम विहार इलाके का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दिल्ली सरकार की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि दिल्ली में आज तक ऐसी बुरी हालत किसी इलाके की नहीं देखी। स्वाति मालीवाल ने दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और आम आदमी पार्टी (आआपा) के संयोजक अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि दिल्ली की जनता गंदगी से परेशान है। दिल्ली सरकार को कोई चिंता ही नहीं है कि वे इलाके का दौरा करें और खुद वहां की भयावह स्थिति को देखें। स्वाति मालीवाल ने सोशल मीडिया एक्स पर वीडियो साझा करते हुए कहा, "ये दिल्ली का संगम विहार इलाका है। यहाँ का हाल ऐसा है कि जनता जीते हुए नर्क भोग रही है। ये दिल्ली की मिडल क्लास जनता है, जिसे ऐसे हाल में जान बूझकर रखा जा रहा है। ऐसा हाल देश के सबसे पिछड़े ज़िलों में भी नहीं होता।" मालीवाल ने कहा कि हालात यह है कि कहीं सड़क नहीं तो कही सीवर बह रहे हैं। पूरे इलाके में बदबूदार पानी पूरे साल जमा रहता है। उन्होंने कहा कि वहां की जनता ने बताया कि कैसे पीने के पानी के लिए भी इनसे पैसे लिये जाते हैं।



नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने सोमवार को उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की।

# रोहिंग्या मुद्दे पर हरदीप पुरी का केजरीवाल पर पलटवार



**झूठ उजागर**

**झूठ को बार-बार दोहराने से वह सच नहीं हो जाता, बल्कि इससे आपकी बेईमानी उजागर होती है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने रोहिंग्याओं को बसाने के दावों को लेकर सोमवार को आम आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर हमला बोला। पुरी ने कहा कि झूठ को बार-बार दोहराने से वह सच नहीं हो जाता, बल्कि इससे आपकी बेईमानी उजागर होती है। उन्होंने आरोप लगाया कि केजरीवाल के विधायक ने रोहिंग्याओं को दिल्ली में बसाने में मदद की और उन्हें मुफ्त राशन, पानी, बिजली और वोटर कार्ड मुहैया कराए। हरदीप पुरी ने एक्स पोस्ट में कहा, झूठ की धूप से तो बर्फ भी नहीं पिघलती, सच तो फिर भी चट्टान की तरह होता है। एक ही झूठ को बार-बार फैलाने से वह सच में तो बदलेगा नहीं...हां आपके झूठे होने का बार-बार प्रमाण जरूर देगा। सच्चाई यह है कि आज तक कहीं भी किसी भी रोहिंग्या को कोई भी ईडब्ल्यूएस फ्लैट नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल के विधायक ने उन्हें (रोहिंग्या) दिल्ली में बसाकर उन्हें मुफ्त राशन, पानी और बिजली के साथ हर एक को 10 हजार रुपये देकर उनका वोटर कार्ड बनवाया है। क्योंकि रोहिंग्या किस पार्टी के वोटर हो सकते हैं यह पूरे देश को पता है। पुरी ने केजरीवाल पर हमला करते हुए कहा कि इनकी तो फितरत ऐसी है कि ऐसा कोई सगा नहीं, जिसको केजरीवाल ने ठगा नहींकेजरीवाल का रोहिंग्या को बार-बार सपोर्ट करना देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने जैसा है।

# गुप्ता ने एचआईएमएस लागू न करने पर आप की आलोचना की



**सवाल उठाए**

**हेल्थ इन्फॉर्मेशन मैनेजमेंट सिस्टम' (एचआईएमएस) को लागू ना किये जाने पर गंभीर चिंता व्यक्त की**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली सरकार के सभी अस्पतालों में केंद्र सरकार के एनआईसी के फ्री सॉफ्टवेयर 'हेल्थ इन्फॉर्मेशन मैनेजमेंट सिस्टम' (एचआईएमएस) को लागू ना किये जाने पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। इसका क्रियान्वयन नहीं किये जाने के मुद्दे पर केजरीवाल से इस संबंध में 10 सवाल पूछे हैं। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार ने 2016 में घोषणा की थी दिल्ली के अस्पतालों में इस एप्लिकेशन का प्रयोग किया जायेगा ताकि अस्पतालों में आने वाले सभी मरीजों का डाटा डिजिटली सुरक्षित रखा जा सके और मरीजों को भी सुविधा मिल सके, लेकिन ये किया ही नहीं गया। नेता प्रतिपक्ष ने इस मामले में सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए केजरीवाल से निम्न 10 सवाल पूछे हैं । पहला, आखिर पिछले दस साल में केजरीवाल सरकार ने केंद्र सरकार के एनआईसी द्वारा बनाये गये फ्री साफ्टवेयर का क्रियान्वयन अपने सरकारी अस्पतालों में क्यों नहीं किया?, दूसरा 2016 में सरकार ने खुद इसको लागू करने की घोषणा की थी, बावजूद इसके सरकार ने इस योजना को डंडे बस्ते में क्यों डाल दिया? तीसरा दिल्ली के मुख्य सचिव द्वारा इसको लागू करने की अनुशंसा को भी सरकार ने आखिर दरकिनार क्यों कर दिया?, चौथा देश में यदि 738 से ज्यादा सरकारी अस्पतालों में इस साफ्टवेयर का इस्तेमाल किया जा रहा है तो दिल्ली के अस्पतालों के लिए इसका इस्तेमाल क्यों नहीं किया गया? पांचवा क्या ऐसा करने के पीछे सरकार किसी अपने को खास फायदा पहुंचाना चाहती है ? छठा केंद्र सरकार के इस साफ्टवेयर की उपेक्षा कर किसी प्राइवेट एजेंसी को अलग से साफ्टवेयर बनाने के लिए 130 करोड़ का ठेका क्यों दे दिया और बाद में उसे भी निरस्त क्यों कर दिया गया?

# नये मतदाता पंजीकरण के 4.8 लाख फॉर्म जमा




**आवदेन प्राप्त**

**नाम हटाने के लिए 82,450 और मतदाताओं के विवरण में सुधार के लिए 1,71,385 आवेदन प्राप्त हुए हैं**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली**। दिल्ली की मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) आर एलिस वाज ने सोमवार को बताया कि महीने भर चले संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के दौरान चुनाव कार्यालय को नए मतदाता पंजीकरण के लिए करीब 4.8 लाख आवेदन फॉर्म मिले हैं। वहीं मतदाता सूची से नाम हटाने के लिए 82,450 और मतदाताओं के विवरण में सुधार के लिए 1,71,385 आवेदन प्राप्त हुए हैं। दिल्ली में मुख्य निर्वाचन अधिकारी का कार्यालय मतदाता सूचियों का विशेष सारांश संशोधन कर रहा है, जिसकी अर्हता तिथि एक जनवरी, 2025 निर्धारित की गई है। यह प्रक्रिया भारत के चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार की जा रही है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि मतदाता सूचियां सभी पात्र मतदाताओं के लिए अपडेटेड और समावेशी रहें। आर एलिस वाज ने कहा कि पूर्व-संशोधन अवधि के दौरान बूथ स्तर के अधिकारियों द्वारा 20 अगस्त से 18 अक्टूबर तक घर-घर जाकर सत्यापन किया गया। इस प्रक्रिया का उद्देश्य अपंजीकृत पात्र नागरिकों, एक अक्टूबर, 2025 तक 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने वाले संभावित मतदाताओं, साथ ही स्थायी रूप से स्थानांतरित या मृत मतदाताओं और डुप्लिकेट प्रविष्टियों की पहचान करना था। इसके बाद 29 अक्टूबर को मतदाता सूचियों का मसौदा प्रकाशन पूरा हुआ, जिसमें जनता से दावे और आपत्तियां दाखिल करने के लिए आमंत्रित किया गया। इन्हें 28 नवंबर तक स्वीकार किया गया और सभी का 24 दिसंबर तक समाधान कर दिया गया।

# एनआईटी त्रिची ग्लोबल एलुमनाई मीट का आयोजन 4 जनवरी को



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, तिरुचिरापल्ली (एनआईटी त्रिची) के निदेशक डॉ. जी. अघिला ने सोमवार को बताया कि ग्लोबल एलुमनी मीट (जीएएम)-2025 का आयोजन 4 जनवरी को चेन्नई में किया जाएगा। डॉ. अघिला ने एक बयान में बताया कि जीएएम-2025 में टाटा समूह के अध्यक्ष एन. चंद्रशेखरन मुख्य अतिथि और तमिलनाडु के सूचना प्रौद्योगिकी एवं डिजिटल सेवा मंत्री डॉ. पलानीवेल त्यागराजन सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। गूगल में एआई के लिए मुख्य व्यवसाय रणनीतिकार गोपी कल्लयिल कार्यक्रम में मुख्य भाषण देंगे। चंद्रयान 3 के परियोजना निदेशक डॉ. पी वीरमुथुवेल, टाटा स्टील्स के प्रबंध निदेशक, सीईओ टीवी नरेंद्रन सम्मानित अतिथि होंगे। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का नेतृत्व संस्थान के आधिकारिक पूर्व छात्रसंघ आरईसीएएल द्वारा किया जा रहा है। यह सभा दुनिया भर से एनआईटी त्रिची के पूर्व छात्रों को आरईसी/एनआईटी त्रिची की समृद्ध विरासत का जश्न मनाने के लिए एकजुट करेगी। जीएएम का पिछला संस्करण 2020 में आयोजित किया गया था। 930 सीईओ और 1,300 संस्थापकों सहित 48,000 से अधिक पूर्व छात्रों के गतिशील नेटवर्क का दावा करते हुए एनआईटी त्रिची प्रतिभा और नवाचार का एक पावर हाउस है। एनआईटी त्रिची जीएएम 2025 में 20 एकड़ के रिसर्च और इनोवेशन हब के लिए अपने विजन का अनावरण करेगा, जो उद्यमिता और अंतःविषय अनुसंधान को बढ़ावा देने के अपने मिशन में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# डीयू ने सीईएस के लिए आमंत्रित किए आवेदन, 8 जनवरी अंतिम तिथि

**नामांकित**

**नियमित विद्यार्थियों के साथ नामांकित होने और अध्ययन करने का अवसर प्रदान करता है**




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने विश्वविद्यालय के विभागों (द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर) और कॉलेजों (द्वितीय, चतुर्थ और छठे सेमेस्टर) द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024-25 में प्रस्तुत किए जाने वाले पेपरों के लेकर योग्यता संवर्धन योजना (सीईएस) 2024-25 के लिए इच्छुक उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। सीईएस 2024-25 में पंजीकरण के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 8 जनवरी, 2025 है। डीयू की ओर से सोमवार को जारी एक बयान में कहा गया है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुसरण में डीयू सीईएस के तहत किसी भी आयु के शिक्षार्थियों को अपने विभागों और कॉलेजों द्वारा प्रस्तुत मौजूदा पाठ्यक्रमों के नियमित विद्यार्थियों के साथ नामांकित होने और अध्ययन करने का अवसर प्रदान करता है। इस योजना का उद्देश्य उन लोगों के शैक्षिक सपनों को पूरा करना है जिन्हें किन्हीं कारणों से पहले अवसर नहीं मिल पाया था; वह व्यक्ति इस योजना के तहत नवीनतम तकनीक, ज्ञान और नवाचार का उपयोग करके अपने शैक्षणिक और व्यावसायिक कौशल को उन्नत कर सकते हैं। बयान के अनुसार इस योजना के तहत कोई भी व्यक्ति जो मौजूदा पेपर के लिए निर्दिष्ट न्यूनतम पात्रता मानदंड और पूर्व-आवश्यकताएं, यदि कोई हो, को पूरा करता है, उस पेपर के लिए पंजीकरण कर सकता है। किसी भी पेपर में प्रवेश के लिए चयन संबंधित विभागों और कॉलेजों में सीटों की उपलब्धता पर निर्भर है। किसी कोर्स में सीईएस के तहत सीटों को अतिरिक्त माना जाएगा। इच्छुक व्यक्ति विभागों और कॉलेजों द्वारा पेश किए जाने वाले उपलब्ध पेपरों की सूची, पात्रता मानदंड, पंजीकरण और शुल्क संरचना आदि के बारे में विवरण के लिए विश्वविद्यालय के पोर्टल के साथ-साथ विश्वविद्यालय के नोडल समन्वय संस्थान, इंस्टीट्यूट ऑफ लाइफलॉन्ग लर्निंग की वेबसाइट पर सीईएस ई-ब्रोशर से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। सीईएस (2024-25) के तहत विश्वविद्यालय के विभागों और कॉलेजों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले पेपरों के लिए प्रवेश के इच्छुक संभावित उम्मीदवार लिंक के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं।



# आयोग ने 107 दिनों में अभ्यर्थियों के हित में किये कार्य : चेयरमैन हिम्मत सिंह



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढः हरियाणा** कर्मचारी चयन आयोग के चेयरमैन हिम्मत सिंह ने कहा कि उन्होंने 8 जून 2024 को आयोग का पदभार ग्रहण किया, जिसके बाद 18 जुलाई 2024 को आयोग का पुनर्गठन हुआ। आयोग ने इस वर्ष कुल 56830 अभ्यर्थियों के परिणाम जारी किए जिसमें वर्तमान आयोग द्वारा लगभग 36000 परिणाम घोषित किए गए यह उपलब्धि आयोग ने मात्र 56 कार्यदिवस में प्राप्त की। आयोग चेयरमैन हिम्मत सिंह सोमवार को हरियाणा निवास में प्रेस वार्ता को संबोधित कर थे। चेयरमैन ने आयोग द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि सोशल मीडिया का प्रयोग कर अभ्यर्थियों को जागरूक किया एवं अभ्यर्थियों को आयोग की आधिकारिक वेबसाइट से जोड़ा गया। उन्होंने कहा कि आयोग में पहली बार ऐसा हुआ है कि आयोग के किसी भी पदाधिकारी से कोई भी अभ्यार्थी अपनी शिकायत को लेकर फोन अथवा मैसेज के माध्यम से बात कर सकता है। उन्होंने कहा कि आयोग ने कोर्ट में अटकी हुई भर्तियों पर अभ्यर्थियों के हित में मजबूती से अपना पक्ष रखा। आयोग द्वारा निकाली गई 24000 भर्तियों के परिणाम पर 266 केस और टीजीटी परीक्षा परिणाम पर 418 केस दायर हुए जिसपर आयोग तीव्रता से कार्यवाही कर रहा है। आयोग ने मात्र 56 दिन में 28 परीक्षाओं को सम्पन्न कराया। आयोग द्वारा अब बची हुई परीक्षाएं भी जल्द आयोजित कराई जाएंगी। राज्य में सबसे बड़ा परिणाम 24000 अभ्यर्थियों का जारी किया गया।

**योजना**

**⏩ आयोग द्वारा भविष्य के लिए योजना बनाई है जिसके तहत वार्षिक परीक्षा कैलेंडर बनाएंगे**

प्रति वर्ष की अपेक्षा में इस वर्ष कुल 56830, सबसे ज्यादा युवाओं को रोजगार दिया गया है। प्रति वर्ष के अनुसार डेटा इस प्रकार है: 2015 में 2780 पदों पर, 2016 में 2229 पदों पर, 2017 में 8403 पदों पर, 2018 में 20141 पदों पर, 2019 में 34649 पदों पर 2020 में 8694 पदों पर, 2021 में 3651 पदों पर, 2022 में 16366 पदों पर, 2023 में 838 पदों पर चयन हुआ। उन्होंने कहा कि आयोग में पहली बार ऐसा हुआ है कि आयोग के चेयरमैन स्वयं आयोग के गेट पर आकर अभ्यर्थियों की शिकायत को सुनते है एवं उन शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित भी किया जाता है। चेयरमैन हिम्मत सिंह ने कहा कि आयोग द्वारा भविष्य के लिए योजना बनाई है जिसके तहत वार्षिक परीक्षा कैलेंडर बनाएंगे। शिकायत हेतु ग्रीवेंस पोर्टल लॉन्च होगा जिस पर निस्तारण का समय तय होगा एवं अभ्यर्थियों को हर एक प्रतिक्रिया की जानकारी मैसेज द्वारा समय समय पर मिलती रहेगी यदि कोई अभ्यर्थी हमारे दिए गए निस्तारण से सहमत नहीं होगा तो वह उस शिकायत पर पुनः शिकायत करने में सक्षम होगा। कोर्ट केस के लिए समाधान शिविर लगाए जाएंगे।

# परीक्षा फॉर्म पर 18 फीसदी जीएसटी वसूल रही है सरकार: कुमारी सैलजा

**साधा निशाना**

**⏩ परीक्षा फॉर्म के नाम पर 18 फीसदी जीएसटी वसूल कर युवाओं के जख्मों पर नमक जरूर छिड़क रही**



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढः** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने परीक्षा फॉर्म पर 18 फीसदी जीएसटी वसूलने को लेकर भाजपा और केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा युवाओं को नौकरी तो दे नहीं सकती है पर परीक्षा फॉर्म के नाम पर 18 फीसदी जीएसटी वसूल कर युवाओं के जख्मों पर नमक जरूर छिड़क रही है। उन्होंने कहा कि जो सरकार कफन पर भी जीएसटी वसूल कर सकती है उससे और भला क्या उम्मीद की जा सकती है। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार की लापरवाही से हर परीक्षा में पेपर लीक होते रहे है।
सरकार को युवाओं के भविष्य की कोई चिंता नहीं है जबकि युवा ही देश का भविष्य होते हैं। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने परीक्षा फॉर्म पर जीएसटी लगाने को लेकर भाजपा नीत केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने उन माता-पिता के सपनों को आय का साधन बना दिया है, जो अपने बच्चों को परीक्षा की तैयारी कराने के लिए एक-एक पाई बचाते थे। उन्होंने कहा कि वायदा करके भी भाजपा सरकार युवाओं को नौकरी तो नहीं दे सकती, लेकिन परीक्षा फॉर्म पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाकर घावों पर नमक छिड़कने का काम जरूर कर रही है। अग्निवीर समेत हर सरकारी नौकरी के फॉर्म पर जीएसटी लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि फॉर्म भरने के बाद अगर सरकार की विफलता या भ्रष्टाचार के कारण पेपर लीक हो जाता है, तो युवाओं का यह पैसा बर्बाद हो जाता है।

## न्यूज फ्लैश

### सरदार पटेल कराटे कप प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतने पर बधाई : सावित्री

**टीम एक्शन इंडिया**
**हिसार।** हाल ही में अहमदाबाद में हुई सरदार पटेल कराटे प्रतियोगिता में हिसार के खिलाड़ियों द्वारा गोल्ड मेडल जीतने पर विधायक सावित्री जिंदल ने सभी खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकमनाएं देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में अभूतपूर्व एवं ऐतिहासिक जीत दर्ज कर प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश में नाम रोशन कर गौरवान्वित किया है। इसके लिए सभी खिलाड़ी बधाई के पात्र हैं। सम्मान समारोह में अपने संबोधन में सावित्री जिंदल ने सोमवार को कहा कि सभी खिलाड़ियों ने प्रतिभा और टीम वर्क का बेहतरीन प्रदर्शन किया है। इस तरह मेडल जीतने पर खिलाड़ियों में नई उर्जा और प्रेम भावना जागृत होती है। इस अवसर पर जिला कराटे संघ हिसार के अध्यक्ष मनीराम गुर्जर, कराटे कोच हरिश सिराधना, समाजसेवी कमल ढांडा, डॉ. सुमित गुर्जर, सत्यनारायण पप्पू सैनी, अंतरराष्ट्रीय कराटे खिलाड़ी आरूषि सैनी, रामनिवास बागड़, विपुल गुर्जर, साहित खिलाड़ियों के अभिभवावक सहित अन्य लोग मौजूद थे। कराटे संघ के अध्यक्ष मनीराम गुर्जर ने विधायक सावित्री जिंदल का आभार प्रकट किया और अपने अभिभाषण में कहा कि हिसार के बच्चों को कराटे संघ की ओर से हमेशा प्रेरित किया जाता है और इन खिलाड़ियों के लिये किसी सुविधा की कोई कसर नहीं रहने देंगे।

### हिसार : नव वर्ष पर हुड़दंग करने वालों पर पुलिस सख्त, होगी कार्रवाई : शशांक सावन

**टीम एक्शन इंडिया**
**हिसार।** जिला पुलिस ने नव वर्ष उत्सव मनाने के मद्देनजर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के व्यापक प्रबंध किए हैं। पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने आमजन से अपील की है कि सभी नागरिक नव वर्ष उत्सव को बड़ी धूमधाम और शांतिपूर्वक मनाएं।पुलिस अधीक्षक शशांक सावन ने सोमवार को कहा कि प्राय: देखने में आया है कि कुछ असामाजिक तत्व शराब व अन्य नशा करके सार्वजनिक स्थानों पर हुड़दगबाजी करते हैं, जो गलत है। इन्हीं असामाजिक तत्वों से निपटने के लिए जिले के सभी थाना प्रबंधकों व चौकी प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि उनके अधिकार क्षेत्र में पड़ने वाले होटल, बार, धर्मशाला, पार्क, सिनेमा हॉल, मुख्य बाजार, रेलवे स्टेशन, बस स्टेंड पर कड़ी निगरानी रखेंगे तथा पीसीआर व राइड़र से भी अपने-अपने इलाकों में प्रभावी पैट्रोलिंग करवाएंगे। उन्होंने कहा कि मानकों से अधिक ऊंची आवाज में डीजे साउंड या पटाखे बजाने वालों के खिलाफ ध्वनि प्रदूषण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही खुफिया तंत्र एवं सादे कपड़ों में पुलिस कर्मचारी व महिला पुलिस कर्मचारियों की विशेष टीमें अलग अलग इलाकों में निगरानी करती रहेगी।पुलिस अधीक्षक ने आम जनता से अपील की है कि इस अवसर पर होने वाले कार्यक्रमों को सादगी व शालीनता से मनाएं और नववर्ष के लिए विशेष लक्ष्य निर्धारित करें। इसके अतिरिक्त तेजगति से वाहन चलाने वाले, हुड़दंगबाजी कर शांति भंग करने वालों और शराब पीकर वाहन चलाने वालों से सख्ती से निपटने के लिए पूरे जिले में स्थाई नाकों के अलावा अलग से नाकाबंदी की जाएगी। साथ ही पुलिस को अल्को-सेंसर की सहायता से ट्रैफिक चैंकिग के भी निर्देश दिए हैं।

### फरीदाबाद : लूट मामले में तीसरे आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**टीम एक्शन इंडिया**
**फरीदाबाद:** लूट के मामले में अपराध शाखा सेक्टर-30 की टीम ने तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि सोनू निवासी सरस्वती बस्ती पार्ट-2 सेक्टर-91 ने पुलिस चौकी सेक्टर-16 में एक शिकायत दी, जिसमें उसने बताया कि वह अपनी गाडी स्फिट डिजायर को ओला कम्पनी में चलाता है। 12/13 नवम्बर की रात उसकी गाडी को ओल्ड रेलवे स्टेशन दिल्ली से फरीदाबाद सेक्टर-16 ए के लिए बुक कराया गया था। जब वह गाडी को ग्रांड कोलम्बस स्कूल सैक्टर 16ए फरीदाबाद के सामने पहुंचा तथा सवारियों को उतारा तो उनमें से एक आरोपी ने कट्टा दिखाया और उनके द्वारा लगभग 15000/-रुपए, मोबाइल फोन व लॉकेट लूट लिया। जिसकी शिकायत पर थाना सेक्टर-17 में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया। मामले में कार्यवाही करते हुए अपराध शाखा सेक्टर-30 की टीम ने तीसरे आरोपी नीरज मण्डल वासी गांव अमहरा विहार वर्तमान में गांव रोहद जिला झज्जर को अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर टप्पल अलीगढ़ से गिरप्तार कर लिया है।

# प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार मुक्त एवं पारदर्शी सुशासन के लिए प्रतिबद्ध: राणा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढः** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में बनी प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार मुक्त एवं पारदर्शी सुशासन के लिए प्रतिबद्ध हैं। वर्तमान सरकार ने शासन-प्रशासन में फैले भ्रष्टाचार व भाई-भतीजावाद को समाप्त कर प्रदेश को नई दिशा प्रदान की है। आज हरियाणा देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में सबसे आगे खड़ा है। विकास व शासन व्यवस्था से प्रभावित होकर देश के अन्य राज्य भी हरियाणा की नीतियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का अनुसरण कर रहे हैं। प्रदेश सरकार की बेहतरीन सोच का कारण ही है सरकार ने प्रदेश से भ्रष्टचार को जड़ से समाप्त करने के लिए सरल पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन जोड़कर सभी योजनाओं का लाभ समाज के अन्तिम



पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाया है। इसी सोच एवं नीतियों से प्रभावित होकर प्रदेश की जनता ने सरकार की नीतियों एवं योजनाओं की बदौलत तीसरी बार प्रदेश की बागडोर सौंपी है। कृषि मंत्री श्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि वे भी किसान परिवार से ताल्लुक रखते हैं और किसानों की कृषि से संबंधित दिक्कतों के बारे भली-भांति परिचित है। उन्होंने बताया कि हरियाणा देश का ऐसा एकमात्र राज्य है जिसने केन्द्र सरकार द्वारा तय किए गए न्यूनतम समर्थन पर सभी 24 अधिसूचित फसलों की खरीद करने का निर्णय सबसे पहले लिया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार की नीति एवं सोच यही रही है कि किसान की आमदनी को कैसे बढ़ाया जाए और किसानों की आमदनी को दोगुना करने के लिए हमारी सरकार ने किसानों के हित में

**जनकल्याणकारी**

**⏩ सरकार ने सरल पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन जोड़कर सभी योजनाओं का लाभ समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाया है**

अनेकों जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई है, सरकार द्वारा किसानों को बीज, खाद के साथ-साथ कृषि यंत्रों पर अनुदान उपलब्ध करवाया जा रहा है। मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल के माध्यम से अनुदान राशि सीधे किसानों के खाते में जमा करवाई जाती है। हरियाणा देश का ऐसा प्रथम राज्य है, जहां किसानों की सबसे अधिक फसलें एमएसपी पर खरीद की जा रही है। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा कृषि क्षेत्र के साथ-साथ अन्य विकास के क्षेत्रों में भी अग्रणी राज्य बना है। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सानिध्य में हरियाणा दस साल से लगातार सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के साथ-साथ प्रगति के स्वर्णिम पथ पर अग्रसर हो रहा है। देश व प्रदेश की डबल इंजन की सरकार की संयुक्त नीतियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं ने देश व प्रदेश में नए आयाम स्थापित किए है। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बनी केन्द्र सरकार ने अपने साढ़े दस साल के कार्यकाल में देशहित में ऐसे ऐतिहासिक निर्णय लेने के साथ-साथ जनकल्याण की असंख्य योजनाएं लागू कर देश की दशा-दिशा सुधारने का बहुत बड़ा कार्य कर देश को विश्व के अग्रणी देशों की श्रेणी में शुमार कर बहुत बड़ा कीर्तिमान स्थापित किया है।

# श्रीमद्भागवतगीता में जीवन के हर प्रश्न का समाधान : अनिल विज

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता हमारा अमूल्य ग्रंथ है, जो जीवन के किसी भी मुकाम पर यह बताती है कि हमें क्या करना चाहिए और क्या नहीं। इसके अध्यायों और श्लोकों में हर परिस्थिति का समाधान विस्तार से बताया गया है। गीता के ज्ञान को जीवन में उतारकर सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि गीता मोक्ष का मार्ग दिखाती है और स्वामी ज्ञानानंद महाराज इसके संदेश को जन-जन तक पहुंचाने में



सराहनीय भूमिका निभा रहे हैं। अनिल विज श्री कृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार के तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय दिव्य गीता सत्संग के तृतीय दिवस पर अंबाला में श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिड्ढा भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। डॉ. कृष्ण मिड्ढा ने युवाओं से आग्रह किया कि वे गीता का अध्ययन करें और इसे अपने जीवन में धारण करें। उन्होंने गीता को मानवता के लिए भगवान श्री कृष्ण का अनुपम वरदान बताया। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने श्रद्धालुओं को कर्म, भक्ति और ज्ञान के आदर्श अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि गीता का अध्ययन जीवन के समस्त कष्टों का समाधान है और इससे सच्ची शांति और आनंद की प्राप्ति होती है।

## हर समस्या का समाधान सरकार की प्राथमिकता: कुमार

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा में सामाजिक न्याय, सशक्तिकरण, अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय (सेवा) मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने सोमवार को पानीपत में जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि आम व्यक्ति के साथ न्याय करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है।
जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में जो शिकायतें पहुंचती है उनके समाधान का प्रशासन के सहयोग से प्रयास किया जाता है।

# सीवर मेन हॉल के ढक्कनों की क्वालिटी जांच के आदेश




**टीम एक्शन इंडिया**
**फरीदाबाद:** नगर निगम आयुक्त ए मोना श्रीनिवास ने कहा की हरियाणा सरकार द्वारा रोजाना समाधान शिविर लगाकर शिकायत लेकर आने वाले प्रत्येक प्रार्थी की शिकायतों को प्राथमिकता से सुनकर उनका निवारण किया जा रहा है।
सोमवार को नगर निगम परिसर में लगे समाधान शिविर में नगर निगम आयुक्त ए मोना श्रीनिवास ने समाधान शिविर में आई सीवर के मैंन हॉल के ढक्कनों को बार बार टूटने की शिकायत पर सख्ती दिखाते हुए सम्बंधित अधिकारियों से जाँच के आदेश दिए हैं।
बता दें की लगभग 20 दिन में एक व्यक्ति दूसरी बार ढक्कन टूटने की शिकायत लेकर समाधान शिविर में आया था उसी मामले में संज्ञान लेते हुए नगर निगम के एडिशनल कमिश्नर को इस मामले में 7 दिन के अंदर मेनहॉल ढक्कनों के मैटीरियल की जाँच कराने और कमी पाए जाने वाले संबंधित ठेकदार पर कार्यवाही के आदेश दिए हैं।
समाधान शिविर में भारत कालोनी और पर्वतीया कालोनी में सीवरेज समस्याओं से संबंधित शिकायत में भी संबंधित जेई पर कार्यवाही के आदेश दिए गए। इस मामले में शिकायत लेकर आए प्रार्थी ने नगर निगम कमिश्नर को शिकायत में बताया था की उनकी गली में सीवर ओवर फ्लो रहता है और उन्हें प्राइवेट सेफ्टी टैंक मंगा के सफाई करवानी पड़ती है। प्रार्थी की इस शिकायत पर संबंधित जेई ने पिछले दो महीने से सुनवाई नहीं की थी।

**निवारण**

**⏩ शिकायत लेकर आने वाले प्रत्येक प्रार्थी की शिकायतों को प्राथमिकता से सुनकर निवारण किया जा रहा**

# दादूपुर-नलवी नहर डी-नोटिफिकेशन को किया रद्द

**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर।** हरियाणा एवं पंजाब उच्च न्यायालय के द्वारा हरियाणा सरकार के दादूपुर-नलवी नहर के डी-नोटिफिकेशन कानून 101 ए को असंवैधानिक करार देते हुए रद्द कर दिया और किसानों के हक में निर्णय दे दिया। जिसके चलते जहां अब एक ओर किसानों को बकाया मुआवजे की रकम मिलेगी, वहीं दूसरी ओर इस नहर के फिर से चालू होने से 223 गांवों के लोगों को सिंचाई के लिए पानी का भी लाभ मिलेगा। सोमवार को दादूपुर-नलवी संघर्ष समिति यमुनानगर के द्वारा अनाज मंडी में अपने कार्यालय पर एक पत्रकार वार्ता का




आयोजन किया गया, जिसमें समिति के अध्यक्ष कश्मीर सिंह ढिल्लों ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि दादूपुर-नलवी नहर को लेकर हरियाणा सरकार द्वारा जो डी- नोटिफिकेशन का 101ए के तहत कानून पारित किया गया था, उसको लेकर हरियाणा एवं पंजाब उच्च न्यायालय के द्वारा 20 दिसंबर 2024 को अपने आदेश में रद्द कर दिया गया है। जहां अब एक और किसानों को अपने मुआवजे की बकाया राशि मिलेगी, वहीं नहर के भी दोबारा शुरू होने पर 223 गांव के लोगों को सिंचाई के लिए पानी भी मिलेगा। उन्होंने बताया कि सन 2004-2005 में दादूपुर-नलवी नहर का कार्य शुरू हुआ था और 2008-2009 से इस नहर में पानी चालू कर दिया गया था जो लगातार 2017 तक चलता रहा। उन्होंने बताया कि यह नहर 50 किलोमीटर तक की बनाई गई। इसमें 1026 एकड़ भूमि को अधिकृत किया गया था। उस समय सरकार द्वारा भूमि मालिकों को 5 लाख से लेकर 14 लाख रुपये तक प्रति एकड़ मुआवजा राशि दी गई थी। इसको लेकर हमने 2005 से कम मुआवजा राशि देने और बाजार भाव के अनुसार राशि देने की भी लड़ाई लड़ी।

# हाईकोर्ट के आदेश पर सोनीपत तहसील में अवैध बूथों पर प्रशासन का नोटिस

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत:** सोनीपत तहसील परिसर में अवैध रूप से संचालित वसीका नवीसों के खोखों पर जिला प्रशासन ने सोमवार को नोटिस चस्पा किया। इसके बाद तहसील में हड़कंप मच गया। वसीका नवीस और उनके सहयोगियों ने डीसी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपा। उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि हाईकोर्ट के आदेशों का पालन करते हुए बिना लाइसेंस के काम करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। संयुक्त सब-रजिस्ट्रार एवं तहसीलदार ने तहसील परिसर में कार्यरत अवैध वसीका नवीसों को नोटिस के जरिए चेतावनी दी है। नोटिस में कहा गया है कि तहसील परिसर में अवैध रूप से काम करके नागरिकों से अनावश्यक शुल्क वसूला जा रहा है। वैध खोखों के लिए 6 गुणा 8 फुट का साइज तय किया गया है, और निर्धारित दरें प्रदर्शित करनी होंगी। किसी भी अनियमितता पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने बताया कि केवल लाइसेंसधारी वसीका नवीस और स्टांप वेंडर को ही तहसील परिसर में काम करने की अनुमति है। उन्होंने कहा कि अवैध व्यक्तियों के कारण नागरिकों को धोखे और गलत कार्यों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने चेतावनी दी कि निर्धारित दर से अधिक पर स्टांप पेपर बेचने की शिकायत पर तुरंत कार्रवाई होगी। तहसील में भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों के लिए सचिवालय में समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। नागरिक लिखित शिकायत दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग कर सकते हैं। इधर नोटिस जारी होने के बाद अवैध खोखाधारकों ने बैठक कर हड़ताल की चेतावनी दी।

# हरियाणा में 41 लाख लोग बनें भाजपा के सदस्य: मोहनलाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़। संगठनात्मक** चुनाव की तैयारियों में जुटी भारतीय जनता पार्टी ने संगठनात्मक चुनाव का शैड्यूल तैयार कर लिया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने चंडीगढ़ में प्रेसवार्ता कर बताया कि 1 जनवरी से 5 जनवरी तक सभी बूथों पर कमेटियां बनाने का अभियान चलेगा और 6 जनवरी से 12 जनवरी तक मंडल अध्यक्ष बनाने की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने इसी दौरान बड़ी जानकारी देते हुए कहा कि हरियाणा सरकार के मंत्री सप्ताह में तीन दिन भाजपा कार्यालय चंडीगढ़ में बैठेंगे और लोगों की समस्याओं को सुनेंगे। प्रेसवार्ता के दौरान प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता, प्रदेश



महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, भाजपा प्रदेश मीडिया सह प्रभारी संजय आहुजा, भाजपा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी नवीन गर्ग मौजूद रहे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि अब तक भाजपा के 41 लाख सदस्य बन चुके हैं। सदस्य बनाने की पूरी प्रक्रिया डिजिटल माध्यम से हुई है और पार्टी के पास सभी कार्यकताओं का डाटा है। उन्होंने यह भी कहा कि अब तक 31 हजार से ज्यादा सक्रिय सदस्य बन चुके हैं। श्री बड़ौली ने कहा कि जब तक चुनाव की प्रक्रिया चलेगी तब तक साधारण सदस्य भी बनते रहेंगे और हम 50 लाख सदस्य बनाने का टारगेट पूरा करेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश के 20 हजार 629 बूथों पर तीन-तीन सक्रिय सदस्य बनाने की योजना है। श्री बड़ौली ने कहा कि संगठन पर्व का अब तीसरा चरण चल रहा है। संगठन के चुनाव कराने के लिए चुनाव की टीम गठित कर ली गई है। चुनाव के लिए प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता को प्रदेश प्रभारी के तौर पर नियुक्त किया है। इसी तरह से जिलों और मंडलों की टीम भी बना ली गई है। श्री बड़ौली ने कहा कि प्रदेश के 4390 शक्ति केंद्रों पर सहायकों की नियुक्ति करते हुए बूथ तक की जिम्मेदारी तय की है। उन्होंने यह भी कहा कि हमारी पार्टी की जो रचना और योजना है उसके अनुसार जिस बूथ पर 50 सदस्य नहीं होंगे वहां पर चुनाव नहीं होगा। संगठनात्मक चुनाव के आगे की प्रक्रिया के बारे में बताते हुए श्री बड़ौली ने कहा कि मंडलों का विस्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि पहले प्रदेश में 313 मंडल थे जोकि अब बढ़ाकर 376 कर दिए हैं। बूथ की रचना के बाद 6 जनवरी से 12 जनवरी तक मंडल अध्यक्ष बनाने की प्रक्रिया चलेगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हमारा लक्ष्य संगठन को और अधिक मजबूत बनाना है।

# भाजपा विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी: कृष्ण गर्ग

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। संगठनात्मक** दृष्टि से पार्टी की मजबूती एवं संगठनात्मक चुनावों को लेकर करनाल भाजपा जिला कार्यालय में कर्ण मंडल करनाल के प्रमुख कार्यकताओं की बैठक कर्ण मंडल अध्यक्ष साहिल मदान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। कर्ण मंडल की इस संगठनात्मक बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में नगर निगम करनाल के पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर एवं कर्ण मंडल चुनाव प्रभारी कृष्ण गर्ग के अतिरिक्त हरियाणा के पूर्व उद्योग मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता शशि पाल मेहता, भाजपा जिला महामंत्री सुनील गोयल, जिला उपाध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद रजनी प्रोचा, भाजपा जिला



मीडिया प्रभारी डा. अशोक कुमार, वरिष्ठ भाजपा नेत्री निर्मला सदर, कर्ण मंडल महामंत्री मुदित आर्यन, अजय कश्यप एवं सुनील ग्रोवर, रमेश मिड्ढा, सुनील मदान, अमित खुराना एवं मंडल सचिव आकाश अरोड़ा मौजूद रहे। मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद कृष्ण गर्ग ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी है। उन्होंने पार्टी को सर्वोच्च बनाने में कार्यकताओं की भूमिका को विशेष रूप से महत्वपूर्ण बताया और कहा कि भाजपा की सफलता उनके कार्यकताओं के समर्पण और मेहनत के कारण ही संभव हो पाई है। उन्होंने कार्यकताओं से आग्रह किया कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा की नीतियों की अहमियत लोगों तक पहुंचाएं, ताकि अधिक से अधिक लोग पार्टी से जुड़ें। चुनाव प्रभारी कृष्ण गर्ग ने बताया कि मंडल स्तर के चुनाव की प्रक्रिया फाइनल हो गई है। 1 जनवरी से 5 जनवरी तक बूथ कमेटियां बना ली जाएंगी। 6 जनवरी से 12 जनवरी तक मंडलों के चुनाव होंगे। कर्ण मंडल अध्यक्ष साहिल मदान ने कहा कि भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है, जहां परिवारवाद की कोई जगह नहीं है। पार्टी में कार्यकर्ता ही अपनी मेहनत से प्रदेश अध्यक्ष, मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री तक का सफर तय करते हैं। उन्होंने कार्यकताओं से अपील की कि वे घर-घर जाकर पार्टी की डबल इंजन सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं को साझा करें, ताकि अधिक से अधिक लोग भाजपा परिवार का हिस्सा बनें।

# सीआईए पुलिस में दो युवकों को गांजा सहित गिरफ्तार किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। सीआईए पुलिस** ने गुप्त सूचना के आधार पर दो युवकों को गांजा पत्ती सहित गिरफ्तार किया है। दोनों से 10 किलो 240 ग्राम गांजा पत्ती बरामद की है। सतनाली पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की। महेंद्रगढ़ सीआईए पुलिस टीम 29 दिसंबर शाम नजदीक रेलवे अंडरपास कादमा रोड सतनाली गश्त पर थी। तभी मुखबिर ने सूचना दी थी सौरभ उर्फ काजलिया उर्फ काजू वासी सतनाली व अमित उर्फ मीतू वासी सिलारपुर गांजा पत्ती बेचने का काम करते हैं। आज वे दोनों कहीं से गांजा पत्ती खरीद कर ला रहे हैं। पत्थर मार्किट कच्चा रास्ता लाईन पार से होते हुए सौरभ के घर सतनाली आएंगे। अगर नाकाबंदी की जाए तो गांजा पत्ती सहित दोनों को गिरफ्तार किया



जा सकता है। पुलिस ने तुरंत रेडिंग पार्टी तैयार कर मुखबिर के द्वारा बताए गए स्थान पर जाकर देखा तो, दो नौजवान लड़के अपने हाथों में बैग लिए प्लांट की चार दिवारी पर बैठकर बीड़ी पीते हुए दिखाई दिए। दोनों लड़कों को काबू कर नाम पता पूछा तो पहले ने अपना नाम सौरभ उर्फ काजलिया उर्फ काजू और दूसरे ने अपना नाम अमित रूप मीतू बताया। पुलिस ने दोनों बैगों की तलाशी ली तब सौरभ के बैग से 5 किलो 70 ग्राम गांजा पत्ती व अमित के बैग से 5 किलो 170 ग्राम गांजा पत्ती बरामद हुई। टोटल 10 किलो 240 ग्राम गांजा पत्ती मिली। सतनाली पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

# कार्यकारी अभियंता कूड़ा निस्तारण प्रक्रिया पर रखें पूर्ण निगरानी: वैशाली

**एक्शन मोड**

**नगर निगम व नगर पालिका अधिकारियों तथा सुगम स्वच्छता एजेंसी को निर्देश जारी किए**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। स्वच्छता रैंकिंग** में करनाल को देश के शीर्ष स्वच्छ शहरों में लाने के लक्ष्य तथा ठोस अपशिष्ट के निस्तारण को लेकर नगर निगम आयुक्त एक्शन मोड में काम कर रहे हैं। सोमवार को कलस्टर हैड एवं नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने इस विषय को लेकर करनाल कलस्टर की मासिक समीक्षा बैठक कर नगर निगम व नगर पालिका अधिकारियों तथा सुगम स्वच्छता एजेंसी को निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि कूड़ा मुक्त शहर की रेटिंग को लेकर इस बार 5 स्टार रेटिंग तथा वाटर प्लस हासिल करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने निर्देश दिए कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के सभी पैरामीटर्स पर बारिकी से काम किया जाए, कोई भी बिन्दू छूटना नहीं चाहिए। शहर की सफाई हो सवोच्च प्राथमिकता-उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर की साफ-सफाई को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखा जाए। उन्होंने निगम अधिकारियों तथा नगर पालिका सचिवों से कहा कि कार्यालय आते समय शहर की साफ-सफाई को चेक किया जाए। इसके लिए शहरवासियों से भी बात की जाए, कोई समस्या सामने आए तो उसका समाधान करवाया जाए। उन्होंने कहा कि शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर से बेहतर किया जाए। कूड़े को पृथक्करण करने पर दिया जोर-हर घर से गीला और सूखा कूड़ा अलग-अलग एकत्र किया जाए, आज की समीक्षा बैठक में निगमायुक्त ने फिर से जोर दिया गया। उन्होंने एजेंसी प्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि वह अपनी एक्सपर्ट टीम को फील्ड में रखें, ताकि नागरिकों को अलग-अलग कूड़ा देने के लिए लगातार जागरूक करते रहें। उन्होंने नगर निगम के मोटीवेटरों को भी निर्देश दिए कि वह शहर में विभिन्न जागरूकता गतिविधियां चलाएं। उन्होंने कहा कि इस कार्य को एक मुहिम में लेकर किया जाए, तभी सार्थक परिणाम सामने आएंगे। प्लांट में मेरठ रोड के साथ लगते क्षेत्र में पेड़-पौधे लगाने के भी निर्देश दिए, ताकि प्लांट में हरियाली बनी रहे और आने-जाने वाले लोगों को गंदगी दिखाई न दें। कूड़ा उठान को लेकर टोल फ्री नम्बर पर कर सकते हैं शिकायत-समीक्षा के दौरान उन्होंने जानकारी दी गई कि कूड़ा उठाने को लेकर नागरिक को कोई शिकायत है, तो वह उक्त एजेंसी के टोल फ्री नम्बर-
1800 891 1863 के साथ-साथ नगर निगम के टोल फ्री नम्बर-1800 180 2700 पर शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

# व्यवसाय में ईमानदारी की सीख को युवाओं तक पहुंचाने का करेंगे काम : एसपी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। वर्ष 2024 में शिक्षा** के मंदिरों में मोबाइल फोन के दुरुपयोग को रोकने और स्कूल, कॉलेजों में बढ़ रही नशे की प्रवृति के खिलाफ सशक्त अभियान चलाकर मुख्यमंत्री नायब सैनी को पत्र लिखकर ठोस पॉलिसी की अपील करने वाले एसपी चौहान द स्ट्रगलिंग मैन के असल नायक व नवचेतना मंच के संयोजक एसपी चौहान ने नववर्ष की पूर्व संध्या पर कहा है कि वर्ष 2025 में भी ये दोनों अभियान जारी रहेंगे। वर्ष 2025 में सरकार के साथ मिलकर इन दोनों अभियानों को सफल बनाने के लिए हरियाणा सरकार व नवचेतना मंच मिलकर ठोस कदम उठाएंगे। इस संदर्भ में उनकी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से सकारात्मक बातचीत हुई है। इसके अलावा व्यवसाय में ईमानदारी के प्रेरणा स्त्रोत माने जाने वाले स्वर्गीय रतन टाटा के व्यावहारिक जीवन के बारे में स्कूल, कॉलेजो के स्टूडेंटस को जागृत करेंगे, ताकि उनके जीवन में रोजगार के पहलुओं को लेकर नई रोशनी आ सके और वे अपने जीवन में मनचाहे मुकाम हासिल कर सकें। जनवरी 2025 से ही प्रार्थना के समय हम अपने सभी स्कूलों में स्वर्गीय रतन टाटा के जीवन पर प्रतिदिन नई बात कहेंगे, हमारे टीचर्स, प्रबंधक इस व्यवस्था को संभालेंगे। व्यापार जगत में स्वर्गीय रतन टाटा एक ऐसा उदाहरण हैं,जिसकी युगों युगों तक



मिसाल दी जाएगी। एसपी चौहान ने मीडिया के समक्ष कहा कि स्वामी विवेकानंद, स्वामी दयानंद, गुरु नानक देव जी, गुरु गोबिद सिंह जी, कबीर साहेब, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, बाबा अंबेडकर साहब, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, शहीदे आजम भगत सिंह, नेताजी सुभाषचंद्र बोस आदि महापुरुषों के जीवन के आदर्शों को वे नवचेतना मंच के माध्यम से नई पीढ़ी के समक्ष रखते आए हैं, इसी कड़ी में आज इस व्यावसायिक युग में ईमानदारी से व्यवसाय के शिखर पर कैसे पहुंचा जा सकता है, ये सब हमें स्वर्गीय रतन टाटा के जीवन से सीखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि देश की नई पीढ़ी इस बात पर हैरान होती है कि क्या कोई व्यवसाय सच्चाई व ईमानदारी के बल पर भी चल सकता है? नए साल 2025 में हम युवा पीढ़ी को रतन टाटा जी के जीवन के माध्यम से बताएंगे कि वे किस तरह अपने काम के प्रति समर्पित हों, वह कौन सी बुराइयां हैं जो उन्हें आगे बढने से रोकती हैं, किस तरह से सयंमित, अनुशासित रहते हुए रतन टाटा जी ने इतने बड़े इंपायर को खड़ा किया, लाखों लोगों को रोजगार दिया और उनके दुनिया से अलविदा कह देने के बाद भी व्यापार जगत के साथ हर कोई उनसे अपने जीवन में कुछ ना कुछ सीख सकता है। बता दें कि एसपी चौहान के जीवन पर एसपी चौहान द स्ट्रगलिंग मैन फिल्म भी बनीं थी। ये फिल्म प्रसिद्ध लेखक व सीनियर पत्रकार संदीप साहिल की लिखी बॉयोग्राफी संघर्ष को सलाम पर आधारित थी। आने वाले समय में बच्चों के जीवन को सत्यता की ओर मोडने के लिए टेली फिल्मस बनाने की योजना है। एसपी चौहान द स्ट्रगलिंग मैन फिल्म अब तक एमोजोन व अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्मस पर करोड़ों लोग देख चुके हैं।

# माही का नेशनल यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता के लिये हुआ चयन

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। जैन गर्ल्स कॉलेज** गनौर की बी ए प्रथम वर्ष की छात्रा एम डीयू में हुई ट्रॉयल प्रतियोगिता को जीतकर माही ने नैशनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। नैशनल प्रतियोगिता 14 जनवरी को भटींडा में होगी। माही ने बताया कि विश्वविधालय में हुई इंटर कॉलेज कुश्ती प्रतियोगिता में 55 किलो भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीता था । कॉलेज प्राचार्य डॉ मनोज कुमार ने



बताया कि माही कॉलेज की एक उभरती हुई पहलवान है , भविष्य में वह अच्छा प्रदर्शन करेगी ।

# सैशन जज चंद्रशेखर ने किया नारी निकेतन का दौरा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिला एवं सत्र** न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष चन्द्रशेखर ने सोमवार को नारी निकेतन का दौरा किया। यहां उन्होंने नारी निकेतन में रह रही महिलाओं से बातचीत की और उन्हें प्रदान की जा रही सुविधाओं का निरीक्षण किया। इसके अलावा उन्होंने श्रद्धानंद बाल आश्रम और एमडीडी बाल भवन पहुंचकर वहां बच्चों को प्रदान की जा रही सुविधाओं का जायजा लिया।


## विशेष रेलगाड़ी की संचालन अवधि में वृद्धि

सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि रेलवे द्वारा रेलगाड़ी सं. 05577/05578 सहरसा जं.-आनंद विहार ट.-सहरसा जं. गरीब रथ स्पेशल की संचालन अवधि को बढ़ाने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

| रेलगाड़ी संख्या | स्टेशन से | स्टेशन तक | चलने के दिन | पूर्व अधिसूचित तिथि | विस्तार की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 05577 | सहरसा जं | आनंद विहार ट. | वीर, शनि को छोड़कर | 31.12.24 | 01.01.25 से 28.02.25 |
| 05578 | आनंद विहार ट. | सहरसा जं. | शनि, सोम को छोड़कर | 02.01.25 | 03.01.25 से 02.03.25 |

नोट :– शेष जानकारी पूर्ववत् है

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में पड़ने वाले अन्य स्टेशनों की विस्तृत समय–सारणी और श्रेणियों की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in देखें अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें :- www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
3983/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# वेतन को लेकर कचरा बीनने वाले कर्मचारियों ने दिया धरना

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले में शेखपुरा** के नजदीक डंपिंग यार्ड में कचरा बीनने वाले कर्मचारी धरने पर बैठ गए। कर्मचारियों को तीन महीने की सैलरी नहीं मिली है। कर्मचारियों ने ठेकेदार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला कर्मचारी ने पति के इलाज के लिए ठेकेदार से पैसे मांगे तो उसे बोल दिया कि पति को जहर का इंजेक्शन दे दो। कर्मचारियों में रोष है और काम बंद करके वह धरने पर बैठ गए और कचरा लेकर पहुंचने वाली गाडि?ों को भी एंट्री प्वाइंट पर रोक लिया गया है। कर्मचारियों का कहना है कि जब तक उन्हें कोई ठोस आश्वासन नहीं मिलता, वे काम शुरू नहीं करेंगे। पैसे देने के नाम पर ठेकेदार भाग गया है, जिससे कर्मचारियों के लिए परेशानी खड़ी हो गई है। कर्मचारी सुधीर ने बताया कि ठेकेदार को



लाखों रुपए का ठेका दिया है। हम करीब 11-12 कर्मचारी हैं, जो डंपिंग यार्ड में कचरा बीनने का काम करते हैं। करनाल और घरौंडा से डंपिंग यार्ड में टिप्पर के मार्फत कचरा लाया जाता है, उनको अंदर नहीं जाने देंगे। तीन माह से सैलरी नहीं मिल रही है, कर्मचारी परेशान हैं। ठेकेदार के खिलाफ लेबर कोर्ट में शिकायत की गई थी। उसने बताया कि एक महिला कर्मचारी के पति का पैर टूट गया। उसके इलाज के लिए उसके पास पैसे नहीं हैं। महिला ने ठेकेदार से पैसे मांगे तो उसने ऐसा जवाब दिया कि महिला उसका मुंह देखती रह गई। महिला ने कहा कि ठेकेदार मेरे पैसे नहीं दे रहा। मैंने कहा कि मेरे पति का पैर टूटा हुआ है, पैसे दे दो। ठेकेदार रिहान ने कहा कि पति को जहर का इंजेक्शन लगा दो, मर जाएगा। महिला कर्मचारी सुमन ने बताया कि हमारे घर में तीन लोग कमाने वाले हैं और तीनों ही यहीं पर काम करते हैं, लेकिन किसी की भी सैलरी नहीं मिली। मकान का किराया नहीं दे पा रहे, राशन वाले के पैसे नहीं दे पा रहे, राशन वाले ने सामान देना बंद कर दिया।

# गांव बसई के केतन ने जीता गोल्ड मेडल

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** गांव बसई निवासी केतन तंवर ने तालकटोरा स्टेडियम दिल्ली में भारत सम्राट नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर गांव व जिले का नाम रोशन किया है केतन के पिता संजय तंवर बसई ने बताया कि हाल ही में 29 दिसंबर को तालकटोरा स्टेडियम में भारत सम्राट नेशनल टाइकमांडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, प्रतियोगिता में प्लस 20 आयु वर्ग में केतंन तवर ने भारत सम्राट नेशनल में एक पॉइंट कम रह गए हैं। संजय तंवर ने बताया कि 4 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक दिल्ली ओपन प्रतियोगिता ताईकमांडो में नॉर्थ दिल्ली की तरफ से खेलते हुए केतन ने गोल्ड मेडल जीता था।

# बैठक में मंडल अध्यक्ष के चुनावी प्रक्रिया से करवाया अवगत

**गन्नौर । भारतीय जनता** पार्टी के वरिष्ठ नेता आजाद सिंह नेहरा ने विधानसभा के गांव ठरु उल्देपुर मे राजपुर मण्डल की संगठनात्मक बैठक को सम्बोधित किया। नेहरा ने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के प्रदेश अध्यक्ष के निदेर्शानुसार मण्डल अध्यक्ष के चुनाव के लिए चुनावी प्रक्रिया की जानकारी दी गई है । इसके तहत सर्वप्रथम प्रत्येक बूथ पर तीन सक्रिय सदस्य बनाने हैं । उन्हीं मे से बूथ अध्यक्षों की नियुक्ति करनी है। उसके बाद मण्डल अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू की जाएगी । राजपुर मण्डल मे 54 बूथ है , बूथ अध्यक्ष के चुनाव के समय 30 बूथ अध्यक्षों की उपस्थित रहना आवश्यक है। राजपुर मण्डल के चुनाव प्रभारी एडवोकेट संतराम बाल्मीकि, सह प्रभारी अमित सैनी ने भी अपने विचार रखे। बैठक की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष नीरज ठरु ने की और मण्डल महामंत्री श्रवण कौशिक ने मंच संचालन किया। इस अवसर पर उनके साथ विरेन्द्र लाकड़ा , राजेन्द्र शिशवाल , सतबीर प्रजापति , नवीन, दीपक , ब्लॉक समिति सदस्य विरेन्द्र पांचाल, श्रवण प्रजापति ,रवी कश्यप शमशेर, मोहीत बाल्मीकि, हरिओम वर्मा, हरिश कुमार , जय कुमार, प्रदीप नांदल आदि अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


## उत्तर रेलवे
### खुली निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य संकेत एवं दूर०संचार अभि० / गति शक्ति दिल्ली मंडल उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए इ–टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | N.I.T. No. | GSU_DLI_SNT_08 dated 30.12.2024 |
| 2. | कार्य का नाम | उत्तर रेलवे के दिल्ली मंडल के दिल्ली सराय रोहिल्ला और सब्जी मंडी स्टेशन पर ओएफसी और 6 क्वाड केबल की ट्रेंचिंग और बिछाने और परीक्षण और कमीशनिंग के साथ दूरसंचार उपकरणों की आंशिक आपूर्ति |
| 3. | अनुमानित लागत | रु. 5152238.42/- |
| 4. | धरोहर राशि | रु. 103100/ |
| 5. | समापन अवधी | 06 महीने |
| 6. | ई–निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | 20.01.2025 को 11.30 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 20.01.2025 को 11.30 बजे |
| 7. | निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है |

पत्र संख्या:– GSU_DLI_SNT_08 dated 30.12.2024 3977/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## नौएडा
## नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण
मुख्य प्रशासनिक भवन, सैक्टर–6, नौएडा, गौतमबुद्ध नगर
वेबसाइट: www.noidaauthorityonline.in

### अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

अर्ह निविदाकारों से निम्न जॉब हेतु ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है, जिन्हें निम्नानुसार तिथियों तक अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई–निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गई तिथियों पर खोला जाएगा। निविदा संबन्ध में समस्त विवरण व शर्ते नौएडा प्राधिकरण की अधिकारिक website: www.noidaauthorityonline.in & https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधित एवं अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाइट देखते रहें।

ए) अल्पकालीन फ्रेस–निविदा कार्य:–

| क्र. सं. | जॉब संख्या | कार्य का नाम | निविदा की धनराशि (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1. | 37 / उ.म.प्र. / वरि.प्र. (व.स.–1) / 2024–25 | अन्य अनुरक्षण कार्य (वर्क सर्किल प्रथम के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत माननीय एन.जी.टी. के निर्देशानुसार पानी के छिड़काव का कार्य), नौएडा। | 12.54 |
| 2. | 17 / उ.म.प्र. / वरि.प्र. (व.स.–9) / ई.नि. / 2024–25 | आकस्मिक कार्य (वर्क सर्किल–9 के कार्यक्षेत्र में शीतऋतु में अलाव जलाने व रैन बसेरा बनाने का कार्य), नौएडा। | 11.18 |
| 3. | 23 / उ.म.प्र. / वरि.प्र. (व.स.–6) / 2024–25 | आकस्मिक कार्य (वर्क सर्किल–6 के अन्तर्गत शीतऋतु के दौरान अलाव एवं रैन बसेरों की व्यवस्था हेतु), नौएडा। | 20.75 |

उपरोक्त निविदा को दिनांक **01.01.2025 सायं 5.00 बजे** तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई–निविदाओं की प्री–क्वालिफिकेशन दिनांक **02.01.2025 को 11.00 बजे** खोली जायेगी।

बी) फ्रेस–टेण्डर कार्य:–

| क्र. सं. | जॉब संख्या | कार्य का नाम | निविदा की धनराशि (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|
| 4. | 20 / उ.म.प्र. / वरि.प्र. (व.स.–10) / ई.नि. / 2024–25 | सड़कों का अनुरक्षण कार्य (सेक्टर–158 एवं 159 के मध्य 45.00 मी. चौड़ी सड़क पर निर्मित सैन्ट्रल वर्ज फुटपाथ की मरम्मत एवं पेन्टिंग का कार्य), नौएडा। | 9.60 |

उपरोक्त निविदा को दिनांक **08.01.2025 सायं 5.00 बजे** तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई–निविदाओं की प्री–क्वालिफिकेशन दिनांक **09.01.2025 को 11.00 बजे** खोली जायेगी।

**महत्वपूर्ण सूचना–**
नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में शासन से स्वीकृत मास्टर प्लान एवं उत्तर प्रदेश औद्योगिक क्षेत्र विकास अधिनियम, 1976 के विपरीत प्लॉटिंग या किसी भी प्रकार का अन्य निर्माण पूरी तरह अवैध है। जनसामान्य को आगाह किया जाता है कि इस प्रकार की अवैध कॉलोनियों एवं अवैध निर्मित भवनों में भूखण्डों / अपार्टमेंट / दुकान / गोडाऊन / फार्महाउस की खरीद–फरोख्त से पूर्णतः सचेत रहें तथा कॉलोनाइजर के लुभावने एवं भ्रामक विज्ञापनों से बचें। साथ ही नौएडा अधिसूचित क्षेत्र के हिण्डन एवं यमुना नदियों के डूब क्षेत्र (Flood Plain Zone) में अनधिकृत / अवैध प्लॉट एवं फार्म हाऊसों के कारोबार में संलिप्त भूमाफियाओं के चंगुल में न फंसे।

उप महाप्रबन्धक (सिविल)
नौएडा

स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नौएडा

## संपादकीय

# कांग्रेस पर भारी पड़ेगी स्मारक पर ओछी राजनीति

**पूर्व प्रधानमंत्री** डॉ. मनमोहन सिंह का 92 साल की आयु में दुखद निधन हो गया। सामान्यतः ऐसे समय में परिजनों और नजदीकी लोगों की प्राथमिकता होती है कि मृतक को सम्मानपूर्वक अंतिम विदाई दी जाए। इस सामान्य शिष्टाचार और नैतिकता को दरकिनार कर कांग्रेस और उसके कई सहयोगी दलों ने मनमोहन सिंह के स्मारक को लेकर राजनीति शुरू कर दी है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के पत्र का जवाब देते केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने स्पष्ट किया है कि डॉ. मनमोहन सिंह का स्मारक बनाया जाएगा। इसके बावजूद कांग्रेस के नेता सरकार पर डॉ. मनमोहन सिंह के अपमान के आरोप लगा रहे हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने तो सोशल मीडिया पर इसे सिखों के अपमान से जोड़ दिया। इस तरह एक बार फिर स्तरहीन राजनीति करके कांग्रेस ने कई पुरानी घटनाओं की याद ताजा कर दी है। अगर सियासी नजरिए से देखा जाए तो इसका भी कांग्रेस को कोई लाभ अपेक्षा नुकसान होने की संभावना ज्यादा दिख रही है।

देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन के बाद कांग्रेस के बड़े नेताओं में शोक से ज्यादा आक्रामकता का भाव दिखाई दे रहा है। उनके निधन के तुरन्त बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार के लिए यमुना के किनारे जगह देने और उनका समाधि स्थल बनाने के मांग की थी। प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह ने कांग्रेस अध्यक्ष को बता दिया था कि वे चाहते हैं कि डॉ. मनमोहन सिंह जी का स्मारक बनाया जाए लेकिन इसके लिए भूमि के आवंटन और ट्रस्ट बनाने आदि की औपचारिकताएं पूरी करनी होंगी। इसलिए पहले उनका सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार कर दिया जाए। मल्लिकार्जुन खड़गे उनकी बात से सहमत हो गए इसके बावजूद प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सरकार पर आरोप लगाने का कोई भी अवसर न छोड़ने की जिद ठाने बैठे नेता इस दुखद घटना का राजनैतिक लाभ उठाने के प्रयास में जुट गए। ऐसा लगता है कि हमारे देश के कुछ नेता प्राकृतिक आपदा, आतंकी हमला, महिलाओं से बलात्कार और यहां तक कि अपने नेता के निधन को भी राजनैतिक अवसर के तौर पर देखने लगे हैं। यह जानते हुए भी कि जगह की कमी को देखते हुए दिवंगत राष्ट्रीय नेताओं के अलग-अलग स्मारक बनाने पर मनमोहन सिंह की सरकार ने ही रोक रोक लगाई थी, इस पर आरोप-प्रत्यारोप लगाए जा रहे हैं। दरअसल 16 मई 2013 को शहरी विकास मंत्रालय की ओर से एक नोट जारी किया गया था। इस नोट में कहा गया था कि संप्रग सरकार की केबिनेट ने जगह की कमी को देखते हुए राजघाट पर राष्ट्रीय स्मृति स्थलह्व के नाम से साझा स्मारक स्थल बनाने का फैसला किया है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार के बाद सोशल मीडिया पर पोस्ट करके मोदी सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि निगम बोध घाट पर अंतिम संस्कार कराकर सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का अपमान किया है। उन्होंने इसे सिख धर्म से जोड़ते हुए यहां तक कहा कि वह देश के पहले सिख प्रधानमंत्री थे। लेकिन इन दोनों ही विषयों को उठाकर राहुल गांधी ने एक बार फिर खुद को कटघरे में खड़ा कर लिया है।

# हिन्दू समाज के स्थायी जागरण की आवश्यकता

**डा. निशा शर्मा**

> "इतिहास साक्षी है जिस जाति ,देश ने अपने गौरवशाली इतिहास से प्रेरणा लेकर उसका अनुसरण नहीं किया वे इस संसार से सदा के लिए विलुप्त हो गए या यूं कहिये उन्होंने अपनी पहचान खो दी परन्तु कुछ ऐसे उदाहरण भी हमारे सामने है जिस समाज अथवा जाति ने अपनी उपस्थिति की निरंतरता बनाए रखी और विश्व में उसका आज भी एक अलग स्थान है` इंग्लॅण्ड, जर्मनी और इजराइल जैसे देशो के उदाहरण हमारे सामने हैं जहाँ के जनमानस में सामर्थ्य का जागरण उनके पालन पोषण के साथ ही किया जाता है वह नाटको, सिनेमा,शिक्षा आदि सभी माध्यमो से एक ही प्रकार का संस्कार बालको में डाला जाता है और वह है आवश्यकता पड़ने पर अपने देश,राष्ट्र के लिए तैयार रहना देशभक्ति के इस उत्कृष्ट संस्कार के कारण ही इन देशो ने अपनी आंतरिक शक्ति को आज तक बनाये रखा है"

**हिन्दू** समाज की अपनी एक दैवीय विशेषता है जिस कारण सृष्टि के प्रारंभ से ही उसने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है` जब संसार के अन्य भागों में बोलने योग्य भाषा तक का आविष्कार नहीं हुआ था तब भारत में ऋग्वेद जैसा ज्ञान भण्डार अवतीर्ण हो चुका था

धर्म, आध्यात्म,विज्ञान,स्वास्थ्य, युद्ध, संगीत, भूगोल, खगोल आदि का ज्ञान इस महान हिन्दू जाति ने तब आविष्कृत कर दिया था जब पृथ्वी पर साधनों का पूर्ण अभाव था` जरा सोचिये स्रष्टि के आदिकाल में तब वह मस्तिष्क कितना सक्षम रहा होगा` अपने इन दैवीय गुणों के कारण ही हिन्दू समाज ने समस्त भूमंडल पर एकछत्र राज्य किया और चक्रवर्ती सम्राट कहलाये` इन भारतीय सम्राटों ने शासन सदैव ही परमार्थ की भावना के साथ किया जो ज्ञान का भण्डार उनके पास था उनका वितरण करने के लिए यहाँ के लोग सुदूर देशों को जाते थे तब वहां की जनता उनको देवदूत के रूप में पूजती थी और सम्पूर्ण संसार में उनका सम्मान होता था` यही आर्य साम्राज्य था जहाँ लोकसेवा ही शासन का आधार होता था।

राम ने जब रावण का संहार किया तो उसकी सोने की लंका से लोहे की एक कील तक वे अयोध्या नहीं लाये और साथ ही विभीषण को सोने की लंका जस की तस सौप दी` ऐसा लोकहित से प्रेरित था अपना आर्य साम्राज्य` हमारी ये भारतभूमि , स्वर्णभूमि कहलाती थी उसका गौरव सर्वोपरि था और उस गौरव का मूल कारण था आर्यों के जातीय गुण` अपने इन गुणों की विशेषताओं के कारण ही उन्होंने सम्पन्नता प्राप्त की थी` जगतगुरु और चक्रवर्ती शासक के रूप में संसार का आत्मिक और भौतिक नेतृत्व करने का गौरव प्राप्त किया था` वसुदैव कुटुम्बकम की अवधारणा और सद्चरित्र जीवन जैसी प्रमुख विशेषताओं के कारण हिन्दू धर्म विश्व के अन्य सभी धर्मों के साथ श्रेष्ठता रखता है` भारत ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण विश्व के विचारक इस तथ्य की पुष्टि करते हैं कि हिन्दू जीवन पद्धति ही जीवन की श्रेष्ठता को प्राप्त करने का सरल और सुगम मार्ग है` फेसबुक



संस्थापक मार्क जुकरवर्ग ( अमेरिका ) जो आज तकनीक के क्षेत्र में प्रेरणादायी हैं , भारत को ही ज्ञान का मंदिर मानते हैं`

हमारी हिन्दू संस्कृति की यशोगाथा के अनेक उदाहरण हमारे समक्ष हैं , हमारे इतिहास का हर एक पन्ना अनुपम रत्नों से जगमगा रहा है` हमारी प्राचीन गौरव गरिमा आज एक चुनौती के रूप में हमारे सामने खड़ी है परतु खेद का विषय है कि हमने आज इस गरिमा को गवा दिया है और अपने गौरव को पुनः प्राप्त करने के लिए संघर्षरत हैं` अपने प्राचीन गौरव को खोकर पिछले एक हजार वर्षो में मुट्ठी भर विदेशियों और विधर्मियों द्वारा हमें पीड़ित होना पड़ा` मुगल काल में बड़ी संख्या में मंदिरों को ध्वस्त किया गया` काशी, मथुरा, अयोध्या आदि स्थान इसके प्रमाण हैं` परन्तु इन सभी का कारन आक्रमणकारियों की बलवान सेना नहीं बल्कि हिन्दू समाज की भीतरी दुर्बलता थी` हमारी कमजोरियां ही उन्हें मजबूत बनाती चली गयीं और हम गुलामी की जंजीरों में फसते चले गए।

इतिहास साक्षी है जिस जाति ,देश ने अपने गौरवशाली इतिहास से प्रेरणा लेकर उसका अनुसरण नहीं किया वे इस संसार से सदा के लिए विलुप्त हो गए या यूं कहिये उन्होंने अपनी पहचान खो दी परन्तु कुछ ऐसे उदाहरण भी हमारे सामने है जिस समाज अथवा जाति ने अपनी उपस्थिति की निरंतरता बनाए रखी और विश्व में उसका आज भी एक अलग स्थान है` इंग्लॅण्ड, जर्मनी और इजराइल जैसे देशो के उदाहरण हमारे सामने हैं जहाँ के जनमानस में सामर्थ्य का जागरण उनके पालन पोषण के साथ ही किया जाता है

वह नाटको, सिनेमा,शिक्षा आदि सभी माध्यमो से एक ही प्रकार का संस्कार बालको में डाला जाता है और वह है आवश्यकता पड़ने पर अपने देश,राष्ट्र के लिए तैयार रहना` देशभक्ति के इस उत्कृष्ट संस्कार के कारण ही इन देशो ने अपनी आंतरिक शक्ति को आज तक बनाये रखा है परन्तु वर्तमान में जब हम अपने हिन्दू समाज की चर्चा करते हैं इस स्थायी जागरण रुपी संस्कार से हम खुद को कोसों दूर खड़ा पाते हैं और इस कारण हम दो मत नहीं हो सकते कि हमने अपने प्राचीन गौरव को अपनी निर्बलताओं के कारण ही खोया है और लम्बे समय से उस खोये गौरव को प्राप्त करने का प्रयास कर रहे हैं` आज भले ही हमारे देश में शासन सत्ता हिन्दू हित का विचार करने वाली है परन्तु इस परिवर्तन से यह अंदाजा नहीं लगा लेना चाहिए कि हमने उचित जातीय बल प्राप्त कर लिया है` अभी इसमें भारी कमी है` आज बाग्ला देश के हिन्दू समाज की स्थति किसी से छिपी नहीं है और बांग्ला देश ही क्यों अपने देश में पश्चिम बंगाल, केरल सहित अन्य कई राज्य है जहाँ का हिन्दू समाज प्रताड़ित है` यहाँ भी इन परिस्थितियों का कारण विधर्मियो की सम्पन्नता नहीं बल्कि हमारे अपने समाज की भीतरी दुर्बलता है` कमी है हिन्दू समाज के स्वभाविक जन जागरण की और जब तक ये जागरण प्रत्येक हिन्दू के अंदर स्थायी रूप से नहीं होगा , परिस्थितियां बदलने वाली नहीं।

यदि हमें अपने खोये गौरव को प्राप्त करने के साथ हिन्दू समाज का महिमा मंडन यथावत रखना है साथ ही अपने प्राणों की रक्षा भी करनी है तो सम्पूर्ण हिन्दू समाज को एक साथ खड़े होकर आगे आना होगा। हिन्दू समाज को ये समझना होगा कि अब चेतना के युग का आरम्भ हो चुका है , इस संस्कृति-बेला में हमें एक समाज बनकर एक सन्देश विधार्मियो को देना ही होगा। महर्षि मनु के प्रसिद्ध श्लोक ह्धर्मकोशस्य गुप्तेय्ह्व अर्थात धर्म रुपी खजाने की रक्षा के लिए ही हिन्दू का जन्म हुआ है` इस विचार को प्रत्येक हिन्दू को अपने व्यवहार में लाना होगा ` स्वामी विवेकानंद जी ने अपने वक्तव्य में कहा है ये आवश्यक नहीं कि हिन्दू समाज के सभी लोग हिन्दू धर्म में विशवास करें ही लेकिन यदि हम हिन्दू समाज के जातीय जीवन को स्वस्थ रखना चाहते हैं तो हमें धर्म की रक्षा के लिए सचेष्ट होना ही पड़ेगा ( स्वामी विवेकनदः हे !भारत उठो,जागो )तभी अपूर्व महिमा से मंडित भावी भारत का निर्माण होगा।

अपने समाज की सबसे बड़ी कमजोरी यह है कि हमारी याददाश्त बहुत कमजोर होती है और इसी कारण अपने ऊपर हुए हमलो और संघर्षों को हम भुला देते हैं` इसी कारण हिन्दू समाज को पुनःपुनः जगाने के प्रयास किया जाता है।

उनको विभिन्न प्रकार के धार्मिक आयोजनों के माध्यम से, धार्मिक यात्रा , अनुष्ठान , गोष्ठिया आदि कई प्रकार से हिन्दू समाज के जागरूक लोग ही अपनों को जगाने का प्रयास करते है , खुशी इस बात की है हिन्दू जागता तो है परन्तु खेद का विषय है कि वह जागरण स्थायी नहीं रह पाता` जिस दिन सुप्त हिन्दू चेतना का स्थायी पुनर्जागरण हो जाएगा हिन्दू समाज पूर्व की भाति चकवर्ती सम्राट बन सम्पूर्ण विश्व का मार्गदर्शन कर भारत को विश्व गुरु की उपाधि दिलवायेगा।

## कविता

नए साल का सूर्योदय,
खुशियों के लिए उजाले हो॥

पल-पल खेल निराले हो,
आँखों में सपने पाले हो।
नए साल का सूर्योदय यह,
खुशियों के लिए उजाले हो॥

मानवता का संदेश फैलाते,
मस्जिद और शिवाले हो।
नीर प्रेम का भरा हो सब में,
ऐसे सब के प्याले हो॥

होली जैसे रंग हो बिखरे,
दीपों की बारात सजी हो,
अंधियारे का नाम ना हो,
सबके पास उजाले हो॥

हो श्रद्धा और विश्वास सभी में,
नैतिक मूल्य पाले हो।
संस्कृति का करे सब पूजन,
संस्कारों के रखवाले हो॥

चौराहें न लुटे अस्मत,
दुः शासन न फिर बढ़ पाए,
भूख, गरीबी, आतंक मिटे,
न देश में धंधे काले हो॥

सच्चाई को मिले आजादी,
लगे झूठ पर ताले हो।
तन को कपड़ा, सिर को साया,
सबके पास निवाले हो॥

प्रियंका

## 2025 में आखिर कैसा रहेगा राजनीतिक मतभेदों का पारा?

**डॉ सत्यवान सौरभ**

**वर्ष 2025** चुनावों से परे देखने का एक अवसर प्रदान करता है। 2024 में, भारत, में राजनीति ने आश्चर्यजनक मोड़ लिया। ये घटनाक्रम कुछ जगहों पर अभूतपूर्व थे, दूसरों में तेज या अप्रत्याशित थे। इसने दिखा दिया कि भारतीय राजनीति में अब क्षेत्रीय दलों की ताकत लगातार बढ़ रही है और भविष्य में ये दल राष्ट्रीय राजनीति में अहम भूमिका निभा सकते हैं। 2025 में चुनावों से परे देखने का मौका मिलेगा। यह शायद ऐसा साल होगा जिसमें शासन केंद्र में होगा। 2024 के लोकसभा चुनाव का एक संदेश यह था कि लोग संयम के साथ निरंतरता को प्राथमिकता देते हैं। लेकिन ऐसा लगता है कि भाजपा और कांग्रेस दोनों ने जानबूझकर जनादेश को गलत तरीके से पढ़ने का विकल्प चुना है। उनकी राजनीतिक स्थिति सख्त हो गई है और उन्होंने अपनी कटु प्रतिद्वंद्विता को रोजमर्रा की राजनीति, संसद और उससे परे तक ले गए हैं।

संसद में घिनौना हंगामा और विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने से दुश्मनी और बढ़ेगी। हालात सामान्य होने के लिए दोनों पक्षों को अपने-अपने राजनीतिक और वैचारिक लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के साथ ही संवाद और बातचीत के लिए कोई बीच का रास्ता निकालना होगा। ऐसा लगता नहीं है कि मंदिर और मस्जिद पर राजनीति 2025 में खत्म हो जाएगी। 10 मस्जिदों / मजारों से जुड़ी कम से कम 18 याचिकाएँ इस समय अदालतों में लंबित हैं। मुस्लिम स्थलों पर हिंदू अधिकारों का दावा करने वाले नए मुकदमों में से अधिकांश उत्तर प्रदेश में दायर किए गए हैं। विधानसभा चुनाव अभी दो साल से ज्यादा दूर हैं, लेकिन उत्तर प्रदेश में राजनीतिक परिदृश्य अभी से गरमाने लगा है।

2025 में होने वाले प्रमुख विधानसभा चुनाव तीन प्रमुख राजनीतिक ब्रांडों-नीतीश कुमार, अरविंद केजरीवाल और नरेंद्र मोदी के लिए एक परीक्षा होंगे। अक्टूबर-नवंबर 2025 में होने वाला बिहार विधानसभा चुनाव ब्रांड नीतीश के लिए एक बड़ी परीक्षा होगी, जिनका राजनीतिक निधन एक से ज्यादा बार लिखा जा चुका है। चुनाव में तेजस्वी यादव की राजनीतिक क्षमता का भी परीक्षण होगा, जो लंबे समय से बिहार के मुख्यमंत्री बनने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। 2013 से दिल्ली में सत्ता में काबिज अरविंद केजरीवाल आप को लगातार तीसरी बार सत्ता में ला पाएंगे? आज, केजरीवाल की छवि और उनकी राजनीति का ब्रांड दोनों ही दांव पर हैं। प्रधानमंत्री की ब्रांड वैल्यू भी बिहार और दिल्ली दोनों में परखी जाएगी। 2014 से तीन बार सभी सात लोकसभा सीटें जीतने के बावजूद भाजपा ढाई दशक से अधिक समय से दिल्ली में राजनीतिक रूप से निर्जन है। लोकसभा और विधानसभा चुनावों को एक साथ कराने के लिए एक राष्ट्र, एक चुनाव विधेयक-जिसे अब संसद की संयुक्त समिति को भेजा गया है-भाजपा की इस बात की परीक्षा लेगा कि वह इस मामले में अपनी बात मनवा पाती या नहीं। पिछले 10 वर्षों में, भाजपा विवादास्पद कानून पारित करवाने में सफल रही है।

## विचार

# नया साल : नई शुरूआत का सुनहरा अवसर

**संत राजिन्दर सिंह जी महाराज**

**हम सब** यह अच्छी तरह जानते हैं कि पूरी दुनिया में नए साल का जश्न बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। यह एक ऐसा अवसर होता है जब हम अपने जीवन की सामान्य गतिविधियों को कुछ समय के लिए रोक कर अपना ध्यान उन कार्यों की ओर करते हैं जिनसे हमें लगता है कि हमें खुशी मिलेगी। यह ऐसा समय भी होता है जब हम बीते हुए साल को पीछे छोड़ते हैं और आने वाले नए साल का स्वागत बड़ी खुशी से करते हैं। यदि हम अपने पिछले वर्ष पर एक नजर डालकर देखें तो हम पाएंगे कि बीते वर्ष में ऐसे बहुत से समय हमारे जीवन में आए होंगे, जब हमने अपने ईश्वर की कृपा को अनुभव किया होगा। ठीक इसके विपरीत हमारे जीवन में कई बार ऐसे भी मौके आए होंगे, जब हम कठिनाईयों या दुःख-दर्द के समय से भी गुजरे होंगे। ऐसे समय में हमें इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि हर गुलाब में कांटे भी होते हैं, वे भी अपनी भूमिका निभाते हैं और उनका भी अपना महत्त्व है। ठीक इसी तरह हमारे जीवन में सुख और दुःख दोनों आते हैं। यदि हम इन बातों पर विचार करेंगे तो हम देखेंगे कि हम हरेक परिस्थिति में शांत व सुखी रहेंगे।

नया साल सिर्फ बाहरी तौर पर खुशियाँ मनाने का समय नहीं है बल्कि यह हमें अपने जीवन में सुधार लाने का एक सुनहारा अवसर भी प्रदान करता है। हम देखते हैं कि नये साल पर बहुत से लोग बुरी आदतों को छोड़कर अच्छी आदतों को ढालने का भी संकल्प लेते हैं। यह एक ऐसा मौका होता है जब वे स्वयं में सुधार लाने का प्रयत्न करते हैं। कई लोग धूम्रपान न करने का प्रण लेते हैं जबकि बहुत से लोग ऐसे होते हैं जो मांसाहार को छोड़कर शाकाहारी जीवन जीने का संकल्प लेते हैं। कई ऐसे भी होते हैं जो क्रोध न करने, सभी से प्रेमपूर्वक व्यवहार करने और दूसरों की मदद करने की प्रतिज्ञा लेते हैं। बहुत से विद्यार्थी ऐसे होते हैं जो दूसरे विद्यार्थियों की तुलना में अपनी पढ़ाई में बेहतर से बेहतर करने का संकल्प लेते हैं। अगर ध्यान से देखा जाए तो हर कोई अपने-अपने स्तर पर अपने जीवन में कुछ अच्छा करने का प्रयत्न करता है।

नये साल के इस मौके पर बहुत कम लोग ऐसे होते हैं जो यह प्रार्थना करते हैं कि नए साल में हम ज्यादा से ज्यादा आध्यात्मिक विकास करेंगे। यदि हम भी नये साल पर आध्यात्मिक रूप से प्रगति करना चाहते हैं तो इसके लिए हमें अपनी दिनचर्या को बड़ी ही गहराई से देखना होगा। ऐसे में हमारी यही कोशिश होनी चाहिए कि हम कोई भी ऐसा कार्य न करें जो हमको इस उद्देश्य से दूर करे। आध्यात्मिक रूप से तरक्की करने के लिए हमें ध्यान-अभ्यास को अपने जीवन में ढालना होगा। इसके लिए हमें वक्त के किसी पूर्ण संत से ध्यान-अभ्यास करने की विधि सीखनी होगी। जब हम अपनी दिनचर्या में ध्यान-अभ्यास को शामिल करते हैं तो हम अपने अंतर में प्रभु की ज्योति और श्रुति का अनुभव होता है। इसके अलावा हमें यह भी अनुभव हो जाता है कि प्रभु की जो ज्योति मुझे जान दे रही है, वही दूसरे लोगों में भी है। तो फिर हमें इस बात का पक्का विश्वास हो जाता है कि हम सब एक ही पिता-परमेश्वर की संतान हैं।

यह नये साल पर हमें यह भी समझना चाहिए कि हम जो भी प्रयास करें चाहे वह कितना भी कम क्यों न हो, हम जो भी कदम उठाएं चाहे वह कितना ही छोटा क्यों न हो, वो हमें हमारे लक्ष्य के करीब लाता है। नये साल पर हमारी यही कोशिश होनी चाहिए कि अतीत हमारा चाहे कैसा भी हो लेकिन हमारा भविष्य हमेशा बेदाग रहे।

हम अपनी सोच को हमेशा सकारात्मक बनाए रखें, इसके लिए आध्यात्मिक मार्ग ही हमें मददगार साबित हो सकता है।

तो आईये! हम भी नये साल पर आध्यात्मिक प्रगति करने का संकल्प लें क्योंकि हमारी आध्यात्मिक सेहत पर ही हमारी शारीरिक व मानसिक सेहत निर्भर करती है। यदि हम आध्यात्मिक रास्ते पर चलने का प्रण करते हैं तो हम देखेंगे कि इससे न सिर्फ हमारी आध्यात्मिक बल्कि शारीरिक व मानसिक सेहत भी ठीक रहेगी।

नए साल के इस अवसर पर हम अपनी गलतियों की ओर ध्यान न दें और एक आशावादी दिल के साथ एक नए साल की शुरूआत करें। आप सभी को जीवन में सफलता के लिए नए साल की बहुत-बहुत शुभकामनाएं।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# नए साल की चुनौतियां और हमारी जिम्मेदारी

**विवेक रंजन**

**नया साल** प्रारंभ हो रहा है । आज जन मानस के जीवन में मोबाईल इस कदर समा गया है कि अब साल बदलने पर कागज के कैलेंडर बदलते कहां हैं ? अब साल , दिन ,महीने , तारीखें, समय सब कुछ टच स्क्रीन में कैद हाथों में सुलभ है । वैसे भी अंतर ही क्या होता है , बीतते साल की आखिरी तारीख और नए साल के पहले दिन में , आम लोगों की जिंदगी तो वैसी ही बनी रहती है । हां दुनियां भर में नए साल के स्वागत में जश्न , रोशनी , आतिशबाजी जरूर होती है । लोग नए संकल्प लेते तो हैं , पर निभा कहां पाते हैं? कारपोरेट जगत में गिफ्ट का आदान प्रदान होता है,डायरी ली दी जाती है,पर सच यह है कि अब भला डायरी लिखता कौन है ? सब कुछ तो मोबाइल के नोटपैड में सिमट गया है। देश का संविधान भी सुलभ है , गूगल से फरमाइश तो करें । समझना है कि संविधान में केवल अधिकार ही नहीं कर्तव्य भी तो दर्ज हैं। लोकतंत्र के नाम पर आज स्वतंत्रता को स्वच्छंद स्वरूप में बदल दिया गया है। इधर मंच से स्त्री सम्मान की बातें होती हैं उधर भीड़ में कुत्सित लोलुप दृष्टि मौका मिलते ही चीर हरण से बाज नहीं आती। स्त्री समानता और फैशन के नाम पर स्त्रियां स्वयं फिल्मी संस्कृति अपनाकर संस्कारों का उपहास करने में पीछे नहीं मिलती। देश का जन गण मन तो वह है , जहां फारूख रामायणी अपनी शेरो शायरी के साथ राम कथा कहते हैं। जहां मुरारी बापू के साथ ओस्मान मीर , गणेश और शिव वंदना गाते हैं। पर धर्म के नाम पर वोट के ध्रुवीकरण की राजनीति ने तिरंगे के नीचे भी जातिगत आंकड़े की भीड़ जमा कर रखी है । इस समय में जब हम सब मोबाइल हो ही गए हैं, तो आओ नए साल के अवसर पर टच करें हौले से अपने मन,अपने बिसर रहे संबंध ,और अपडेट करें एक हंसती सेल्फी अपने सोशल मीडिया स्टेटस पर नए साल में, मन में स्व के साथ समाज वाले भाव भरे सूर्योदय के साथ। यह शाश्वत सत्य है कि भीड़ का चेहरा नहीं होता पर चेहरे ही लोकतंत्र की शक्तिशाली भीड़ बनते हैं । सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर सेल्फी के चेहरों वाली संयमित एक दिशा में चलने वाली भीड़ बहुत ताकतवर होती है।

## यह वर्ष देगा भारत को विकास की असीम संभावनायें

**डॉ. आर.के. सिन्हा**

**भारत के** लिए नूतन वर्ष 2025 कई क्षेत्रों में बड़ी उपलब्धियों का बड़ा तोहफा लेन वाला साल साबित हो सकता है। भारत डिजिटल अर्थव्यवस्था की तरफ लंबी छलांग लगा सकता है। सॉफ्टवेयर और आईटी सेवाएं देने में भी हम सारे संसार का नेतृत्व करने की स्थिति में पहुंच सकते हैं। इसी तरह भारत विश्व भर के पर्यटकों के लिए एक सुरक्षित और सस्ता आकर्षण का केंद्र भी बन सकता है जहाँ पर्यटकों की रुचि के तमाम केंद्र , हर तरह के खान-पान, स्थानीय कुटीर उद्योगों के उत्पाद और गाइड के रूप में अच्छे पड़े लिखे बढ़िया अंग्रेजी जानने बोलने वाले विद्यमान है , जो एक साथ मुश्किल से ही किसी एक देश में मिल सकते हैं इनके अलावा भी बहुत सारे क्षेत्रों में हमारे लिए आगे बढ़ने का अनुपम अवसर बन रहे हैं। अब इस बात से सारी दुनिया वाकिफ हो चुकी है कि भारतीय अर्थव्यवस्था डिजिटल होती जा रही है। इस लिहाज से भारत सरकार बेहद गंभीर भी है।

इसके तहत ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी, डिजिटल साक्षरता, और ई-गवर्नेंस को बढ़ावा दिया जा रहा है और आवश्यक संसाधन भी तेजी से विकसित किये जा रहे हैं । 2025 तक, भारत में इंटरनेट उपयोगकताओं की संख्या में भारी वृद्धि होने की उम्मीद है, जिससे ई-कॉमर्स, ऑनलाइन शिक्षा, और डिजिटल वित्तीय सेवाओं जैसे क्षेत्रों में तेजी आएगी।

भारत में ई-कॉमर्स का बाजार भी तेजी से बढ़ रहा है। 2025 तक, इसके और भी अधिक परिपक्व होने की उम्मीद है, जिसमें ऑनलाइन खरीदारी, डिजिटल भुगतान और लॉजिस्टिक्स में भी पर्याप्त सुधार होगा। डिजिटल भुगतान को भी सरकारी स्तर पर पर्याप्त बढ़ावा दिया जा रहा है। 2025 तक, भारत में डिजिटल लेनदेन की संख्या में भी उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है। भारत में 5जी तकनीक के प्रयोग में तेजी से विस्तार हो रहा है। 2025 तक, इसका व्यापक रूप से उपयोग होने लगेगा इसकी उम्मीद है, जो तेज रफ्तार से इंटरनेट की कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। डिजिटल परिवर्तन के साथ, साइबर सुरक्षा भी महत्वपूर्ण हो गई है।

## न्यूज फ्लैश

### सोमावती अमावस्या पर सैक्टर-13 पार्क में किया गया पौधारोपण: एसडी अरोड़ा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। आज सोमावती** अमावस्या के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण समिति द्वारा पौधारोपण किया गया। पार्क के साथ रहने वाले निवासियों, महिलाओं व बच्चों ने पौधारोपण करवाने में बढ़-चढकर भाग लिया और पौधों को सींचने का जिम्मा उठाया। समिति अध्यक्ष एसडी अरोड़ा ने बताया कि सोमावती अमावस्या के दिन आत्म शुद्धि, पितृ पक्ष और भगवान शिव की उपासना करने से शुभ फल मिलता है। इससे घर में सुख, शान्ति और समृद्धि का वास होता है। इस दिन पीपल के पेड़ की पूजा की जाती है। शिव जी को बेलपत्र चढ़ाने से शिव भगवान प्रसन्न होते हैं और हमें खुशहाल रखते हैं। समिति द्वारा इस अवसर पर नीम, पीपल, बेलपत्र, सुहांजना, आंवले, शम्मी, गुलाब, तुलसी के सुन्दर-सुंदर पौधे लगाए गए। चीफ पैट्रन कंवल भसीन ने बताया ने बताया कि पेड़-पौधे मौसम को स्वच्छ करते हैं और हमें बिमारियों से बचाते हैं। पेड़-पौधों से दवाईयां बनती हैं, जो बीमारियों में प्रयोग होती हैं। सुहांजना के फूल एवं पतियों में पौष्टिक विटामिन होते हैं, जो हमें स्वस्थ बनाते हैं। इसलिए यह समिति शहरवासियों से अपील करती है कि सभी शहरवासी ज्यादा से ज्यादा पेड़ पौधे लगाएं। वह अपने जन्मदिन और सालगिरह पर एक-एक पौधा जरुर लगाएं, जिससे हम बीमारियों से बचे रहेंगे और स्वस्थ रहेंगे। इस अवसर पर समिति महासचिव केएल नारंग, चीफ पैट्रन कंवल भसीन, पैट्रन ओपी सचदेवा, प्रधान एसडी अरोड़ा, वरिष्ठ उपप्रधान आरआर अत्री, अर्जुन देव वर्मा, एचडी कथूरिया, बाबूराम शर्मा, डॉ. पुष्पा सिन्हा, शशी आर्या, सरोज कथूरिया, डॉ. रितेश सिन्हा, अनिता शर्मा सिन्हा, सुनीता, शैली उपस्थित रहे।

### विवाहिता से ससुर ने की छेडखानी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले के दहा जागीर** की एक विवाहिता ने अपने पति, ससुर और ननदों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। विवाहिता का आरोप है कि उसकी शादी 18 फरवरी 2022 को हुई थी, लेकिन शादी के बाद से ही ससुराल वाले उसे दहेज की कमी को लेकर ताने मारते थे और मानसिक-शारीरिक उत्पीड़न करते थे। पीड़िता के मुताबिक उसके पति सागर ने शराब पीकर उसे पीटा और जान से मारने की धमकी दी। ससुर और ननद भी मारपीट में शामिल रहे। पीड़िता ने कई बार पुलिस से मदद की गुहार लगाई, लेकिन पुलिसकर्मी भी दोषियों के पक्ष में खड़े रहे। पीड़िता ने अपनी और अपने बच्चे की सुरक्षा के लिए सख्त कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता का कहना है कि शादी के बाद उसके ससुराल वालों ने उसे ताने देने शुरू कर दिए थे और उसकी गरीब स्थिति का मजाक उड़ाया था। पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसका पति शराब पीकर घर आता था और उसे मारपीट करता था। न केवल पति, बल्कि ससुर और ननद भी उसे लगातार प्रताड़ित करते थे। विवाहिता ने कहा कि एक बार उसके ससुर ने उसके साथ छेडखानी करने की कोशिश की और जब उसने विरोध किया तो उसे और भी अधिक पीटा गया। इसके बाद उसकी ननद ने उसे घर से बाहर धक्का दे दिया और जान से मारने की धमकी दी। उसने कई बार पंचायत बुलाने की कोशिश की, लेकिन आरोपियों ने पंचायत की भी अनदेखी की और उनके खिलाफ कार्रवाई करने की बजाय उसे और भी परेशान किया। एक बार तो आरोपियों ने उसे गैस जलाकर जलाने की कोशिश भी की, लेकिन वह किसी तरह बच गई। पीड़िता ने कहा कि उसे और उसके बच्चे को बार-बार जान से मारने की धमकी दी जाती रही है। आरोपियों ने कहा कि अगर उसका पति आत्महत्या कर लेता है तो उसे जेल भेज दिया जाएगा। पीड़िता ने बताया कि एक बार उसके ससुराल वालों ने उसे और उसके बच्चे को घर से निकाल दिया था। इसके बाद वह अपने मायके आकर इलाज करवा रही थी। पीड़िता ने पुलिस से अपील की है कि वह आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें और उसकी और उसके बच्चे की सुरक्षा सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आरोपियों के पास पुलिस और राजनीतिक संपर्क होने के कारण वे उनसे कार्रवाई करने से डरते हैं, लेकिन अब उन्हें न्याय की उम्मीद है।

# पंजाब बंद का अंबाला में भी दिखा व्यापक असर

## अंबाला से पंजाब जाने वाली ट्रेनें व बसें रही रदद्, यात्री रहे परेशान

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**



**अम्बालाः पंजाब बंद के** कारण आज अंबाला में भी व्यापक असर देखने को मिला। ट्रेनें और बसें न चलने के कारण काफी परेशानी करने का सामना करना पड़ा। यात्री ठंड में ठिठुरते नजर आए। वहीं अनेक यात्रियों का कहना था कि आंदोलन के दौरान बसों व ट्रेनों को नहीं बंद किया जाना चाहिए। वहीं कुछ यात्रियों ने बताया कि वह विभिन्न कार्यों के लिए पंजाब जा रहे थे लेकिन ट्रेनें रद होने के कारण अब उन्हें अंबाला में ही रूकने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। तो वहीं अंबाला छावनी बस स्टैंड पर ही यात्रियों की भारी भीड़ लगी हुई थी। यात्रियों ने बताया कि वह पिछले कई घंटों से बस स्टैंड पर बैठे हुए हैं। बसें न मिलने के कारण लोग अन्य साधनों के माध्यम से अपने गंतव्य तक जा रहे थे। वहीं अंबाला छावनी बस स्टैंड इंचार्ज विजेंद्र सिंह ने बताया कि आज पंजाब बदं है और पंजाब की तरफ बसें नहीं जा पा रही हैं, दिल्ली की तरफ से आने वाले बसें अंबाला बस स्टैंड पर ही रूक रही हैं। जिस कारण यात्रियों को परेशान होना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि चंडीगढ़ के लिए रूट को डायवर्ट किया गया है। साहा के रास्ते कालका, चंडीगढ़, पंचकूला की तरफ बसें भेजी गई हैं। पंजाब की तरफ जाने वाली सभी बसों को रद कर दिया गया है। अंबाला से पंजाब जाने वाली लगभग 40 बसें भी आज रद रही। हरियाणा-पंजाब के शंभू और खनौरी बॉर्डर पर चल रहे आंदोलन के समर्थन में आज किसानों का पंजाब बंद है। किसानों ने पंजाब के सभी नेशनल हाईवे और रेलवे ट्रैक बंद कर रखे हैं। किसान सुबह 7 बजे से 140 जगहों पर हाईवे और रेलवे ट्रैक के ऊपर बैठे हैं। इससे अमृतसर-जालंधर-पानीपत-दिल्ली और अमृतसर-जम्मू पर ट्रैफिक पूरी तरह से बंद है। किसानों के बंद की वजह से रेलवे ने वंदे भारत समेत 163 ट्रेनों को रद्द कर दिया है। पुणे से जम्मू तवी जा रही झेलम एक्सप्रेस जालंधर कैंट स्टेशन पर रोक दी गई है। वहीं पंजाब से 8 राज्यों के लिए 576 रूट पर चलने वाली बसें भी बंद हैं। हरियाणा और हिमाचल समेत दूसरे राज्यों की बसें भी पंजाब में नहीं आ रहीं।

### ईसाई समाज ने एसपी व मंत्री विज से लगाई न्याय की गुहार



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः गांव बरनाला में** बजरंग दल और ईसाई समाज के लोग आमने-सामने हो गए थे। जिसमें इसाई पक्ष के 7 लोग घायल हो गए थे। आज प्रदीप मसीह के नेतृत्व में पास्टर विक्रम, एडीएफ केलीगल एडवाईजर, रंजीत पॉल, जिला पादरी एसोसिएशन के प्रधान पास्टर जेपी, पास्टर डीजन पानी, सुमित,पूर्व सचिव पास्टए एसोसिएशन रमेश, सीनियर पास्टर मदन लाल, राष्ट्रीय क्रिश्चियन मोर्चा प्रधान सहित अन्य प्रतिनिधि एसपी अंबाला सुरेंद्र भौरिया व मंत्री अनिल विज से मिलने पहुंचे। और न्यायिक जांच की गुहार लगाई। मसीह ने बताया कि एसपी ने उन्हें आश्वासन दिया कि कुछ हमलावरों की पहचान की जा चुकी है, बाकी अन्य को भी जल्द पहचान लिया जाएगा। वहीं आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। ईसाई समाज के प्रतिनिधियों का आरोप था कि बरनाला में किराए के एक मकान में ईसाई समाज के लोग इकट्ठा होकर प्रार्थना सभा कर रहे थे. इसी बीच वहां बजरंग दल के लोग पहुंच गए और फिर वहां दोनों पक्षों के बीच में जमकर बवाल हो गया. मामले की सूचना मिलने के बाद अंबाला पुलिस मौके पर पहुंची और बीच-बचाव किया।

### शिकायतों का मौके पर ही किया जा रहा समाधान: उत्तम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। हरियाणा सरकार** के निदेर्शानुसार करनाल में लघु सचिवालय सहित सभी उपमंडल कार्यालयों में प्रत्येक कार्यदिवस पर समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में उपायुक्त उत्तम सिंह की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। ऐसे ही शिविर संबंधित एसडीएम की अध्यक्षता में नीलोखेड़ी, इन्द्री, असंध और घरौंडा में भी आयोजित किए गए।

## नाजायज कब्जा हटवाने की शिकायत को रखा शिविर में

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र : नगराधीश डा. रमन** गुप्ता ने कहा कि गली से नाजायज कब्जा हटवाने के लिए सम्बन्धित विभाग के अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए है। इस शिकायत के आधार पर मौके का मुआयना करने के बाद नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इतना ही नहीं समाधान शिविर में गली को लेवल ठीक करने व लाल डोरे की जमीन की रजिस्ट्री करवाने से सम्बन्धित शिकायत को भी समाधान शिविर में सुना गया। नगराधीश डा. रमन गुप्ता सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर में बोल रहे थे। इससे पहले नगराधीश डा. रमन गुप्ता व सदस्य एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता रामपाल पाली ने क्रिड से संबंधित 22 व अन्य विभागों से सम्बन्धित 6 समस्याओं को सुना और इन समस्याओं का समाधान करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि अधिकारी समाधान शिविरों में प्राप्त हो रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए यथाशीघ्र निपटारा सुनिश्चित करें। इनमें प्रमुख तौर पर प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, जमीन का पंजीकरण, लोकल बॉडी का नो ड्यूज सर्टिफिकेट, म्युनिसिपल कमेटी से नक्शा अनुमोदन, बिजली-सिंचाई-सार्वजनिक स्वास्थ्य, समाज कल्याण पेंशन तथा अपराध की शिकायतें और राशन कार्ड को शामिल किया गया है। इनसे संबंधित हर प्रकार की शिकायतों के समाधान के लिए समाधान शिविर में संपर्क किया जा सकता है। सदस्य एवं भाजपा नेता रामपाल पाली ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार समाधान शिविर में रोजाना कार्य दिवस के दौरान सुबह 10 बजे से लेकर 12 बजे तक नागरिकों की समस्याओं को सुना जा रहा है। इनमें से अधिकतर समस्याओं का मौके पर निपटारा किया जा रहा है और कुछ ऐसी समस्याएं है जिनका मौके पर समाधान संभव नहीं है ऐसी समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करने के प्रयास किए जा रहे है।

### असामाजिक गतिविधियां करने वालों पर जिला पुलिस की रहेगी नजर

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह** आईपीएस ने कहा कि नववर्ष आगमन अवसर पर आमजन द्वारा हर्षोल्लास/जश्न मनाया जाता है। नए साल 2025 के शांतिपूर्ण जश्न मनाने व आमजन की सुरक्षा और बिना किसी समस्या या परेशानी के यातायात व्यवस्था सुगम करने के लिए 31 दिसंबर 2024 को शाम 6 बजे से नए साल के उत्सव के समापन तक आमजन के लिए यातायात संबंधी निर्देश जारी किए गए हैं। सार्वजनिक स्थान और सड़क के किनारे शराब पीना, वाहनों के साइलेंसर से पटाखे फोड़ ध्वनि प्रदूषण कर हुड़दंग करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। शहर मे विभिन्न स्थानों पर विशेष ड्रंकन ड्राइविंग नाके लगाए जाएंगे और शराब के नशे में गाड़ी चलाने वालो की जांच की जाएगी। शरारती तत्वों द्वारा इस अवसर पर शराब पीकर सार्वजनिक स्थानों एवं मार्गों पर की जाने वाली हुडदंग बाजी और गतिविधियों को नियंत्रण करने के उद्देश्य से व्यापक पुलिस प्रबंध किए गए हैं। सभी थाना प्रभारी व चौकी इंचार्ज को विशेष रूप से दिशा निर्देश दिए गए है। असामाजिक तत्वों की प्रत्येक गतिविधियों पर पानीपत पुलिस की विशेष नजर रहेंगी। नशे में गाड़ी चलाने, स्टंट बाइकिंग, ओवर स्पीडिंग और खतरनाक ड्राइविंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## जिले के गांव कैमला में बन रही आधुनिक लाइब्रेरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले के कैमला** गांव में बिजली महकमा 20 लाख की लागत से आधुनिक लाइब्रेरी का निर्माण कर रहा है। गांव के ही दो लोगों को लाइब्रेरी में केयरटेकर की जॉब मिलेगी। इसका नाम सरदार वल्लभभाई पटेल के नाम पर होगा। इसे जनवरी के अंत या फरवरी के पहले सप्ताह में ग्रामीणों को सुपुर्द किया जाएगा। लाइब्रेरी का निर्माण बिधिया वाली चौपाल में किया जा रहा है। घरौंडा बिजली वितरण निगम के एसडीओ दीपक गर्ग ने बताया कि सिविल वर्क लगभग पूरा हो चुका है और बिजली फिटिंग का कार्य भी समाप्त हो गया है। फर्नीचर के तहत टेबल, कुर्सियां और रैक लगाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा और साहित्य से संबंधित हजारों पुस्तकें उपलब्ध कराई जाएंगी। इस लाइब्रेरी में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं के लिए स्टडी मैटीरियल भी होगा, जिससे उन्हें शहरों की लाइब्रेरी जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। एसडीओ ने बताया कि लाइब्रेरी में चार कंप्यूटर और इंटरनेट की सुविधा होगी। किसी भी पाठक को इंटरनेट से जुड़ा काम करने में यह मददगार साबित होगी। लाइब्रेरी की देखभाल के लिए दो केयरटेकर नियुक्त किए जाएंगे।

### हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चुनाव के लिए 19 जनवरी को होगा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। हरियाणा सिख** गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एचएसजीएमसी) के चुनाव के दृष्टिगत करनाल जिला में पड? वाले वार्ड नंबर 16, 17, 18 और 19 में कुल 29 नामांकन दाखिल हुए थे, आज सोमवार को नामांकनों की जांच-पड़ताल के दौरान 2 कवरिंग उम्मीदवारों के नामांकन रदद हो गए है। सरकारी प्रवक्ता ने कहा कि वार्ड नंबर-16 नीलोखेड़ी में कुल 5 नामांकन दाखिल हुए थे, जिनमें जांच पड़ताल के दौरान एक कवरिंग उम्मीदवार का नामांकन रदद हो गया है। इसी प्रकार वार्ड नंबर-17 निसिंग में कुल 8 नामांकन दाखिल हुए थे जोकि सही पाये गये है। उन्होंने बताया कि वार्ड नंबर-18 असंध में कुल 8 नामांकन दाखिल हुए थे जिनमें से एक कवरिंग उम्मीदवार का नामांकन रदद हो गया है।

## कृष्णस्वरूप ब्रह्मचारी कुटिया के महंत बने भगतानंद ब्रह्मचारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र :** सोमवती अमावस्या के पावन पर्व पर धर्म नगरी कुरुक्षेत्र की इंद्रा कालोनी किरमच रोड पर स्थित कृष्णस्वरूप ब्रह्मचारी कुटिया के महंत भगतानंद ब्रह्मचारी शिष्य आत्मानंद महाराज को साधु संत समाज द्वारा चादर की रस्म अदा कर महंत और कुटिया की जिम्मेवारी सौंपी गई। संत समाज ने सर्वसम्मति से कुटिया की जिम्मेवारी भगतानंद ब्रह्मचारी महाराज को सौंपी और विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। यह कुटिया श्री पंच अग्नि अखाड़े के अधीन आती है। इस अवसर पर श्री पंच अग्नि अखाड़े के संरक्षक महंत आनंद चेतन ब्रह्मचारी,संत समाज से महंत सुनील दास,महंत स्नेह दास, स्वामी लक्ष्मीनारायण पुरी,वैद्य पण्डित प्रमोद कौशिक,स्वामी देवी शरण,महंत अवध दास, स्वामी नारायण पुरी, महंत विशाल दास, स्वामी बलवान नाथ, स्वामी विश्वकर्मा पुरी, स्वामी सुधीर भारती इत्यादि काफी संख्या में संत समाज मौजूद रहा।

### जिले से महिला और नाबालिग लड़की लापता

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले में दो** अलग-अलग घटनाओं में एक नाबालिग व एक महिला संदिग्ध हालात में लापता हो गई। दोनों घर वालों को बिना बताए लापता हुई है। दोनों मामलों में परिजनों ने संबंधित थानों में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पहली घटना करनाल की एक कॉलोनी की है, जहां 15 वर्षीय लडकी बिना किसी सूचना के घर से चली गई। दूसरी घटना घरौंडा क्षेत्र की है, जहां 24 वर्षीय महिला रात में घर से लापता हो गई।

## विधायक योगेंद्र राणा ने किए चौक वितरित

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। मार्किट कमेटी** असंध के कार्यालय में मुख्यमंत्री किसान एव खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना 2013 के तहत आज असंध विधायक योगेन्द्र राणा द्वारा सोनिया पत्नी स्व. अनिल कुमार गांव जयसिंहपुरा को 5 लाख तथा भूपेंद्र गांव जलमाना को 37500 की विशेष वित्तीय सहायता के चैक दिए गए। असंध विधायक योगेन्द्र राणा ने बताया कि सरकार की योजना के अनुसार यह चेक उन किसानों और मजदूरों के आश्रितों को दिए गए, जिनके खेती का कार्य करते समय दुर्घटना होने पर अंग भंग हुए तथा मृत्यु हुई थी। उन्होंने कहा कि सरकार की इस योजना का लाभ उन लोगों को मिलता है, जो कृषि, मशीनरी, औजार, टूल्ज, उपकरण, यंत्र व कुंआ खोदने, टयूबवैल लगाने जैसे काम करते समय, जहरीली गैस, क्रेन, क्रेशर, कोल्हू, चारा काटने की मशीन, थ्रेशर पर कार्य करते समय दुर्घटना में मृत्यु हो जाती है या कोई शरीर का अंग भंग हो जाता है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा किसी कृषि उपकरण को चलाते समय बिजली करंट के कारण और गाड़ी से कोई कृषि उपज ले जाते समय किसी पशु ठेला ट्रक या किसी अन्य वाहन के साथ दुर्घटना के कारण तथा कृषि संबंधी कार्यों के दौरान कोई कीटनाशक दवाई, पेस्टीसाईड, खरपतवार नाशक दवाई के प्रयोग से बिजली करंट या अग्नि संकट के समय किसान या मजदूर की मृत्यु। मार्केट यार्ड में कृषि उत्पादन उतारते शिफ्ट या तोलते समय दुर्घटना के कारण तथा कृषि कार्यों के दौरान सांप या अन्य जहरीले जीव के काटने के कारण मौत होने पर सरकार की तरफ से आर्थिक सहायता दी जाती है।

उन्होंने बताया कि इस योजना का लाभ लेने के लिए दुर्घटना होने के दो मास के अंदर आवेदन पत्र भरकर संबंधित मार्केट कमेटी कार्यालय में देना जरूरी होता है। इस अवसर पर असंध मंडल अध्यक्ष राम अवतार, मंडी सुपरवाईजर धर्मबीर, मोहन लाल, मार्किट कमेटी सैक्रेटरी कृष्ण धनखड मौजूद रहे।

## नशे जैसी गंभीर समस्या से निजात पाने के लिए समन्वय के साथ करें कार्य

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। उपायुक्त उत्तम सिंह** ने कहा कि नशा समाज के लिए एक गंभीर समस्या है। जिला में नशे की प्रवृत्ति को रोकने के लिए स्कूल व कॉलेजों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ-साथ ड्रग केमिस्ट की दुकानों पर भी प्रशासन की पैनी नजर है। इसके अतिरिक्त शिक्षण संस्थाओं के अध्यापक व प्रोफेसर नशे से ग्रसित विद्यार्थियों की पहचान करेंगे और नशा ग्रस्त पाए जाने वाले विद्यार्थियों को परामर्श देना सुनिश्चित करेंगे तथा बच्चों की पहचान गोपनीय रखी जाए। उपायुक्त उत्तम सिंह शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला स्तरीय एनकॉर्ड की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नशा जैसी सामाजिक बुराई से छुटकारा पाने के लिए सभी का समन्वय आवश्यक है। इसलिए सभी विभाग नशे की रोकथाम के लिए ठोस कदम उठाए व जिन युवाओं को नशे की लत लग चुकी है, उन्हें नशा छुड़वाने के लिए जागरूक करें ताकि नशा मुक्त समाज का निर्माण हो सके। उन्होंने स्पष्ट किया किया कि जागरूकता कार्यक्रम के धरातल पर परिणाम नज? आने चाहिए। उन्होंने पुलिस विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि शैक्षणिक संस्थानों के नजदीक दुकानों, क्लबों और आहातों में जांच की जाए और नशा पाए जाने पर उनके खिलाफ उचित कार्यवाही की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नशा-मुक्ति कार्यक्रमों व जागरूकता अभियानों में ग्राम पंचायतों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए और जागरूकता कार्यक्रम निरंतर जारी रखें। बैठक में उपायुक्त ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि धाकड़ कार्यक्रम के तहत जिले में संचालित सभी शैक्षणिक संस्थानों में नशे की रोकथाम के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजन किया जाए और स्कूल में पढ़ रहे बच्चों के समय समय पर बैग चेक किए जाएं। अगर किसी बच्चे के पास कोई नशीला पदार्थ पाया जाता है तो इसकी सूचना उसके माता-पिता को दें व उस बच्चे को उचित काउंसलिंग दिलवाई जाए। उन्होंने कहा कि स्कूल व कॉलेज में पढनेवाले विद्यार्थी लगातार गैर.हाजिर रहते है तब ऐसे बच्चों पर शिक्षक कड़ी नजर रखें और इसकी सूचना उनके अभिभावकों को भी दें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में संचालित सभी नशा मुक्ति केंद्रों की नियमित रूप से जांच की जाए और वहां पर ओपीडी रजिस्टर को भी चेक किया जाए तथा केंद्रो में सीसीटीवी कैमरे भी चालू हालात में होने चाहिए।

उन्होंने उप-पुलिस अधीक्षक तथा जिला न्यायवादी को निर्देश देते हुए कहा कि एनडीपीएस एक्ट 1985 के तहत दर्ज किए गए केसों तथा जब्त की गई नशे की सामग्री से संबंधी मामलों की पैरवी अच्छे तरीके से की जाए।

## वत्सलया बंगा एमएसएमई काउंसिल इंडिया के वाईस चेयरमैन नियुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**



**अंबाला:** छावनी में आयोजित कार्यक्रम में चेयरमैन विजय कुमार ने बताया कि एमएसएमई प्रोमोशन काउंसिल इंडिया का वत्सलया बंगा को हरियाणा का वाईस चेयरमैन हरियाणा नियुक्त किया गया। इसके साथ ही अर्चना अनेजा जिला डायरेक्ट फोरम अंबाला, पवन अनेजा नेशनल अध्यक्ष, डिप्टी वाइस चेयरमैन यशपाल आटवल नीरज मल्होत्रा सोनीपता सनी नागपाल , भावना डिप्टी भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। उन्होंन`बताया कि लोग एमएसएमई लोगों को आत्मनिर्भर बनाने की योजना है। एमएसएमई गवर्नमेंट व बैंकों के बीच एक ब्रिज का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के बाद बैंकों का स्तर बढ़ा है। एमएसएमई के बारे में लोग सिर्फ एक छोटा सा लोन समझते हैं। एमएसएमई में 1074 सरकारी योजनाओं के तहत सहायता उपलब्ध करवाई जाती है। उन्होंने कहा कि युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना हमारी प्राथमिकता है। देश की जीडीपी में 30 प्रतिशत योगदान एमएसएमई का है। पीएम मोदी ने जनता के यह स्कीम श शुरू की है। हमारी टीम जनता के बीच जाकर एमएसएमई का-प्रचार कर रही है।

## न्यूज फ्लैश

### प्रदेश में विकास कार्यो को सरकार दे रही विशेष ध्यान: कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार



**पानीपत, (कमाल हुसैन)** हरियाणा में सामाजिक न्याय, सशक्तिकरण, अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय (सेवा) मंत्री कृष्ण कुमार ने सोमवार को प्रथम तल पर स्थित सभागार में जिला विकास निगरानी कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि राज्य सरकार विकास को नित नये आयाम दे रही है। हर क्षेत्र में विकास कार्यो पर जोर दिया जा रहा है। मंत्री ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ 4 सूत्रीय एंजेडे पर चर्चा की। उपायुक्त डॉ.विरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि जिले में संचालित किये जा रही परियोजनाओं पर गंभीरता से कार्य किया जा रहा है। वे स्वयं भी इनकी प्रगति का निरीक्षण करते रहे है। उन्होंने मंत्री को आश्वस्त किया कि कार्य में ओर गति लाई जाएगी।

मंत्री ने उपायुक्त से जिले में विकास को लेकर संचालित की जा रही परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी ली व कार्यो में ओर गति प्रदान करने के निर्देश दिए। मंत्री ने कहा कि राज्य के विकास को लेकर प्रदेश भर में अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है जिनका भविष्य में आम जन को लाभ मिलेगा। मंत्री ने इसराना खंड में पाथरी वाली माता के मुख्य द्वार के निर्माण के संदर्भ में भी प्रशासन से जानकारी ली। जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी मनीष मलिक ने बताया कि ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्ताव पारित कर दिया गया है। अति शीघ्र इस कार्य को पूर्ण किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि वे स्वयं इसका पत्थर लगाने के लिए आएंगे। अतिरिक्त उपायुक्त डॉ.पंकज ने मंत्री के समक्ष 2024-25 की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत कर विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र सिंह, सीटीएम टीनू पोसवाल, जिला योजना अधिकारी सुशील कुमार, सहायक योजना अधिकारी ईश्वर शर्मा के अलावा कई अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### पूर्व शिक्षा मंत्री ने कार्यकर्ताओं के साथ सुना मन की बात के ११७ वां संस्करण

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**



**महेंद्रगढ़,।** हरियाणा भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा ने रविवार को जयराम सदन महेंद्रगढ़ में बूथ नंबर 130 पर देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात के 117 वे संस्करण महाकुंभ के संदेश गंगा की अमृत धारा, ना बटे समाज हमारा कार्यकताओं के साथ सुना। श्री शर्मा ने कहा कि कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मन की बात के 117 वे संस्करण में दिए गए संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें। इस मौके पर पूर्व मंत्री ने कहा कि महेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र भाजपा की छावनी रहा है 6 अप्रैल 1980 को भाजपा के स्थापना दिवस में महेंद्रगढ़ से अनेको भाजपा कार्यकर्ता उनके साथ मुंबई पहुंचे थे।

# विज ने टांगरी बांध क्रासिंग रोड पर ट्रैफिक लाइट लगाने के दिए निर्देश

**टांगरी बांध रोड बेहतर बनने की वजह से इस एरिया में जगाधरी रोड पर अब अत्याधिक ट्रेफिक बढ़ गया है**

**दिशा-निर्देश**

**▶▶ विज अपने आवास पर नगर परिषद के अधिकारियों की बैठक में दिशा-निर्देश दे रहे थे**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि जगाधरी रोड पर टांगरी बांध रोड क्रॉसिंग पर ट्रैफिक लाइट लगाई जाए ताकि वाहन चालकों को इस क्षेत्र से निकलने में आसानी हो सके। विज अपने आवास पर नगर परिषद के अधिकारियों की बैठक में दिशा-निर्देश दे रहे थे। कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि टांगरी बांध रोड बेहतर बनने की वजह से इस एरिया में जगाधरी रोड पर अब अत्याधिक ट्रेफिक बढ़ गया है। यहां वाहन तेजी से आते हैं और वाहन चालकों की सुरक्षा एवं सुविधा को देखते हुए यहां पर ट्रेफिक लाइट की अब जरूरत है। उन्होंने कहा जिस प्रकार जगाधरी रोड पर अलग-अलग चौराहों पर ट्रेफिक लाइटें लगी है उसी प्रकार जल्द से जल्द टांगरी बांध क्रासिंग पर भी ट्रेफिक लाइट लगाई जाए।

बैठक के दौरान ऊर्जा व परिवहन मंत्री अनिल विज ने नगर परिषद अधिकारियों के साथ अम्बाला छावनी में विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की तथा अन्य कार्यों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि जनहित सुविधा को देखते हुए जल्द से जल्द मरम्मत एवं अन्य कार्यों को पूरा किया जाए। इस अवसर पर नगर परिषद के प्रशासक सतेंद्र सिवाच, ईओ रविंद्र कुहार, एक्सईएन मनदीप सिंह सहित अन्य अधिकारी व स्टाफ मौजूद रहा। बैठक में ऊर्जा व परिवहन मंत्री अनिल विज ने नगर परिषद अधिकारियों को अम्बाला छावनी में चल रहे विकास कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कबाड़ी बाजार पुलिया का निर्माण जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने छावनी के विभिन्न क्षेत्रों में नालों व कालोनियों में सफाई व्यवस्था को बनाए रखने, सार्वजनिक शौचालयों का बेहतर रखरखाव करने, स्ट्रीट लाइटों को चैक करने व खराब को ठीक करने व अन्य दिशा-निर्देश दिए।

नगर परिषद अधिकारियों ने बताया कि छावनी में लगभग साढे 13 हजार स्ट्रीट लाइटें सीसीएमएस सिस्टम से जुड़ी है, मंत्री अनिल विज ने अन्य लाइटों को भी इसी सिस्टम से जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने छावनी में सीवरेज लाइन बिछाने के कार्य को भी जल्द पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

## तीन दिवसीय दिव्यांग सेवा शिविर का किया आयोजन




**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत।** जैन मंदिर मंडी के प्रांगण में आयोजित तीन दिवसीय दिव्यांग सेवा शिविर में 57 जयपुर कृत्रिम अंग, 35 कैलिपर, 85 व्हील चेयर, 8 जूते, 62 वाकर, 8 साइकिल, 90 कान की मशीन एवं अन्य उपकरण मुफ्त वितरित किये। तीन दिन तक चले कैम्प में लगभग 600 विकलांग दिव्यांगों की जाँच की गई। कैम्प के समापन पर पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन ने कृत्रिम अंग वितरित करते हुए दिव्यांगों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए समाजसेवी संस्थाओं के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि दिव्यांग कृत्रिम अंग या उपकरण लेने के बाद छोटा मोटा रोजगार चलाकर अपने परिवार का गुजारा कर सकते हैं। महावीर विकलांग सेवा समिति, जैन मिलन तथा रेडक्रॉस सोसाइटी के संयुक्त प्रयासों से आयोजित शिविर के समापन अवसर पर जैन मंदिर के प्रधान सुरेश जैन अधिवक्ता ने बताया कि जैन समाज पिछले कई वर्षों से इस तरह के सामाजिक कार्यक्रम आयोजित करके समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्तियों की मदद का प्रयास करता रहता है। रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव गौरव रामकरण ने कहा कि सोसाइटी के पास लगातार आवेदन आते रहते हैं और समाजसेवी संस्थाओं के सहयोग से दिव्यांगों की मदद की जाती है । शिविर की सफलता में जैन मिलन, रेड क्रॉस सोसाइटी, दिगंबर जैन समाज, सेवा भारती, संत नामदेव रोहिल्ला टांक उथान संघ, पानीपत एसोसिएशन आर्किटेक्ट एन्ड इंगिनीर्स, नेशनल मेडिकोस आर्गेनाईजेशन, दिव्यांग कल्याण एकता सोसाइटी, महावीर विकलांग सेवा समिति एवं एनवायरो वातसल्य सेवा समिति के सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## शिविर के माध्यम से जनसेवा का दायित्व निभाते हुए प्रशासन कर रहा है लोगों की समस्याओं का समाधान

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत।** उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने बताया कि लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर के माध्यम से जनसेवा का दायित्व निभाते हुए जिला प्रशासन लोगों की समस्याओं का समाधान मौके पर ही किया जा रहा है। लोगों की समस्याओं का निवारण करने के उद्देश्य से जिला व उपमण्डल स्तर पर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि एक ही जगह पर लोगों की सभी विभागों से संबंधित शिकायतें सुनी जाए और उनका निराकरण करवाया जाए। सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने 13 शिकायतों की सुनवाई करते हुए 04 शिकायतों का मौके पर ही समाधान करवाया। इसके अलावा 13 शिकायतों को समाधान के लिए संबंधित विभागों में भेजते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि इनका प्राथमिकता के साथ निवारण करवाएं। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर के माध्यम से जनसेवा को समर्पित होकर प्रशासन व सरकार अपना दायित्व निभा रही है और लोगों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समय पर समाधान करने में समाधान शिविर सरकार की एक अच्छी पहल साबित हो रहें हैं।

## हर समस्या का समाधान सरकार की प्राथमिकता: कृष्ण कुमार

**आह्वान**

**▶▶ प्रशासन का सबल प्रयास, नहीं हो किसी के साथ अन्याय: उपायुक्त डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया हुए सम्मेलन संपन्न**



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**हरियाणा** में सामाजिक न्याय, सशक्तिकरण, अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय (सेवा)मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने सोमवार को द्वितीय तल पर स्थित सभागार में जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि आम व्यक्ति के साथ न्याय करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। जिला कष्टद्द निवारण समिति की बैठक में जो शिकायतें पहुंचती है उनके समाधान का प्रशासन के सहयोग से प्रयास किया जाता है। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने कार्य में पारदर्शिता बरते व जन समस्याओं को ईमानदारीपूर्वक निर्वहन करने का प्रयास करे। समिति की बैठक में 15 सूत्रीय एजेंडे के तहत समस्याओं की सुनवाई हुई। जिसमें 8 समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया व 6 समस्याओं को आगामी सुनवाई के लिए रखा गया व 1 समस्या को रद्द कर दिया गया। इन समस्याओं में 6 समस्याओं को पहली बार रखा गया। उपायुक्त डॉ.विरेन्द्र कुमार दहिया ने मंत्री को आश्वस्त किया कि जो समस्याएं जिला कष्टद्द निवारण समिति की बैठक में पहुंचती है उन पर प्रशासन गंभीरता से कार्य करता है व प्रशासन का यहीं प्रयास रहता है कि किसी के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय न हों। मंत्री ने रमेश चंद्र वासी खंडरा की पिछली बैठक की लंबित शिकायत पर सुनवाई करते हुए इस समस्या पर कार्यवाही की व उसका मौके पर समाधान किया। दूसरी शिकायत भी पिछली बैठक की लंबित शिकायत थी जो टीडीआई से संबंधित थी जिस पर कई देर तक दोनों पक्षों की बात गंभीरतापूर्वक सुनी गई व अंत में मंत्री ने इस समस्या को लेकर 15 दिन का समय दिया और उसे आगामी कार्यवाही के लिए लंबित रखा गया। तीसरी शिकायत दिनेश कौशिक वासी बाल जटान द्वारा रखी गई जो कि पिछली बैठक की लंबित थी।

## मुरलीधर डीएवी में जोयफुल मैथमेटिक्स कार्यशाला आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** मुरलीधर डीएवी पब्लिक स्कूल में सीबीएसई के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय जोयफुल मैथमेटिक्स कार्यशाला का समापन हुआ। इस कार्यशाला में अंबाला, बड़ाड़ा और नारायणगढ़ के विभिन्न स्कूलों से आए 30 गणित शिक्षकों ने भाग लिया और गणित को आनंदमय और रोचक तरीके से पढ़ाने की विधियों को समझा। कार्यशाला में मुरलीधर डीएवी पब्लिक स्कूल की



गणित विशेषज्ञ श्रीमती गौरी वंदना और डीएवी रिवर साइड की प्रधानाचार्या श्रीमती सीमा दत्त ने मुख्य संसाधन व्यक्तियों की भूमिका निभाई। दोनों ने कार्यशाला को अत्यंत प्रभावी बनाते हुए शिक्षकों को गणित को रुचिकर बनाने के तरीकों से परिचित कराया। श्रीमती गौरी वंदना और

**भूमिका निभाई**

**▶▶ सीबीएसई के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय जोयफुल मैथमेटिक्स कार्यशाला का समापन हुआ**

श्रीमती सीमा दत्त ने कठिन गणितीय अवधारणाओं को सरल बनाने और उन्हें खेल एवं लर्निंग बाय डूइंग के माध्यम से पढ़ाने की विधियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने टेंग्राम, फ्रैक्टल, ओरिगामी और सोमा क्यूब जैसे गणितीय उपकरणों का उपयोग करते हुए शिक्षा को प्रभावी बनाने के व्यावहारिक पहलुओं को प्रस्तुत किया। साथ ही, गणित के इतिहास और ऑनलाइन शिक्षण तकनीकों का महत्व भी समझाया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. राधा रमन सूरी ने सीबीएसई का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कार्यशाला शिक्षकों के लिए एक महत्वपूर्ण अनुभव साबित होगी।

## स्टीम प्रदर्शनी में उच्च स्तरीय मॉडलों का प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**पाईट** संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल एनएफएल में स्टीम प्रदर्शनी का आयोजन किया गया । प्रदर्शनी का उद्घघाटन नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटिड पानीपत ईकाई के प्रमुख ई.डी. सुधीर कुमार झा द्वारा किया गया । प्रदर्शनी में कक्षा तीसरी से लेकर ग्याहरवी तक के विद्यार्थियों ने हिस्सा लेते हुए एक से बढ़कर एक मॉडल प्रस्तुत किए । मुख्य अतिथि सुधीर कुमार झा ने विद्यार्थियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह प्रदर्शनी ना केवल बच्चों के रचनात्मक और वैज्ञानिक कौशल को प्रोत्साहित करने का माध्यम बनी , बल्कि उनके भीतर नवाचार और अनुसंधान के प्रति रुचि जागृत



करने में भी सफल रही । प्रदर्शनी में बच्चों ने पर्यावरण सरंक्षण , प्रोद्योगिकी और नवाचार पर आधारित उत्कृष्ट मॉडलो का प्रदर्शन किया । मॉडलों में रोबोट , भूकंप अलर्ट , रेनवॉटर हार्वेस्टिंग , ए पाइनियर, स्मार्ट डिवाइसिस , मनुष्य के जीवन के सोलह संस्कार , फादर ऑफ मॉडर्न लिट्रेचर शेक्सपियर , नॉलेज नेगेट्स ऑफ इंगलिश , जी . एस. टी . , सी. पी.ए., हस्त शिल्प कला तथा गणित की विभिन्न ब्रांचों को अलग - अलग मॉडल द्वारा दशार्या गया । विद्यालय की मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य हरिओम तायल , सुरेश तायल एवं शुभम तायल जी ने विद्यार्थियों के मॉडल का अवलोकन कर बच्चों के प्रयास की सराहना की।

## 2020 के परिपेक्ष में बोर्ड कार्यालय में हुआ 5 दिवसीय कायार्शाला

**भिवानी:** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड में शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् के परख विभाग द्वारा एच.पी.सी. व भारत में सभी बोर्डो की समतुल्यता के संदर्भ में 30 दिसम्बर, 2024 से 03 जनवरी, 2025 तक आयोजित होने वाली 5 दिवसीय कार्यशाला का आरम्भ किया गया।

यह जानकारी देते हुए बोर्ड प्रवक्ता ने बताया कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य शैक्षिक मूल्यांकन में मानकीकरण और सर्वोत्तम प्रथा को बढ़ावा देना है।

## युवा नेता अफसर रावल बने भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल भाजपा के सदस्यता अभियान का महापर्व पूरी गति से चल रहा है। जिसके तहत अभी तक भाजपा पार्टी के प्राथमिक कार्यकर्ता बनाए जा रहे है और अब भाजपा हर बूथ पर सक्रिय कार्यकर्ता बना रही है। पार्टी संगठन के निर्देशानुसार सभी सक्रिय कार्यकर्ता को फॉर्म ने निर्देशित विवरण भरकर पार्टी की सक्रिय सदस्यता ग्रहण करनी है। इसी कड़ी में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष अफसर रावल को रविंद्र रावल भलौर ने भाजपा की सक्रिय सदस्यता ग्रहण करवाई।



भाजपा का सक्रिय सदस्य बनने के बाद अफसर रावल ने कहा कि भाजपा के हर कार्यकर्ता के लिए सक्रिय सदस्य होना बहुत ही गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि भाजपा का सक्रिय सदस्य बनने के लिए कम से कम 50 सदस्यों को प्राथमिक सदस्यता दिलवाना जरूरी है और सभी कार्यकताओं की अथक मेहनत के बाद ही भाजपा दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बना हैं। भाजपा पार्टी जनहित से जुड़ी पार्टी है। पार्टी की विचारधारा के अनुसार

**सम्मेलन**

**▶▶ सभी सक्रिय कार्यकर्ता को फॉर्म ने निर्देशित विवरण भरकर पार्टी की सक्रिय सदस्यता ग्रहण करते हुए सम्मेलन संपन्न**

अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को सरकार की हर योजना का लाभ दिलवाना है। रावल ने कहा कि सिर्फ भाजपा पार्टी में ही यह संभव है कि एक छोटा सा कार्यकर्ता भी बड़े से बड़े पद पर पहुंच सकता है। हम सभी ने मिलकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत अभियान को सफल बनाना है।

## नागरिकों के लिए उजाले की किरण है जनता समाधान शिविर

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**हरियाणा** सरकार की अनुठी पहल के तहत जिला व उपमंडल स्तर पर आयोजित किये जा रहे समाधान शिविर में शिकायत लेकर पहुंच रहे नागरिकों की समस्याओं पर प्रशासन द्वारा विशेष ध्यान दिया जाता है व समस्याओं का निश्चित अवधि में समाधान किया जाता है। सोमवार को उपायुक्त डॉ.विरेन्द्र कुमार दहिया के दिशानिर्देश पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नरेंद्र पाल मलिक ने जिला सचिवालय के प्रथम तल पर स्थित सभागार में जन सुनवाई करते हुए कहा कि समाधान शिविर उन लोगों के लिए उजाले की किरण है जो जो ना उम्मीदी में




जी रहे थे। प्रशासन ने समाधान शिविर लगाकर जरूरतमंदो की सुध ली व उनकी समस्याओं का तत्काल समाधान किया।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कहा कि हमें नव वर्ष को खुशीपूर्वक मनाना चाहिए व नैतिकता का परिचय देते हुए अपनी संस्कृति को नहीं भूलना चाहिए। बच्चों को भी इस दिन को मयार्दा में रहकर मनाना चाहिए। उन्होंने सभी को आगामी नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि वे जो भी समस्याएं समाधान शिविर में पहुंच रही है उन्हें गंभीरता से ले व उनका तत्काल समाधान करने का प्रयास करे। समाधान शिविर में शिकायतकर्ता अश्विनी, कृष्ण, नीतू, अनिता

**शिविर**

**▶▶ एक अन्य प्रार्थी ने प्रशासन से अनुरोध किया कि वह 70 प्रतिशत दिव्यांग है। लेकिन अभी तक उन्हें दिव्यांग पैंशन का लाभ नहीं मिल पाया**

बरेजा ने जनहित में एक समस्या के समाधान की गुहार लगाई। उन्होंने अपने प्रार्थना पत्र में प्रशासन से विनती की कि फतेहपुरी चौंक से जाने वाली सडक पर जो सर्विस सैंटर है उससे आने वाले पानी से लोगों को सडक पर पानी जमा होने से असुविधा का सामना करना पड़ता है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल कार्यवाही करने की अपील की। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने सीएमसी को संज्ञान लेने के निर्देश दिए। प्रार्थी पहल सिंह गांव किवाना ने प्रशासन से प्रार्थना की कि उनकी उम्र 53 वर्ष हो चुकी है।

अभी तक शादी नहीं हुई। उन्होंने प्रशासन से अविवाहित पैंशन का लाभ देने की प्रार्थना की। मुख्य कार्यकारी अधिकारी डीएसडब्लयूओ को संज्ञान लेने के निर्देश दिए। एक अन्य प्रार्थी राजरूप ने प्रशासन से अनुरोध किया कि वह 70 प्रतिशत दिव्यांग है। लेकिन अभी तक उन्हें दिव्यांग पैंशन का लाभ नहीं मिल पाया है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने तत्काल पैंशन बनवाने के निर्देश दिए।

## श्री फाउण्डेशन ट्रस्ट ने किया ग्राम खुखराना में वुलन जर्सी एवं जूतों का वितरण

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन ) श्री फाउण्डेशन** ट्रस्ट, श्री सीमेन्ट, यूनिट पानीपत द्वारा अपने सी०एस०आर० कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्राम खुखराना के राजकीय प्राथमिक पाठशाला में वुलन जर्सी एवं जुतों का वितरण किया गया। श्री सीमेन्ट के देवेन्द्र माथुर, उप-महाप्रबन्धक, कार्मिक एवं प्रशासन ने बताया की बढती सर्दी को ध्यान में रखते हुए पूर्व की भाँति श्री फाउण्डेशन ट्रस्ट, श्री सीमेन्ट, यूनिट पानीपत द्वारा शासकिय प्राथमिक पाठशाला के कक्षा 1 से कक्षा 8 तक के 150 बच्चों को वुलन जर्सी प्रदान की गई। उक्त आयोजन में पाठशाला



प्रिसिपल शीला देवी और अन्य प्राध्यापकगण, खुखराना ग्राम के सरपंच प्रतिनिधि नरेश कुमार, सरपंच सदस्य मुकेश, तेजबीर, प्रदीप, विरेन्द्र एवं अन्य गणमान्य ग्रामवासी एवं श्री सीमेन्ट के देवेन्द्र माथुर, सोमबीर सिंह, प्रियंका चौधरी, राहुल भाद्ववाज, एवं रंजीत सिंह भी मौजूद रहें। समस्त बच्चे वुलन जर्सी पाकर बहुत खुश एवं उत्साहित थे। प्रिसिपल शीला देवी और अन्य प्राध्यापकगण ने श्री सीमेन्ट को धन्यवाद दिया एवं उनके द्वारा समय समय पर किये जा रहें सामाजिक कार्यों की प्रंशसा की।

# बच्चों के समग्र विकास मे धर्म एवं संस्कृति का प्रभाव एक शक्तिशाली माध्यमः डा. श्रीप्रकाश

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र; शिक्षा मनुष्य जीवन** के परिष्कार एवं विकास की कुंजी मानी गई है। शिक्षा मानव सभ्यता के विकास क्रम में संस्कृति का सोपान है। शिक्षा मानव को उसके अतीत और वर्तमान के सन्दर्भ में उसके अस्तित्व की पहचान देते हुए भविष्य का मार्ग प्रशस्त करती है। परिवार ज्यादातर बच्चों के लिए सांस्कृतिक प्रभाव का प्राथमिक स्रोत है। परिवार के मूल्य, विश्वास और प्रथाएँ बच्चे की दुनिया की समझ को आकार देती है। बच्चों के समग्र विकास मे धर्म एवं संस्कृति का प्रभाव एक शक्तिशाली माध्यम है। यह विचार मातृभूमि शिक्षा मंदिर द्वारा बच्चों के समग्र विकास में संस्कृति शिक्षा का महत्व विषय पर आयोजित शिक्षा संवाद कार्यक्रम में मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने व्यक्त किए।



कार्यक्रम का शुभारम्भ मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण से हुआ। विद्यार्थियों ने संस्कृति शिक्षा भी सम्बन्धित प्रेरक प्रसंग प्रस्तुत किये। डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा संस्कृति शिक्षा बच्चों को देश की विरासत, संस्कृति, कला, संगीत, भाषा, दर्शन, ज्ञान, और जीवन शैली के बारे में सीखने का अवसर देती है। यह हमारी असीमित संस्कृति की जानकारी, समझ और उससे जुड़ी दृष्टि को विस्तार देता है जो हमें अपने समय के साथ साथ अन्य धर्म, संस्कृति और समुदायों से भी मेल जोल करने में मदद करती है। संस्कृति शिक्षा के द्वारा बच्चों को जिज्ञासा और अन्वेषण के साथ बेहतरीन अनुभव होते हैं, तो इससे उन्हें सीखने के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने में मदद मिलती है जो उनके जीवन भर मार्गदर्शन करती है। आज की वैश्वीकृत दुनिया में व्यक्तिगत और व्यावसायिक सफलता के लिए संस्कृतिक कौशल भी आवश्यक हैं। डा.श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा आज संस्कृति शिक्षा के आभाव में अभारतीय जीवनशैली के परिणाम स्वरूप ज्ञान के क्षेत्र में भारतीय और अभारतीय ऐसे दो भाग हो गए हैं। आज भारतीय ज्ञानधारा के समक्ष अनेक प्रश्न खड़े हो गए हैं, और दोनों का मिश्रण हो गया है। चारों ओर भ्रम फैला हुआ है, उचित-अनुचित, सही-गलत और करणीय-अकरणीय का विवेक लुप्त हो गया है। धर्म और ज्ञान से मार्गदर्शन प्राप्त करना भूलकर सरकार से सहायता की कामना कर रहे हैं।

# भारतीय जनता पार्टी के सांगठनिक चुनावों के मद्देनजर हुई बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**


**कुरुक्षेत्र : कुरुक्षेत्र के भाजपा** जिला कार्यालय में पार्टी के सांगठनिक चुनावों के संदर्भ में थानेसर मंडल की बैठक मंडल अध्यक्ष हरीश अरोड़ा की अध्यक्षता में हुई। जिला मीडिया प्रभारी शैलेश वत्स ने बताया कि इस बैठक में थानेसर मंडल चुनाव अधिकारी व वक्ता के तौर पर पूर्व जिलाध्यक्ष राज कुमार सैनी ने शिरकत की।वर्तमान जिलाध्यक्ष श्री सुशील राणा ने मुख्यातिथि व मुख्य वक्ता के तौर पर शिरकत की व कार्यकर्ताओ व पदाधिकारियों को सम्बोधित किया व पार्टी की गतिविधियों से अवगत करवाया। इस बैठक में भाजपा के कार्यकताओं ने आगामी चुनावों के लिए रणनीति और कार्यप्रणाली पर विस्तार से चर्चा की। जिलाध्यक्ष सुशील राणा ने बैठक में भाग लेने वाले सभी कार्यकताओं को पार्टी की नीतियों और सांगठनिक ढांचे को मजबूती से लागू करने के लिए प्रेरित किया। बैठक में पार्टी के विभिन्न स्तरों पर कार्यकताओं को अधिक सक्रिय और संगठित होने का आह्वान किया गया। साथ ही, आगामी चुनावों में पार्टी के लिए अधिक से अधिक समर्थन जुटाने के लिए योजनाएं तैयार की गईं। जिलाध्यक्ष ने यह भी कहा कि भाजपा अपने कार्यकताओं की मेहनत और समर्पण से ही सत्ता में लौटी और सभी ने एकजुट होकर काम किया । इस अवसर पर जिला महामंत्री तेजीन्द्र गोल्डी,जिला मीडिया प्रभारी शैलेश वत्स, मंडल महामंत्री गौरव भट्ट,बाबू राम टाया,श्याम लाल जांगड़ा,विवेक रावत,रेनू खुगर,वार्ड 27 से दिलेर शर्मा, दीपक आश्री व अन्य पदाधिकारी और पार्टी के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



## न्यूज फ्लैश

### गुरुग्राम में लेज फूड ट्रक में अपना सिग्नेचर टच लेकर आए शेफ विकास खन्ना

**गुरुग्राम।** वेय टू लेज फूड ट्रक अपने स्नैक्स को क्यूलेनरी मास्टरपीस में बदलने के सफर को जारी रखते हुए, अब गुरुग्राम के सेक्टर 56 मार्केटप्लेस में पहुंच गया है। इस अनूठी पहल के तहत, लेज ने वेय टू लेज कॉन्सेप्ट को एक नई ऊंचाई पर पहुंचाया है, जहां स्नैक्स को पारंपरिक तरीके से परोसने के बजाय, उन्हें नए-नए तरीके से पेश किया गया है। इस मौके पर जाने- माने शेफ विकास खन्ना ने अपनी अनोखी कुकिंग स्टाइल से वेय टू लेज फूड ट्रक में चार चांद लगाए। अपनी परंपरा और इनोवेशन के मेल के लिए मशहूर, शेफ खन्ना ने लेज से प्रेरित विशेष व्यंजन बना कर गुरुग्राम के लोगों का दिल जीत लिया। लोगों ने इस अनोखे अनुभव का आनंद लेते हुए देखा कि कैसे लेज के क्रंची चिप्स को स्वादिष्ट और आकर्षक व्यंजनों में बदला जा सकता है। पेप्सिको इंडिया की मार्केटिंग डायरेक्टर, सौम्या राठौर ने इस पहल पर कहा, लेज को लोगों के प्यार और उनके द्वारा बनाए गए क्रिएटिव रेसिपीज से प्रेरणा मिलती है। इसी जुनून ने हमें वेय टू लेज फूड ट्रक शुरू करने के लिए प्रेरित किया। यह केवल चिप्स परोसने से ज्यादा है; यह उन पलों को सेलिब्रेट करने के बारे में है जो लोगों को जोड़ते हैं, मुस्कान फैलाते हैं, और हर बाइट में खुशी लाते हैं। हमें खुशी है कि यह अनुभव अब और भी लोगों तक पहुंचेगा।




लेज चिप्स को स्थानीय स्वाद और वैश्विक ट्रेंड्स से प्रेरित रेसिपीज में शामिल करते हुए, यह उत्सव साधारण स्नैक को नए रोमांचक क्यूलेनरी क्रिएशंस में बदल देता है। मेन्यू में क्रंची टॉपिंग्स, स्वादिष्ट बेस, और चौंकाने वाले ट्विस्ट शामिल हैं, जो हर बाइट में स्वाद की नई परिभाषा देते हैं। इस यात्रा की शुरूआत दिल्ली के विभिन्न स्थानों पर सेलिब्रिटी शेफ्स जैसे कुणाल कपूर, मनीष मेहरोत्रा और प्रसिद्ध फूड क्रिएटर शिवेश भाटिया ने की थी। उन्होंने लेज से प्रेरित रेसिपीज को अपने अनोखे अंदाज में प्रस्तुत किया।

### विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर जागरूक किया

**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) पुलिस** अधीक्षक लोकेन्द्र सिंह आईपीएस के मागदर्शन में जिला पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाई गई मुहिम के तहत पुलिस टीम ने सोमवार को बिहौली स्थित हिमगिरी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों बारे जानकारी देकर जागरूक किया। नशा मुक्त अभियान के जिला के नोडल अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक समालखा नरेंद्र सिंह ने कहा कि नशा शरीर और मस्तिष्क पर बहुत गलत प्रभाव डालता है। नशा का आदी होना आसान है परंतु इसकी लत से छुटकारा पाना बेहद मुशिकल है। नशा व्यक्ति के शरीर के लिये तो हानिकारक है ही साथ में यह अपराध करने का मुख्य कारण भी बनता है। जो व्यक्ति नशा करने लग जाता है वह पैसे ना होने पर अपराधिक वारदातों को अंजाम देने शुरू कर देतें है। विद्यार्थी नशे से दूर रहकर पढ़ाई के साथ साथ खेलों में हिस्सा लेकर जीवन को सवारें। खेल हमे नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करते है। समाज के अन्य लोगों को भी नशे से दूर रहने बारें प्ररित करें। जिला व गांव को नशा मुक्त करने में पुलिस का सहयोग करें। उप पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने इस दौरान विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों की जानकरी देकर जीवन में नशा न करने की शपथ दिलाई।

### हरियाणा की रंजिश का अमेरिका में बदला

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले के एक युवक** की अमेरिका में गोली मार कर हत्या कर दी गई। इस वारदात को 12 साल पुराने रंजिश से जोडकर देखा जा रहा है। इसी रंजिश से बचने के लिए युवक अमेरिका भागा था, उसका चाचा भी जेल से आने के बाद अपनी जान बचाने के लिए विदेश भाग गया था। युवक अमेरिका में ड्राइविंग का काम करता था। रात को वह अपनी ट्राला लेकर जा रहा था, तभी हाईवे पर उसने अपनी गाड़ी रोकी। ट्राला में लगे कैमरे में घटना से पहले का दृश्य रिकॉर्ड हुआ है। घटना से पहले का सामने आए वीडियो में दिखता है कि सागर हाईवे पर ट्राला चला रहा था।

# पुलिस ने वाहनों पर लगाई रिफ्लेक्टर टेप

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : जिला पुलिस द्वारा** सर्दी के मौसम मे पडने वाली धुन्ध को देखते हुऐ वाहनों पर विशेष रुप से ट्रैक्टर-ट्राली पर रिफ्लेक्टर टेप लगाकर नियमों की जानकारी दी। जिला यातायात पुलिस ने शुगर मिल शाहबाद के अधिकारियों के साथ मिल में मिल में गन्ने लेकर आऐ ट्रैक्टर-ट्रालियो पर टेप लगाकर वाहन चालको को सर्दी के मौसम विशेषकर धुन्ध मे सावधानी बरतने के दिशा-निर्देश दिये। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता नें बताया कि पुलिस अधीक्षक श्री वरुण सिंगला के निदेर्शानुसार यातायात पुलिस टीम ने शाहाबाद सहकारी चीनी मिल शाहबाद किसानों के लगभग 200 ट्रैक्टर-ट्रालियों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाई गई ताकि आने वाले धुंध के दौरान होने वाले सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। इस दौरान पुलिस टीम ने शुगर मिल में मौजूद किसानों को यातायात नियमों के बारे जानकारी दी। किसानों को संबोधित करते हुए डीएसपी यातायात रोहताश सिंह ने कहा कि अपने वाहन को अपनी लेन में चलाए ही चलायें, अपने वाहन को सड़क पर खड़ा न करे, वाहन निर्धारित गति में चलाए तथा अपने आगे चलने वाले वाहन से दूरी रखें । किसानों को जागरूक करते हुए उप पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नशा करके वाहनों को ना चलायें । आमजन से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि सर्दी के मौसम अपने निजी वाहनों पर रेडियम टेप लगाएं जिससे कि पीछे वाले वाहन की लाइट से आगे के वाहन का पता चल सके। उन्होने कहा कि सर्दी के मौसम में वाहन चालकों को खास सतर्कता बरतते हुए वाहन चलाने की आवश्यकता है। ठंड के मौसम में कोहरे के कारण सड़क हादसों के मामले बढ़ जाते हैं क्योंकि कोहरे के कारण विजिबिलिटी कम हो जाती है। उप पुलिस अधीक्षक ने किसानों और आमजन को नशा ना करने बारे भी जागरूक किया । डीएसपी ने नशे से होने वाले दुष्प्रभावों को विस्तार से बताया तथा आमजन को नशे से दूर रहने बारे प्रेरित किया।



# विवाह शगुन योजना का लाभ लेने के लिए करें ऑनलाइन पंजीकरणः नेहा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : उपायुक्त नेहा सिंह** ने कहा कि मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। अब लाभार्थियों को विवाह के ऑनलाईन पंजीकरण करवाने के उपरान्त ही योजना का लाभ दिया जाएगा। इसके लिए लाभपात्र विवाहिता की शादी का ई-दिशा पोर्टल पर पंजीकरण होना अत्यंत आवश्यक है। उपायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का लाभ लेने वाले परिवार को अपनी बेटी की शादी के 6 महीने पूरे होने से पहले ऑनलाइन पंजीकरण करवाना होगा। पंजीकरण करने उपरान्त ही विवाहित कन्या के माता-पिता को उक्त योजना का अनुदान दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अनुसूचित एवं विमुक्त जाति के परिवार का नाम बीपीएल सूची में है तो उसको कन्या विवाह शगुन योजना के अंतर्गत 71 हजार रुपए का लाभ दिया जाएगा। सभी वर्गों की विधवाओं, बेसहारा महिला, अनाथ बच्चे, बीपीएल सूची में है या उनकी आय एक लाख 80 हजार रुपए से कम है तो उनको इस योजना में 51 हजार रुपए का अनुदान दिया जाएगा।बी.पी.एल सूची में सामान्य या पिछड़े वर्ग के परिवार को 31 हजार रुपए का लाभ होगा।

# रॉयल परिवार द्वारा बच्चों को गर्म स्वेटर, जूते, मिठाई की वितरित



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः रॉयल परिवार** द्वारा इस अवसर पर बढ़ती ठंड से बचाव हेतु राजकीय प्राथमिक विद्यालय थानेसर -1 के सभी छोटे छोटे बच्चों को जर्सी, जूते व जुराब वितरित किए गए। नगर परिषद की अध्यक्षा उमा सुधा इस नेक कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि रही। उन्होंने उक्त संस्था द्वारा की जा रही निःस्वार्थ समाज सेवा की प्रशंसा की। खंड शिक्षा अधिकारी थानेसर इंदू कौशिक की गरिमापूर्ण उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा और बढ़ गई। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम का मंच संचालन अमित मलिक द्वारा किया गया।

# गीता भवन ट्रस्ट परिसर में भजन संध्या एवं भंडारा आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरूक्षेत्र :श्री कुरुक्षेत्र** जीर्णोद्धार समिति द्वारा ब्रह्मसरोवर स्थित गीता भवन ट्रस्ट परिसर में सोमवती अमावस्या के उपलक्ष्य में रविवार रात्रि भव्य भजन संध्या एवं भंडारे का आयोजन किया गया। ट्रस्ट के वाईज चेयरमैन केके गुप्ता पटियाला वाले ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ सभी पदाधिकारियों द्वारा ज्योत प्रज्जवलित करके किया। भजन संध्या के दौरान करनाल से गायिका उर्मिल अरोड़ा और सुनील छाबड़ा ने मधुर भजनों से समां बांधा। प्रवचनों में बताया गया कि वेदों का पढ?ा आसान हो सकता है लेकिन जिस दिन आपने किसी की वेदना को पढ़ लिया तो समझो ईश्वर का सान्निध्य पा लिया। इस दौरान सुनाए गए भजन जो बोएगा वही काटेगा,तेरा किया सामने आएगा काफी सराहा गया। कार्यक्रम में कलाकारों द्वारा भव्य झांकी भी प्रस्तुत की गई। ट्रस्ट द्वारा सभी सहयोगियों को सम्मान चिंह दिए गए। आयोजित विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।



# करनाल के युवक की न्यूयॉर्क में हार्टअटैक से मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले के गांव** कुंजपुरा के 27 वर्षीय युवक मनीष की न्यूयॉर्क में हार्टअटैक से मौत हो गई। युवक को रात में खाना खाने के बाद सीने में दर्द हुआ था। परिजनों ने उसे 15 महीने पहले 38 लाख का कर्ज लेकर न्यूयॉर्क भेजा था। मनीष के बड़े भाई कर्ण दीप ने बताया कि मनीष न्यूयॉर्क में किराए के कमरे में रहता था। रात को खाना खाने के बाद उसकी तबीयत खराब हुई। सीने में तेज दर्द होने पर उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# 'हमारी संस्कृति हमारी विरासत' विषय पर वार्षिकोत्सव मनाया

**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**समालखा डीएवी** सैंटनरी पब्लिक स्कूल समालखा में 'हमारी संस्कृति हमारी विरासत' विषय पर आधारित वार्षिकोत्सव मनाया गया । इसके भव्य आयोजन के साथ-साथ शैक्षणिक तथा खेलो के पुरस्कार भी विद्यार्थियों को वितरित किए गए। इस कार्यक्रम में हमारी संस्कृति की पहचान तथा इसके उत्थान एवं धरोहर के रूप में इसके महत्व को विभिन्न नृत्य नाटिकाओं के द्वारा रंगमंच पर प्रस्तुत किया गया। सर्वप्रथम सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलित कर गणेश वंदना द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में नर्सरी कक्षा से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा के माध्यम से अपनी संस्कृति को विभिन्न प्रकार से प्रस्तुत कर उपस्थित अतिथियों अभिभावकों तथा विशिष्ट अतिथियों को मंत्र मुग्ध किया। विद्यार्थियों ने हरियाणवी नृत्य, शिव तांडव, स्वामी दयानंद जी के जीवन पर आधारित नृत्य नाटिका तथा विभिन्न संस्कृतियों से संबंधित नृत्य प्रस्तुत किए। भारत देश की विशिष्ट उपलब्धि चंद्रयान को वैज्ञानिक विचार का आधार बनाकर प्रदर्शित करने का अद्भुत प्रयास भी विद्यार्थियों के द्वारा किया गया। बच्चों की विशेष प्रतिभाओं का मूल्यांकन करते हुए अतिथियों द्वारा उनकी प्रशंसा की गई तथा उन्हें पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य भव्या शर्मा द्वारा अतिथियों को शॉल, पौधा तथा समृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया। इस कार्यक्रम में महेश चोपड़ा सेक्रेटरी डीएवी कालेज प्रबंधक समिति दिल्ली ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। वशिष्ठ अतिथियों के पर गीता विश्वविद्यालय नौलथा से प्रो कुलपति अंकुश बंसल, समाजसेवी सतयवीर गुप्ता, इसराना ब्लॉक अध्यक्ष राजवीर सिंह, समालखा से पार्षद रेणु धीमान, अजय शर्मा, संजय बेनीवाल, कुलभूषण अरोड़ा, दीपक शर्मा, देवेंद्र सहरावत, डॉक्टर दिलावर प्रधानाचार्य शाह सतनाम कॉलेज सिरसा, डीएवी की विभिन्न शाखों के प्रधानाचार्य, स्कूल स्टाफ एवं विद्यार्थी गण उपस्थित रहे।




# गुरुकुल के शाश्वत का भाषण रहा जिला में प्रथम

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**


**कुरुक्षेत्रः गुरुकुल कुरुक्षेत्र** के छात्र शाश्वत आर्य के हिन्दी भाषण को जिला में प्रथम चुना गया है जिसके लिए उसे प्रमाण-पत्र एवं स्मृति-चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार एवं प्राचार्य सूबे प्रताप ने इस उपलब्धि पर शाश्वत सहित शिक्षक गुरमीत सिंह व रवि कुमार को बधाई दी। डॉ. प्रवीण कुमार ने बताया कि इंडियर रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा 23 से 28 दिसम्बर 2024 तक राजकीय विद्यालय सैक्टर-13, कुरुक्षेत्र में जिला स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस ट्रेनिंग कैम्प का आयोजन किया गया जिसमें गुरुकुल के छात्र शाश्वत आर्य, चित्रांश, अभिषेक, माही प्रताप और विक्रमादित्य ने भाग लिया। कैम्प में दौरान ह्यमोबाइल का दुरुपयोगह्य विषय पर हुई भाषण प्रतियोगिता में शाश्वत आर्य ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जिसके लिए शिविर अध्यक्षा श्रीमती अंजू कश्यप ने उसे स्मृति-चिन्ह और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। डॉ. प्रवीण कुमार ने बताया कि इस तरह के कम्पटिशन में भाग लेने से छात्रों के ज्ञान में वृद्धि होती है, साथ ही उनका आत्मविश्वास बढ़ता है जिससे वे भविष्य में होने वाले कम्पटिशन को आसानी से फेस कर सकें।

# कैंप में दिव्यांग बच्चों के लिए समावेशी शिक्षा पर दिया जोर

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : खंड बाबैन** में खंड स्तरीय दो दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अध्यापकों, अभिभावकों, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए आयोजित किया गया, जिसमें दिव्यांग बच्चों और समावेशी शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के उप-प्राचार्य श्री ओमप्रकाश जी ने की। उन्होंने दिव्यांग बच्चों को समाज की मुख्यधारा में शामिल करने और उनके विकास के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल देते हुए इस जागरूकता अभियान की शुरूआत की। कार्यक्रम में विशेष वक्ता के रूप में उपस्थित विशेष अध्यापक श्री राजेश कुमार जी ने वीडियो प्रस्तुति के माध्यम से स्पेशल ओलंपिक भारत (रडइ) की जानकारी दी और खंड एवं जिला स्तर पर दिव्यांग बच्चों के लिए आयोजित गतिविधियों के बारे में सभी को जागरूक किया। इसके अतिरिक्त, श्रीमती मीनल शर्मा जी ने दिव्यांगता के सभी 21 प्रकारों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने पीपीटी के माध्यम से लर्निंग डिसएबिलिटी (सीखने में कठिनाई) और मानसिक मंदता (टील्ल३' फी३१३ेंल्ल) जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डाला, जो दिव्यांग बच्चों के समग्र विकास और उनकी आवश्यकताओं को समझने में सहायक साबित हुआ।कार्यक्रम के मंच संचालन का कार्य श्री विकास शर्मा जी ने कुशलतापूर्वक निभाया। इस अवसर पर राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से वरिष्ठ प्रवक्ता श्री रविंद्र कुमार, बीआरपी अमित कुमार, खंड के विभिन्न विद्यालयों के अध्यापक, एसएमसी सदस्य, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, दिव्यांग बच्चों के माता-पिता और अन्य विशेष अध्यापक भी उपस्थित रहे।

इस कार्यक्रम ने समाज के विभिन्न वर्गों को एक मंच पर लाकर दिव्यांग बच्चों के जीवन को बेहतर बनाने और समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया।



**पहल**

**▶▶ दिव्यांग बच्चों के जीवन को बेहतर बनाने और समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया**

# कैंप में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र/इस्माईलाबाद : राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इस्माईलाबाद के प्रांगण में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के चौथे दिन स्वयंसेवकों ने लक्ष्य गीत गाकर शुभारंभ किया।सभी स्वयंसेवकों ने योगासन किया।आज शिविर में भिन्न भिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।जिसमें खो खो,दौड़,बैडमिंटन और क्रिकेट में स्वयंसेवकों ने भाग लिया।खो खो में निधि , स्नेहा, निकिता ,नवनीत,संजना, रिम्पी और अमरजीत की टीम ने जीत हासिल की। दौड़ में परमीत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।स्नेहा रांगरे ने बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ पर व्याख्यान देते हुए कहा कि बेटियों में भी अद्वितीय प्रतिभा है। सामान्य ज्ञान पर एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें दो टीमों ने भाग लिया, जिसमें टीम बी के सदस्यों ने जीत हासिल की। इस टीम में निधि, नवनीत, हिमांशी, नीतिका, अमरजीत, नीतू, रिंपी और बलजिंदर, अमन आदि शामिल रहे। शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉक्टर हवा सिंह की देखरेख में सभी कार्य किए।इस अवसर पर कार्यकारी प्रभारी बलविंदर सिंह,वरिष्ठ प्रवक्ता राजेंद्र बिंदल, यशपाल शर्मा, संदीप फोगाट, संदीप तंवर, अशोक कुमार व मोहित यादव उपस्थित रहे।














# '2 जनवरी से शुरू होगा आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** उत्तर-पश्चिम जिले के नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में भारत सरकार के गृह मंत्रालय के सौजन्य से राजघाट स्थित गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति में एक आठ दिवसीय 16वां आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 2 जनवरी से 8 जनवरी 2025 तक किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ व झारखंड राज्य के नक्सल प्रभावित 6 जिलों के लगभग 200 प्रतिभागी शामिल होने आ रहे हैं। इस अवसर पर एक प्रेस वार्ता में दिल्ली के राज्य निदेशक डॉ. लाल सिंह व उत्तर पश्चिम जिले के अधिकारी डॉ. एम अजीम अंसारी ने बताया कि इस अवधि में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम एवं महामहिम राष्ट्रपति या उपराष्ट्रपति से युवाओं की मुलाकात हो सकती है तथा प्रशासन और समाज के विभिन्न अधिकारी तथा विशेषज्ञ अतिथि युवाओं को प्रेरित करेंगे। इस अवधि में युवाओं को दिल्ली के विभिन्न ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण भी कराया जाएगा। बाकि कार्य दिवस में अपनी-अपनी सकारात्मक विचारों से भी प्रभावित युवाओं को प्रेरित करेंगे और कार्यक्रम के दौरान अपने-अपने क्षेत्रों की सांस्कृतिक गतिविधियों का प्रदर्शन भी करेंगे। भारत सरकार के गृह मंत्रालय का इन युवाओं को देश की प्रगति और विकास से सीधा जुड़ाव हेतु यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण कार्यक्रम है।






# दिल्ली में विधानसभा चुनाव और बोर्ड परीक्षाओं के बीच तालमेल को लेकर चिंता में शिक्षक संघ

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली में विधानसभा चुनाव का माहौल बन चुका है। उपलब्ध तथ्यों के अनुसार, फरवरी के पहले सप्ताह में चुनाव होने की संभावना है। इस संदर्भ में राजकीय विद्यालय शिक्षक संघ के महासचिव अजय वीर यादव ने अपनी गहरी चिंता व्यक्त करते हुए भारत निर्वाचन आयोग और मुख्य निर्वाचन अधिकारी, दिल्ली को पत्र लिखा है। यादव ने अपने पत्र में कहा है कि जनवरी के पहले सप्ताह से ही दिल्ली के सभी स्कूलों में बोर्ड प्रैक्टिकल परीक्षाएं शुरू हो जायेगी, जो बोर्ड परीक्षाओं का हिस्सा हैं। इसके चलते स्कूलों में बोर्ड परीक्षाओं का माहौल पहले ही बन जाता है। दूसरी ओर, विधानसभा चुनाव की घोषणा भी लगभग तय मानी जा रही है। हालांकि बोर्ड परीक्षाओं की तारीखें चुनाव के बाद हैं, लेकिन जनवरी का महीना छात्रों के लिए बेहद महत्वपूर्ण होता है। यह समय उनके सिलेबस का रिवीजन, विषय संबंधी समस्याओं का समाधान और बच्चों को मनोवैज्ञानिक समर्थन देने का होता है। ऐसे में शिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है।



**चुनाव ड्यूटी का शिक्षण कार्य पर प्रभाव:** चुनाव आयोग ने शिक्षकों की ड्यूटी बीएलओ के रूप में और प्रधानाचार्यों की ड्यूटी फ्लाइंग स्क्वाड और सेक्टर ऑफिसर के रूप में लगाई है। इससे स्कूलों में शिक्षण कार्य बाधित हो सकता है।

# ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट ने किया बैठक का आयोजन

## 'वक्त की पुकार' कार्यक्रम को लेकर दिल्ली के कई इलाको में की जा रही है बैठके: खन्ना ढिकोलिया





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: ऑल इंडिया** वाल्मीकि यूथ फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष खन्ना ढिकोलिया ने बताया कि ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट के द्वारा दिल्ली के शाह ओडिटोरियम में 'वक्त की पुकार' कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। जिसकी तैयारियों को लेकर दिल्ली के कई इलाको में बैठके की जा रही है। श्री ढिकोलिया ने बताया कि दिल्ली के आजादपुर, मंगोलपुरी, बुराडी, तीस हजारी, पहाडगंज, सिविल लाईन, दिल्ली गेट और त्रिलोक पुरी सहित कई इलाको में बैठके आयोजित की गई। उन्होंने आगे बताया कि यह कार्यक्रम आगामी 8 जनवरी को बड़े ही भव्य रूप में आयोजित किया जायेगा।

इस मौके पर ओम दत्त चंडालिया, दीपक बग्गा, जगदीश खैराल, दिनेश लौदे, सुरेन्द्र सूद, नरेश कीर, अनिल ढिलौड, विजय पार्चा, विक्की कामवाल, पुष्पा टॉक, बीना लुक्खड, पुष्पा टॉक, पिंकी सूद, राजू, संजीव, विनोद सोनवाल, सागर कुमार, विशाल ढिकोलिया सहित कई लोग मौजूद रहे।

# मेट्रो की लापरवाही से सदर बाजार में हो सकता है बड़ा हादसा: परमजीत सिंह पम्मा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सदर बाजार में मेट्रो का कार्य चल रहा है, मगर मेट्रो के कर्मचारी कई जगह भारी लापरवाही कर रहे हैं, जिसके कारण कोई बड़ा हादसा हो सकता है। फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेडर्स एसोसिएशन के चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा व अध्यक्ष राकेश यादव ने कहा कि सदर बाजार में मेट्रो के कर्मचारी काफी लापरवाही से कार्य कर रहे हैं। एक तरफ तो वह किसी समय भी रास्ते कहीं-कहीं घंटे तक बंद कर देते हैं इसके कारण दूर तक जाम लग जाता है और उनके कर्मचारी जाम खुलवाने के लिए कार्य भी नहीं करते, दूसरी तरफ सामान इधर-उधर ले जाने में काफी लापरवाही की जा रही है हमारे संज्ञान आया कि सुरक्षा के मापदंडों का उल्लंघन किया जा रहा है। जो कि कोई भी हादसे का कारण हो सकता है। परमजीत सिंह पम्मा व अध्यक्ष राकेश यादव ने बताया कि हमारी मेट्रो अधिकारियों के साथ पहले भी बैठक हो चुकी है जिसमें यह तय हुआ था कि दिन में कोई रास्ता बंद नहीं किया जाएगा, मगर मेट्रो कर्मचारी की मनमानी से लोग काफी परेशान हो रहे हैं।




परमजीत सिंह पम्मा व राकेश यादव ने बताया कि मेट्रो कर्मचारी ने जगह बंद कर रखी है और वहां पर थोड़ा बहुत सामान रखा हुआ है जिसके कारण व्यापारियों को काफी नुकसान हो रहा है।

# दयानंद वत्स ने मृणाल सेन की पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन किये अर्पित

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: नेशनल मीडिया** नेटवर्क के राष्ट्रीय अध्यक्ष व शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने मुख्यालय बरवाला में सुप्रसिद्ध फिल्म निमार्ता और निर्देशक मृणाल सेन को उनकी छठवीं पुण्यतिथि पर उनके करोडों प्रशंसकों की ओर से अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। अपने संबोधन में स्वर्गीय मृणाल सेन को याद करते हुए दयानंद वत्स ने कहा कि उन्होने अपने साढे चार दशक के फिल्म निर्माण कैरियर में मध्यमवर्गीय समाज की समस्याओं पर यथार्थ परक फिल्में बनाकर समानांतर सिनेमा को नई दिशा प्रदान की।



दयानंद वत्स ने कहा कि मृणाल सेन ने भारतीय सिनेमा को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई।

# कशिश काव्य मंच की गोष्ठी शानदार तरीके से संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: कशिश काव्य** मंच के बैनर तले यमुना विहार के मनकामेश्वर मंदिर के सभागार में एक शानदार काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। काव्य गोष्ठी के मुख्य अतिथि डॉ अशोक मधुप रहे एवं अध्यक्षता श्रीराधे श्याम बंधु ने की।

पवन मल्होत्रा के संयोजन एवं कंचन वार्ष्णेय के संचालन में दिल्ली-एनसीआर से आए कई वरिष्ठ साहित्यकार वंन्धुओं ने काव्य पाठ किया एवं कशिश काव्य मंच के कार्यक्रम को बहुत सराहा गया। काव्य गोष्ठी का शुभारंभ कवि संजय कुमार गिरि द्वारा सरस्वती वंदना से किया गया। इस कार्यक्रम में दूर-दूर से आए साहित्यकार डॉ राधेश्याम बंधु, डॉ अशोक मधुप, कुमार रोहित दिल्ली से एनसी खंडेलवाल, डॉ रवि घायल, विनोद ढींगरा, राजन जी फरीदाबाद से, डॉ नीलम बाबरा मन, कवि पत्रकार एवं चित्रकार संजय कुमार गिरि, अंजू अग्रवाल, उत्साही दिल्ली से डॉ ऋतु अग्रवाल, प्रदीप वार्ष्णेय मेरठ से, गुरमीत सिंह मरजाना बदायूं बिल्सी से पधारे ओजस्वी जौहरी जी, अरुण उपाध्याय नोएडा से जितेंद्र यादव अभिनाश गौमूर्ति, चंचल माहौर, शांति राना, शांति चंदौसी से तनुजा नारवारा (सचिव) लीला कृष्ण (सचिव) सहित एवं करनाल से आए संस्था के संयोजक और महामंत्री पवन मल्होत्रा एवं संस्था के संरक्षक राजेन्द्र जुनेजा ने मिलकर संस्थापिका और अध्यक्षा कंचन वार्ष्णेय को 5100 की धनराशि प्रदान करते हुए शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया।



सभी पदाधिकारियों का सहयोग सराहनीय रहा। कार्यक्रम अत्यंत सफल रहा।

# दिल्ली विधानसभा चुनाव में लहरायेगा कांग्रेस पार्टी का परचम: बालेराम

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: कांग्रेस नेता** बालेराम ने बताया कि कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है। यही कारण है कि देश के कोने-कोने में कांग्रेस का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की सेवा कर रहा है। उन्होंने आगे बताया कि आज जो आप दिल्ली में विकास देख रहे है, उसका श्रेय केवल कांग्रेस पार्टी को ही जाता है। क्योंकि कांग्रेस पार्टी जो कहती है, वह करके दिखाती है। उन्होंने आगे बताया कि हम जनसंपर्क के दौरान जहां पर भी जा रहे है, जनता कांग्रेस को शासन में देखना चाहती है। उन्होंने बताया कि जनता कहती है कि कांग्रेस वादे की पक्की है, जो वादे करती है वह पूरे करके दिखाती है।



# संजय सिंह की पत्नी का सुल्तानपुर यूपी और दिल्ली दोनों जगह में वोट होने के मामले की चुनाव आयोग जांच करें: देवेन्द्र यादव

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली प्रदेश** कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि राज्यसभा सांसद, आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह के खिलाफ चुनाव आयोग जांच करे कि कैसे उनकी पत्नी अनीता सिंह हल्फनामे के अनुसार वो उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर की वोटर अपने को सिद्ध करती है, जबकि संजय सिंह प्रेस वार्ता करके उनका नाम दिल्ली की मतदाता सूची से कटवाने का आरोप लगा रहे है। नई दिल्ली क्षेत्र में उन्होंने वोट डालकर बाहर निकलने के बाद का फोटो भी रिलीज किया है। रिप्रेजेंटेशन ऑफ पीपल एक्ट की धारा 31 के तहत यह दंडनीय अपराध हैं। देवेन्द्र यादव ने कहा कि तथाकथित ईमानदार केजरीवाल के सिपाही कहने वाले संजय सिंह अपनी स्थिति स्पष्ट करें कि अगर उनकी पत्नी ने दिल्ली का वोटर होते हुए वोट किया है तो फिर अनीता सिंह ने शपथ पत्र में सुल्तानपुर, उत्तर प्रदेश का वोटर होने की बात क्यों लिखी? जो गैर कानूनी है। चुनाव आयोग और कानून लागू करने वाली एजेंसियों को दोषियों को दंडित करने के लिए सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। देवेन्द्र यादव ने कहा कि भाजपा और आम आदमी पार्टी के नेता पूवार्चंल और रोहिंग्या शरणार्थियों के वोट कटवाने की राजनीति करके दिल्ली वालों का ध्यान दिल्ली के रुके हुए विकास और मौजूदा परेशानियों से ध्यान भ्रमित करने की नौटंकी कर रही है। जब एक चुनाव के आखिरी समय तक वोट बनता है तो क्यों संजय सिंह चर्चा का विषय बनकर लोगों का ध्यान अपनी पार्टी की ओर आकर्षित कर रहे हैं।



# केजरीवाल ने कोर्ट को गुमराह करने के लिए पुजारी ग्रंथी योजना घोषित की: वीरेन्द्र सचदेवा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली भाजपा** अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की आम आदमी पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल अब एक हारे हताश सुल्तान हैं जो आवाज लगा-लगा कर रोज नई लोक लुभवनी घोषणाएं कर रहे हैं ताकि किसी तरह सत्ता में बने रह सकें। पत्रकार सम्मेलन में अधिवक्ता रुक्मणी सिंह एवं मीडिया टीम सदस्य यासिर जिलानी भी उपस्थित थे। केजरीवाल दिल्ली में जहां भी जाते हैं लोग उनसे दिल्ली के ठप्प विकास पर, शीशमहल के निर्माण पर, एक पर एक बाटी शराब बोतलों पर तो सवाल पूछते ही हैं साथ में उन 62 मौतों पर भी जवाब मांगते हैं जो इस वर्ष मानसून में जल-जमाव में डूबने और बिजली करंट लगने से हुईं, ऐसे में बेबस अरविंद केजरीवाल अब सपनों के सौदागर बन कर फिर से आम आदमी को ठगना चाह रहे हैं। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा की अरविंद केजरीवाल अब जितनी भी घोषणाएं कर लें दिल्ली वाले उनका यकिन नहीं करने वाले।




# जनता का साथ, हमारा प्रयास, मिलकर करेंगे, बुराड़ी विधानसभा में विकास: मंगेश त्यागी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली** विधानसभा चुनाव-2025 को लेकर कांग्रेस पूरी तरह से तैयार है। दस साल तक दिल्ली की सत्ता से दूर रहने के बाद कांग्रेस किसी भी तरह की कोई कमी नहीं छोड़ना चाहती है और दिल्ली में ज्यादा से ज्यादा सीटें हांसिल करने के लिए ऐड़ी से चोटी तक का जोर लगाने में जुटी हुई है

जिसको लेकर कांग्रेस के शीर्ष नेताओं सहित कार्यकर्ता भी कमर कसें हुए है। इसी कड़ी में बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी मंगेश त्यागी लगातार जनता के बीच बने हुए है और निरंतर जनता के बीच जाकर जनसंवाद भी कर रहे है। इसी कडी में त्यागी ने बुराड़ी विधानसभा के नत्थूपुरा में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। तो वहीं बुराड़ी विधानसभा के प्रधान इन्क्लेव, ई-1 ब्लॉक स्थित शिव मंदिर में शनि देव की प्रतिमा स्थापना एवं प्राण-प्रतिष्ठा में सम्मिलित भी हुए। इस बीच पूजा पाठ के बाद भंडारे का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं सहित क्षेत्र के सैंकड़ो लोग उपस्थित रहे। मंगेश त्यागी ने कहा कि दिल्ली के लोगों को केजरीवाल ने पूरे ग्यारह वर्षों तक बेवकूफ बनाकर रखा है। लेकिन दिल्ली की जनता अब केजरीवाल की बातों में नहीं आने वाली है, दिल्ली के लोग अब जागरूक हो गए है। इस बार दिल्ली की जनता केजरीवाल की आप सरकार को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाकर दिल्ली में फिर से कांग्रेस की सरकार को लाने का मन बना चुकी है। मंगेश ने कहा कि क्षेत्रीय आप विधायक संजीव झा ने बुराड़ी क्षेत्र की जनता को वोट बैंक से बढ़कर कुछ नहीं समझा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में एक भी काम नहीं किया गया है, जिससे क्षेत्र की जनता को कुछ हद तक राहत भी मिल सके। त्यागी ने कहा कि इस बार मुझ पर विश्वास दिखाकर भारी मतों से जीत दिलाएं तो मैं अपने क्षेत्र की जनता से वादा करता हूं क्षेत्र में विकास को लेकर लोगों के बीच रहकर काम करूंगा।







ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 31 दिसंबर 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group




**फास्ट न्यूज**

## बांकुड़ा में पकड़ी गई बाघिन जीनत

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाता:** ओडिशा के सिमलीपाल टाइगर रिजर्व से पश्चिम बंगाल पहुंची बाघिन जीनत, बांकुड़ा जिले में पकड़ी गई है। ये फिलहाल कोलकाता के अलीपुर चिड़ियाघर के पशु चिकित्सा अस्पताल में है। अधिकारियों ने बताया कि जीनत स्वस्थ है और उसकी देखभाल विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में की जा रही है। पश्चिम बंगाल के वन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को जानकारी दी कि तीन वर्षीय बाघिन को रविवार दोपहर बेहोश करने वाले इंजेक्शन के जरिए पकड़ा गया। उसे रात के समय बांकुड़ा से कोलकाता लाया गया। अस्पताल पहुंचने पर उसकी स्वास्थ्य जांच की गई। सोमवार सुबह तीन पशु चिकित्सकों और चिड़ियाघर कर्मियों ने दोबारा उसका परीक्षण किया।

## बहराइच की 50 हजार टन हल्दी खरीदेंगे रामदेव

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडेक्ट (ओडीओपी) योजना का असर लगातार दिख रहा है। अन्नदाता किसानों के लिए सीएम योगी के प्रयासों का ही नतीजा है कि योगगुरु स्वामी रामदेव बहराइच की हल्दी खरीदने के लिए आगे आए हैं। इसका इस्तेमाल वे आयुर्वेदिक दवाओं को बनाने में करेंगे।

# सुविधा और सुरक्षा पर डबल इंजन सरकार का फोकस

### मुख्य स्नान पर्वों के दिन प्रयागराज रेलवे स्टेशनों पर अलग-अलग होंगे एंट्री और एग्जिट के रास्ते

**टीम एक्शन इंडिया**

**महाकुम्भनगर:** महाकुम्भ 2025 को लेकर प्रयागराज रेल मण्डल ने अपनी लगभग सभी तरह की प्लानिंग और तैयारियां पूरी कर ली हैं। इसके साथ ही मुख्य स्नान पर्वों जैसे मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या, वसंत पंचमी और माघी पूर्णिमा के दिन आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या के हिसाब से प्रयागराज रेल मण्डल के सभी स्टेशनों पर एंट्री और एक्जिट के प्लान तैयार कर लिए गए हैं। स्टेशन परिसर में श्रद्धालुओं को किसी तरह की अफरा-तफरी और समस्याओं



से बचाने के लिए एंट्री और एग्जिट के अलग-अलग रास्ते बनाए गए हैं। मालूम हो कि अनुमान के मुताबिक महाकुम्भ में आने वाले 45 करोड़ श्रद्धालुओं में से लगभग 10 करोड़ श्रद्धालु ट्रेन से प्रयागराज आएंगे। महाकुम्भ को सफल बनाने के लिए डबल इंजन की सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों के क्रम में प्रयागराज रेल मण्डल अनुमान के

**योजना**

▶▶ 3000 मेला स्पेशल ट्रेनों के साथ लगभग 13000 ट्रेनें चलाने की योजना पर काम कर रहा है

हिसाब से महाकुम्भ के दौरान 3000 मेला स्पेशल ट्रेनों के साथ लगभग 13000 ट्रेनें चलाने की योजना पर काम कर रहा है।

**सभी स्टेशनों पर अलग-अलग एंट्री और एग्जिट की व्यवस्था**

महाकुम्भ के मुख्य स्नान पर्वों पर प्रयागराज रेल मण्डल के स्टेशनों पर एंट्री और एक्जिट प्लान के बारे में जन संपर्क अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि मुख्य स्नान पर्वों के दिन प्रयागराज जंक्शन में एंट्री या प्रवेश केवल सिटी साइड, प्लेटफोर्म नं.-1 की ओर से दिया जाएगा और एक्जिट सिविल लाइंस साइड की ओर से ही होगा।

अनारक्षित यात्रियों कों दिशावार, उनके गन्तव्य स्टेशन के हिसाब से यात्री आश्रय स्थलों के माध्यम से सही ट्रेन और उसके प्लेटफॉर्म की ओर ले जाया जाएगा।

## कमलनाथ ने किसानों से अवैध वसूली के आरोपों को लेकर साधा निशाना

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल। मध्य प्रदेश** में सोयाबीन बेचने के लिए खरीदी केंद्रों पर पहुंचने वाले किसानों से नाफेड सर्वेयरों द्वारा 400 रुपये की अवैध वसूली के आरोप के मामले में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने मोहन सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से मांग की है कि पूरे प्रदेश में एमएसपी पर सोयाबीन की खरीद व्यवस्था की विस्तृत जांच कराएं और किसानों का सोयाबीन सही कीमत पर बिना भ्रष्टाचार के बेचना तय कराएं। कमलनाथ ने सोमवार को अखबार में छपी एक खबर के हवाले से अपने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि प्रदेश के सोयाबीन किसान एक बार फिर से भ्रष्टाचार का शिकार बन रहे हैं। सोयाबीन की सरकारी खरीद में हर बोरे पर 400 रुपये की रिश्वत लेने के आरोप अत्यंत गंभीर है। इसी भ्रष्टाचार का नतीजा है कि प्रदेश में तय सीमा से आधा सोयाबीन ही एमएसपी पर खरीदा जा सका है। पूर्व सीएम ने आगे कहा कि मध्य प्रदेश के किसान के दर्द को इसी बात से समझा जा सकता है कि कभी तो उसे सही समय पर खाद नहीं मिलता, उसके बाद नकली बीज उसे परेशान करते हैं।

## शीतलहर से बचाव में धामी ने बढ़ाई तत्परता

**बचाव**

▶▶ सड़कों पर यातायात बाधित न हो, आवश्यक संसाधनों का उचित प्रबंधन सुनिश्चित करने को कहा



**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून। मुख्यमंत्री** पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को उत्तराखंड में शीतलहर से बचाव के लिए राज्य सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने शीतलहर से बचाव के लिए जरूरी उपायों की निर्देशित किया ताकि आम जनता और विशेष रूप से जरूरतमंदों को कोई परेशानी न हो। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि शीतलहर से बचाव के लिए रेन बसेरों में सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं और इनका समय-समय पर निरीक्षण किया जाए। इसके अलावा जरूरतमंदों को कंबल, दस्ताने, मौजे और अन्य राहत सामग्री उपलब्ध कराई जाए। शीतलहर के दौरान अलाव की व्यवस्था की गई है, इसके बारे में लोगों को सूचित किया जाए ताकि वे ठंड से बच सकें। मुख्यमंत्री ने बर्फबारी के कारण सड़कों पर यातायात बाधित न हो, इसके लिए आवश्यक संसाधनों का उचित प्रबंधन सुनिश्चित करने को कहा।

## मप्र के थाने में युवक की आत्महत्या मामले ने पकड़ा तूल

**टीम एक्शन इंडिया**

**देवास:** मध्य प्रदेश के देवास जिले में दो दिन पहले एक युवक के सतवास पुलिस थाने में आत्महत्या करने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। कांग्रेस इस मामले को लेकर राज्य सरकार पर हमलावर है। रविवार को कांग्रेस ने दिनभर विरोध प्रदर्शन करने के बाद अब पार्टी नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भी भाजपा पर पर निशाना साथा है। उन्होंने सोमवार को सोशल मीडिया



के माध्यम से उन्होंने कहा कि देवास में दलित युवक की पुलिस कस्टडी में हत्या की गई, जो दुखद, शर्मनाक और अत्यंत निंदनीय है। इस मामले में राहुल गांधी ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स के माध्यम से कहा, "एक तरफ मध्य प्रदेश के देवास में दलित युवक की पुलिस कस्टडी में हत्या की गई, दूसरी तरफ ओडिशा के बालासोर में आदिवासी महिलाओं को पेड़ से बांधकर पीटा गया है। ये दोनों घटनाएं दुखद, शर्मनाक और अत्यंत निंदनीय हैं। भाजपा की मनुवादी सोच के कारण उनके शासन वाले राज्यों में एक के बाद एक इस तरह की घटनाएं हो रही हैं।

## पर्यटन स्थल ब्रह्मताल व भेकलताल पर्यटकों से हुआ गुलजार

**टीम एक्शन इंडिया**

**गोपेश्वर: बर्फबारी के बाद** चमोली जिले के देवाल विकास खंड के पर्यटन स्थल ब्रह्मताल, भेकलताल, झंडीटैप, लोहाजंग इन दिनों पर्यटकों से गुलजार है। नया वर्ष सेलिब्रेट करने के लिए यहां पर्यटकों का जमवाडा लगने लगा है। लगातार पर्यटकों का आवाजाही का सिलसिला जारी है। जिससे क्षेत्र के पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों के चेहरे खिल उठे है। भेकलताल, मानेश्वर महादेव गुफा, देवाल, ग्वालदम को पर्यटन की दृष्टि से पर्यटकों की पहली पसंद माना जाता है।

**नजीर** उद्योगों को त्वरित और पारदर्शी सेवाएं प्रदान करने के लिए "वन टाइम रजिस्ट्रेशन" की सुविधा

## उद्योग और रोजगार के नए युग की ओर अग्रसर उत्तर प्रदेश

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ: मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन के क्षेत्र में नए मानदंड स्थापित कर रहा है। योगी सरकार का लक्ष्य प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था में बदलना है और इसके लिए कई महत्वाकांक्षी परियोजनाएं प्रारंभ की गई हैं। योगी सरकार ने न केवल औद्योगिक क्षेत्रों में बल्कि श्रम सुधारों और सामाजिक कल्याण की दिशा में भी व्यापक बदलाव किए हैं, बल्कि प्रदेश को व्यापार और निवेश के लिए एक आकर्षक गंतव्य भी बनाया है।



**औद्योगिक सुधार और रोजगार नीति से प्रदेश में बना अनुकूल वातावरण**

योगी सरकार ने रोजगार सृजन और उद्योगों के लिए एक अनुकूल वातावरण बनाने के लिए कई सुधार किए हैं। उद्योगों को त्वरित और पारदर्शी सेवाएं प्रदान करने के लिए वन टाइम रजिस्ट्रेशन की सुविधा शुरू की गई है। इसके तहत व्यापारियों और उद्यमियों को अनेक प्रक्रियाओं से मुक्त किया गया है। महिला श्रमिकों को प्रोत्साहन देने के लिए विशेष योजनाएं शुरू की गई हैं। पॉटरी, कारपेट, पीतल, और ताला उद्योग में महिला श्रमिकों को रोजगार के विशेष अवसर दिए गए हैं। इन योजनाओं ने न केवल महिला श्रमिकों की भागीदारी बढ़ाई है, बल्कि उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त भी बनाया है। आईटी और वस्त्र उद्योगों में कामकाजी घंटों को 8 से बढ़ाकर 12 किया गया है।

**भागीदारी**

▶▶ इन योजनाओं ने न केवल महिला श्रमिकों की भागीदारी बढ़ाई है, बल्कि उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त भी बनाया है

